संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | करनाल, शनिवार, 06 जनवरी 2024 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

वर्ष: 09 अंक: 06 पृष्ठ: 12

RNI : HARHIN/2016/68417

actionindiaharyana@gmail.com | हरियाणा संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group



दिल्ली के जसोला में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान भारी संख्या में लाभार्थी उमड़ पड़े।

## फास्ट न्यूज

### कोलकाता पुलिस को मिली भारतीय संग्रहालय को बम से उड़ाने की धमकी

**कोलकाता:** कोलकाता पुलिस को शुक्रवार को टेरराइजर 111 ग्रुप की तरफ से एक ईमेल भेजा गया, जिसमें भारतीय संग्रहालय को बम से उड़ाने की धमकी दी गई। ईमेल देखने के बाद बम स्कॉड तुरंत मौके पर पहुंची और एक सप्ताह के लिए वहां पर्यटकों की एंट्री पर रोक लगा दिया गया। धमकी भरे मेल में कहा गया था कि भारतीय संग्रहालय के भीतर कई बम रखे गए हैं जिससे किसी भी क्षण विस्फोट हो सकता है। इस मेल के बाद संग्रहालय के भीतर जांच की गई। पिछले कुछ दिनों से भारत के कई क्षेत्रों को बम से जुड़ी धमकियां दी गई है और ज्यादातर धमकियां फर्जी ही निकली। बंगलूरू में इसी तरह की धमकियों के कारण एक दिन तक सभी स्कूलों को बंद रखा गया था। एक संदिग्ध व्यक्ति ने कर्नाटक के राजभवन को बम से उड़ाने की धमकी थी। हालांकि, गिरफ्तारी के बाद व्यक्ति ने बताया कि उसने यह अपनी उत्सुकता बढ़ाने के लिए किया था।

### गैंगस्टर दाऊद इब्राहिम की चार संपत्तियों की नीलामी

**मुंबई:** 1993 के मुंबई बम धमाकों के मास्टरमाइंड दाऊद इब्राहिम पर भारतीय जांच एजेंसियां लगातार शिकंजा कस कर रही है। इसी क्रम में, प्रशासन ने दाऊद की कई प्रॉपर्टियों को नीलाम करने का फैसला लिया। आतंकवादी दाऊद की मां अमीना बी के नाम पर महाराष्ट्र के रत्नागिरी जिले के खेड़ तालुका में जो चार संपत्तियां हैं, उनकी आज नीलामी की गई। ये सभी चार संपत्तियां कृषि योग्य हैं और खेड़ के मुंबके गांव में स्थित हैं। इन संपत्तियों का मूल्य 19 लाख से अधिक बताया जा रहा है। दाऊद इब्राहिम के परिवार के सदस्यों की दो संपत्तियां शुक्रवार को तस्कर और विदेशी मुद्रा का हेरफेर (संपत्ति की जब्ती) अधिनियम के तहत सक्षम अधिकारी द्वारा आयोजित नीलामी में बेची गईं।महाराष्ट्र के रत्नागिरी जिले के खेड़ तहसील के मुंबके गांव स्थित चार संपतिययां आज नीलामी के लिए उपलब्ध थी, लेकिन उनमें से दो के लिए किसी ने बोली नहीं लगाई। हालांकि अन्य संपतियों के लिए क्रमश चार और तीन बिल्डरों ने बोली लगाई और एक व्यक्ति ने इन दोनों संपतियों के लिए सफल बोलीदाता बना। करीबन 170.98 वर्ग मीटर तक फैली कृषिभूमि वाली जमीन पर 2.01 करोड़ रुपये की बोली लगी। इस संपत्ति की नीलामी 15,440 के आधार मूल्य पर शुरू हुई थी। वहीं एक अन्य 1730 वर्ग मीटर फैली कृषिभूमि वाली जमीन पर 3.28 करोड़ की बोली लगी। नीलामी दक्षिण मुंबई के आयकर भवन में आयोजित की गई थी। 1993 के मुंबई बम विस्फोट के मुख्य अपराधी दाऊद इब्राहिम के मौजूदा समय में पाकिस्तान में होने की उम्मीद जताई जा रही है।

## जल जीवन मिशनः 14 करोड़ ग्रामीण घरों में नल कनेक्शन लगाने की उपलब्धि हासिल की

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**केंद्रीय** जल शक्ति मंत्रालय ने जल जीवन मिशन के तहत देश में 14 करोड़ (72.71 प्रतिशत) ग्रामीण परिवारों को नल जल कनेक्शन प्रदान करने का महत्वपूर्ण मील का पत्थर पार कर लिया है। केवल चार वर्षों में ग्रामीण नल कनेक्शन 3 करोड़ से बढ़कर 14 करोड़ हो गया है।जल शक्ति मंत्रालय द्वारा जारी रिपोर्ट के अनुसार जल जीवन मिशन ने गोवा, तेलंगाना, हरियाणा, गुजरात, पंजाब, हिमाचल प्रदेश और तीन केंद्र शासित प्रदेशों पुडुचेरी, डी एंड डी एंड एनएच और ए एंड एन द्वीप समूह ने शत प्रतिशत कनेक्शन के आंकड़े तक पहुंच गया। इसी तरह से मिजोरम में 98.68 प्रतिशत, अरुणाचल प्रदेश में 98.48 प्रतिशत और बिहार में 96.42 प्रतिशत नल जल कनेक्शन देने का कार्य पूरा हो



चुका है। इसके साथ 2 लाख से ज्यादा गांव और 161 जिले अब 'हर घर जल' पहुंच गया है। घरेलू कनेक्शन के अलावा जल जीवन मिशन ने देश भर में 9.24 लाख (90.65 प्रतिशत) स्कूलों और 9.57 लाख (86.63 प्रतिशत) आंगनवाड़ी केंद्रों में नल के पानी की आपूर्ति सुनिश्चित की है। 112 आकांक्षी जिलों में नल के पानी की पहुंच लांच के समय 21.41 लाख (7.86 प्रतिशत) घरों से बढ़कर आज 1.96 करोड़ (72.08 प्रतिशत) घरों तक पहुंच गई है।
5.29 लाख से अधिक ग्राम जल और स्वच्छता समितियां व पानी समितियां

**मील का पत्थर**

8 112 आकांक्षी जिलों में नल के पानी की पहुंच आज 1.96 करोड़ (72.08 प्रतिशत) घरों तक पहुंच गई है

बनाई गई हैं। साथ ही पेयजल स्रोत प्रबंधन, ग्रेवाटर उपचार और गांव में जल आपूर्ति प्रणालियों के नियमितीकरण के लिए 5.17 लाख ग्राम कार्य योजनाएं बनाई गई हैं। गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए 23.55 लाख से अधिक महिलाओं को फील्ड टेस्टिंग किट (एफटीके) का उपयोग करके पानी के नमूनों का परीक्षण करने के लिए प्रशिक्षित किया गया है।

### पृथ्वी योजना' के लिए 4797 करोड़ रुपये मंजूर, केंद्रीय मंत्रिमंडल ने लगाई मुहर

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**केंद्रीय** मंत्रिमंडल ने उप योजनाओं को क्लब करने के लिए पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी हैं। सरकार ने शुक्रवार को 2021 से पांच साल की अवधि में 4,797 करोड़ रुपये की लागत से पृथ्वी विज्ञान पहल को मंजूरी दे दी हैं। इस योजना में वायुमंडल और जलवायु अनुसंधान मॉडलिंग अवलोकन प्रणाली और सेवाएं, महासागर सेवाएं, मॉडलिंग अनुप्रयोग, संसाधन और प्रौद्योगिकी, ध्रुवीय विज्ञान और क्रायोस्फीयर अनुसंधान, भूकंप विज्ञा और विज्ञान का अध्ययन शामिल हैं।

# बंगाल में ईडी की टीम पर हमला

= कई ईडी अधिकारी जख्मी हो गए, कई के सिर फट गए, मीडियाकर्मियों को पीटा गया

**सियासी उबाल**

8 गाड़ियों में तोड़फोड़ की गई। मीडिया कर्मियों को भी नहीं बख्शा गया। उनके फोन छीन लिए गए

**टीम एक्शन इंडिया/कोलकाता**
**राशन** घोटाले की जांच के सिलसिले में केंद्रीय एजेंसी ईडी ने शुक्रवार सुबह कोलकाता तथा उससे सटे जिले उत्तर 24 परगना में कुल 12 जगहों पर तलाशी अभियान चलाया। इस क्रम में उत्तर 24 परगना के संदेशखाली में तृणमूल नेता व ब्लाक अध्यक्ष शाहजहां शेख के घर पर छापेमारी करने पहुंची ईडी की टीम पर बड़ी संख्या में उनके समर्थकों ने हमला बोल दिया। उनकी गाड़ियों में तोड़फोड़ की गई। मीडिया कर्मियों को भी नहीं बख्शा गया। उनके फोन छीन लिए गए। जान से मारने की धमकी देकर उनके पासवर्ड पूछे गए।
**कई अधिकारियों के सिर फटे:** इस घटना में कई ईडी अधिकारी जख्मी हो गए। कई के सिर फट गए हैं। परिणामस्वरूप ईडी अधिकारियों को वहां से भागना पड़ा। जख्मी अधिकारियों को स्थानीय कैनिंग अस्पताल में भर्ती कराया गया है।



**जस्टिस गांगुली की टिप्पणी, कहा : सावैधानिक ढांचा ध्वस्त हो गया**

**टीम एक्शन इंडिया/कोलकाता**
**कलकत्ता** उच्च न्यायालय के न्यायाधीश अभिजीत गंगोपाध्याय ने संदेशखाली में ईडी अधिकारियों पर "हमले" के बारे में खुलकर बात की। वकील सुदीप्त दासगुप्ता ने शुक्रवार को इस मामले पर जज का ध्यान आकर्षित किया। उन्होंने जज के सामने पूरी घटना बताई। इसके बाद जस्टिस गंगोपाध्याय ने कहा, ""राज्यपाल यह घोषणा क्यों नहीं कर रहे हैं कि राज्य में संवैधानिक ढांचा ध्वस्त हो गया है?"" इस संबंध में जज ने आगे कहा, "अगर जांच एजेंसी पर हमला हुआ तो जांच कैसे होगी?" संदेशखाली घटना को लेकर केंद्र के डिप्टी सॉलिसिटर जनरल को संबोधित करते हुए जस्टिस गंगोपाध्याय ने कहा, ""मैंने सुना है कि आपके लोग पीटे गए हैं। आप क्या कर रहे थे उनके पास बंदूकें नहीं हैं? गाड़ी नहीं चला सकते?ह्व इसके बाद वकील ने कहा कि ईडी अधिकारियों पर हमले हुए हैं। दो लोग घायल हो गये हैं।

सूत्रों के मुताबिक भीड़ ने अचानक हमला बोल दिया, जिसका केंद्रीय बल के जवानों को अनुमान नहीं था। बड़ी संख्या में लोग होने के कारण जवान अधिकारियों का बचाव भी नहीं कर सके।
**अधिकारियों को चुन-चुनकर पीटा गया:** स्थानीय सूत्रों के मुताबिक टीएमसी नेता के समर्थकों ने डर से जहां-तहां छिपे अधिकारियों को चुन चुनकर पिटाई की है। तृणमूल नेता के समर्थकों ने जवानों के खिलाफ भी विरोध प्रदर्शन किया। स्थानीय थाने के अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे हुए हैं। इलाके में स्थिति बेहद तनावपूर्ण बनी हुई है।
ईडी के अधिकारियों ने जिले के बनगांव में तृणमूल नेता शंकर आढ्य के घर पर भी छापेमारी की।

**ये बनाना रिपब्लिक नहीं...राज्यपाल की ममता को सख्त चेतावनी**

**कोलकाता:** पश्चिम बंगाल में ईडी की टीम पर हमले के बाद मामला अब तूल पकड़ता जा रहा है। अब राज्यपाल सीवी आनंद बोस एक्शन में आ गए हैं। बोस ने ममता सरकार को भी चेतावनी दी है और हमले के बाद गृह सचिव और डीजीपी को भी तलब किया है।
**ममता सरकार को सख्त चेतावनी:** राज्यपाल ने कहा कि ये कोई बनाना रिपब्लिक नहीं है जो ऐसी स्थिति देखने को मिले। ये एक भयानक घटना है जो काफी चिंताजनक है। राज्यपाल ने कहा कि लोकतंत्र में बर्बरता को रोकना एक सभ्य सरकार का कर्तव्य है और यदि ये नहीं होगा, तो संविधान अपना रास्ता अपनाएगा ही। राज्यपाल ने कहा कि मैं उचित कार्रवाई के लिए अपने संवैधानिक विकल्प का उपयोग भी कर सकता हूं।

दोनों टीएमसी नेता राशन घोटाले में गिरफ्तार मंत्री ज्योतिप्रिय मल्लिक के करीबी बताए जा रहे हैं।
**भाजपा बोली- रोहिंग्या ने कानून-व्यवस्था बिगाड़ी:** ईडी पर हमले के बाद पश्चिम बंगाल भाजपा प्रमुख सुकांत मजूमदार का बयान आया है। मजूमदार ने कहा कि इन सभी के खिलाफ शिकायत और भ्रष्टाचार के आरोप हैं।



उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ गणतंत्र दिवस की परेड का अवलोकन करते हुए।

### बीएसएफ जवानों की वाहन पलटी, दुर्घटना में 15 जवान घायल

**कांकेर:** छत्तीसगढ़ के कांकेर और नारायणपुर सीमावर्ती गांव के नजदीक बीएसएफ का एक निजी वाहन पलट गई। वाहन पलटने से बीएसएफ 162वीं वाहिनी के 15 जवान घायल हो गए। इनमें चार जवान गंभीर रूप से घायल हैं। जानकारी के अनुसार, इन जवानों की कांकेर जिले के अंतागढ़ में नक्सली इलाके में तैनाती थी। यह घटना करीब दोपहर 12 बजे रावाघाट थाना क्षेत्र अंतर्गत कुम्हारी के पास हुई, जब वाहन का स्टेरिंग फेल हो गया और वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो गई।

## मंदिर ने अयोध्या तो गलियारे ने काशी में पर्यटकों की बढ़ाई संख्या



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**अयोध्या** में 22 जनवरी को नवनिर्मित मंदिर में राम लला की प्राण प्रतिष्ठा होनी है। इससे पहले राम नगरी सज संवर रही है। हाल ही में यहां पुनर्निर्मित रेलवे स्टेशन और नए एयरपोर्ट का उद्घाटन किया गया जो पूरे क्षेत्र के संपर्क को बढ़ाने में मदद करेगा। इसके साथ ही अयोध्या में अधोसंरचना विकास के लिए ग्रीनफील्ड टाउनशिप की भी आधारशिला रखी गई। इन तमाम कदमों से अयोध्या में पर्यटन को भरपूर बढ़ावा मिल रहा है जिसका फायदा पूरे उत्तर प्रदेश के पर्यटन क्षेत्र को हो रहा है। उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग के आधिकारिक आंकड़े देखें तो राज्य में हर साल पर्यटक बढ़ रहे हैं जिसमें घरेलू और विदेशी पर्यटक दोनों शामिल हैं। साल 2017 में राज्य में कुल 23,75,33,823 पर्यटक आए, जिसमें घरेलू पर्यटक 23,39,77,619 जबकि विदेशी पर्यटक 35,56,204 थे। अगले

**पर्यटन को बढ़ावा**

8 अयोध्या में अधोसंरचना विकास के लिए ग्रीनफील्ड टाउनशिप की भी आधारशिला रखी गई

साल यानी 2018 में इस आंकड़ों में 21.60% का उछाल आया। इस साल कुल 28,88,60,600 सैलानियों ने प्रदेश का दौरा किया, जिसमें भारतीय 28,50,79,848 जबकि विदेशी 37,80,752 थे। 2019 में आंकड़े में एक बार फिर जबरदस्त इजाफा हुआ और 2018 के मुकाबले इस बार 87.14% ज्यादा सैलानी यूपी आए। 2019 में कुल 54,06,00,343 सैलानी प्रदेश आए जिसमें घरेलू 53,58,55,162 और विदेशी 47,45,181 थे। 2019 में प्रयागराज में हुआ अर्ध कुंभ इस इजाफे की बड़ी वजह रहा।

## ज्ञानवापी एएसआई सर्वे रिपोर्ट सार्वजनिक होगी या नहीं, आज फैसला

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
ज्ञानवापी परिसर से संबंधित एएसआई की सीलबंद सर्वे रिपोर्ट के सार्वजनिक करने के मामले में शुक्रवार को भी आदेश नहीं आया। वाराणसी जिला जज डॉ. अजय कृष्ण विश्वेश की अदालत शनिवार को आदेश दे सकती है।
मामले में गुरुवार को अदालत का फैसला आना था, मगर सुनवाई टल गई। इस मामले में आदेश के लिए शुक्रवार की तिथि तय की गई थी लेकिन आज भी सुनवाई टल गई। बता दें कि एएसआई ने जिला जज की अदालत में आवेदन देकर कहा कि 4 सप्ताह तक सर्वे रिपोर्ट सार्वजनिक न की जाए। क्योंकि इलाहबाद हाईकोर्ट ने वर्ष 1991 के लंबित वाद लार्ड विश्वेश्वर मामले में भी सर्वे रिपोर्ट दाखिल करने को कहा है। ऐसे में द्वितीय प्रति तैयार करने में समय लगेगा। इसलिए समय दिया जाए और रिपोर्ट सार्वजनिक न की जाए।
भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) ने जिला जज डॉ. अजय कृष्ण विश्वेश की अदालत में दो सील बंद लिफाफों में ज्ञानवापी की सर्वे रिपोर्ट दाखिल की है।

## राजस्थान सरकार में विभागों का बंटवारा

**सुविधा मुहैया**

8 सीएम भजनलाल के पास गृह समेत आठ विभाग; दीया कुमारी को वित्त की जिम्मेदारी

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**राजस्थान** के राज्यपाल कलराज मिश्र ने शुक्रवार को राजस्थान सरकार में विभागों के आवंटन की लिस्ट जारी कर दी है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के पास गृह



विभाग, आबकारी विभाग और एंटी करप्शन ब्यूरो समेत 8 विभाग हैं। जबकि डिप्टी सीएम दीया कुमारी को वित्त विभाग, पर्यटन विभाग और महिला एवं बाल विकास समेत 6 विभाग मिले हैं। डिप्टी सीएम प्रेम चंद बैरवा को उच्च शिक्षा विभाग और सड़क परिवहन एवं राजमार्ग समेत 4 विभाग मिले हैं।

**डिमांड** अभी से ही मार्केट में राम मंदिर से जुड़ी विभिन्न वस्तुओं की भारी डिमांड हो गई है

# राम लला की प्राण प्रतिष्ठा से देश में होगा 50 हजार करोड़ रुपये का कारोबार

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**अयोध्या के राम** मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह की तैयारियां जोरों पर हैं। देश विदेश से अनेक लोगों को इस समारोह में शामिल होने का निमंत्रण मिला है।
कॉन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) की राष्ट्रीय कोर कमेटी की तीन जनवरी को नागपुर में हुई बैठक में यह पता चला है कि अयोध्या में राम लला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह से देश में 50 हजार करोड़ रुपये का कारोबार होगा। अभी से ही मार्केट में राम मंदिर से जुड़ी विभिन्न वस्तुओं की भारी डिमांड हो गई है। मूर्तियों



और पूजा सामग्री की डिमांड बढ़ रही है। कैट के पदाधिकारियों के अनुसार, राम मंदिर के उद्घाटन ने देश में पूजा पाठ से संबंधित एक बड़े व्यापार के अवसर पैदा किए हैं। कैट के राष्ट्रीय अध्यक्ष बीसी भरतिया एवं राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीण खंडेलवाल ने बताया, राम मंदिर लोगों की आस्था के साथ ही देश में एक बड़े व्यापार का भी केंद्र बन रहा है। खासतौर पर छोटे निर्माता और लघु व्यवसाय करने वाले लोगों के लिए व्यापार के अनेक अवसर सामने आ रहे हैं। देश के विभिन्न शहरों में विशेषकर, घरों से छोटा-मोटा काम करने वाली महिलाओं एवं वंचितों को भी इस आयोजन से

**वस्तुओं की मांग**

8 मंदिर लोगों की आस्था के साथ ही देश में एक बड़े व्यापार का भी केंद्र बन रहा है : कैट

बड़ी मात्रा में रोजगार मिल रहा है। राम मंदिर, देश में आर्थिक संपन्नता का एक बड़ा संदेश देगा। राम मंदिर से देश में 50 हजार करोड़ रुपये से अधिक के व्यापार के कैट के पूर्व आंकड़े से कहीं ज्यादा व्यापार होने जा रहा है।

तीन जनवरी को नागपुर में हुई कैट की राष्ट्रीय कोर कमेटी की बैठक में देश के विभिन्न राज्यों से अनेक व्यापारी नेताओं ने भाग लिया था। अयोध्या के राम मंदिर के उद्घाटन ने देश के विभिन्न प्रदेशों में पूजा पाठ से संबंधित एक बड़े व्यापार के अवसर पैदा किए हैं। बतौर खंडेलवाल, पूजा के लिए विभिन्न आवश्यक वस्तुओं की बड़ी मांग देखने को मिल रही है। जैसे-जैसे 22 जनवरी नजदीक आ रही है, वैसे ही राम एवं पूजा पाठ से जुड़ी वस्तुओं की मांग में भी तेजी आ रही है।

## फ्यूल सेल फ्लाइट का किया सफल परीक्षण

**टीम एक्शन इंडिया/बेंगलुरु**
**भारतीय अंतरिक्ष** एजेंसी (इसरो) को बड़ी सफलता मिली है। दरअसल, इसरो ने शुक्रवार को फ्यूल सेल फ्लाइट का सफल परीक्षण किया है। इसरो ने शुक्रवार को कहा कि उसने अंतरिक्ष में इसके संचालन का आकलन करने और भविष्य के मिशनों के लिए सिस्टम के डिजाइन की सुविधा के लिए डेटा इकट्ठा करने के लिए ईंधन सेल का सफलतापूर्वक उड़ान परीक्षण किया है। इस तकनीक की मदद से ईंधन रिचार्ज किया जा सकता है और इससे कोई उत्सर्जन भी नहीं होता। अंतरिक्ष में ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने और पीने के पानी के लिए यह तकनीक




सबसे बेहतरीन माना जा रहा है।
**हाइड्रोजन और ऑक्सीजन की मदद से बनाई ऊर्जा:** भारतीय अंतरिक्ष एजेंसी ने शुक्रवार को अंतरिक्ष में 100 वॉट श्रेणी के पॉलीमर इलेक्ट्रोलाइट मेंब्रेन फ्यूल सेल पर आधारित पावर सिस्टम का सफल परीक्षण किया है। इसरो ने बीते 1 जनवरी को पीएसएलवी-सी58 मिशन के साथ भी लॉन्च किया था। इस

**सफलता**

8 100 वॉट श्रेणी के पॉलीमर इलेक्ट्रोलाइट मेंब्रेन फ्यूल सेल पर आधारित पावर सिस्टम का सफल परीक्षण किया

परीक्षण के दौरान हाइड्रोजन और ऑक्सीजन गैस की मदद से हाई प्रेशर वेसल में 180 वॉट ऊर्जा उत्पन्न की गई है। इसरो ने बताया कि फ्यूल सेल तकनीक की मदद से हाइड्रोजन और ऑक्सीजन गैस से एनर्जी पैदा की गई। साथ ही, इससे पीने का पानी मिला और कोई उत्सर्जन भी नहीं हुआ।

# मानव सेवा सही मायने में ईश्वर की पूजा है: राजीव जैन

## भारतीय जैन संगठन पूरे देश में समाज सेवा के क्षेत्र में नित नये प्रकल्प शुरू करके नागरिकों को राहत देने का काम कर रहा



**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया** सलाहकार राजीव जैन ने कहा है कि मानव सेवा सही मायने में ईश्वर की पूजा है और भारतीय जैन संगठन पूरे देश में समाज सेवा के क्षेत्र में नित नये प्रकल्प शुरू करके नागरिकों को राहत देने का काम कर रहा है।

राजीव जैन शुक्रवार को संगठन द्वारा संजोग हस्पताल में भारतीय जैन संगठन दिल्ली प्रदेश के सहयोग से लगाए गए मुफ्त प्लास्टिक सर्जरी के कैम्प में उपस्थित समूह को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने अमेरिका से आये डॉ० लैरी की भूरि भूरि प्रशंसा की जो क्रिसमस की छुटियाँ मानाने की बजाये अमेरिका से अपने खर्च पर आकर एक महीना प्लास्टिक सर्जरी के कैम्पों में मरीजों का सफल आप्रेशन कर रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि महंगा उपचार होने के कारण गरीब परिवार जो पैसे खर्चने में सक्षम नहीं हों तो भारतीय जैन संगठन इस सुविधा को उपलब्ध करवाता है। राजीव जैन ने कहा कि भारतीय जैन संगठन पूरे देश में शिक्षा, चिकित्सा, जल जीवन मिशन, अंगदान, मेडिकल कालेज खोलने जैसे अनेकों समाज सेवा के कार्य कर रहा है। उन्होंने आगे कहा कि समाज सेवा करने की इच्छा हर व्यक्ति की रहती है परन्तु जैन संगठन जैसे प्लेटफार्म के माध्यम से ही सेवा उपयोगी होती है। आज 110 मरीजों का चेक अप किया गया और 7 सर्जरी की गई और तीन दिन में टोटल ३५ सर्जरी निशुल्क की जाएँगी ।

**मानवता**

8 गरीब परिवार जो पैसे खर्चने में सक्षम नहीं हों तो भारतीय जैन संगठन इस सुविधा को उपलब्ध करवाता है

इस अवसर पर माई राम कौशिक, डॉक्टर जय किशोर, डॉक्टर संजय जैन, डॉक्टर धनखड़, संजय सुराणा, विजय जैन, मनीष जैन, राजेश जैन, राजेश जैन खींवसरा, प्रदीप संचेती, नरेंद्र जैन, नीरज जैन, प्रमोद जैन, रजत जैन और हस्पताल स्टाफ एवं अन्य मरीजों के साथ आये परिवारजन उपस्थित रहे।


# 'गृहकार्य के साथ-साथ बच्चे नानी और दादी से किस्से जानेंगें'

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)** राजकीय विद्यालयों में पहली से लेकर पांचवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों के शीतकालीन अवकाश के गृहकार्य में बदलाव किया गया है। विद्यार्थी लिखित व याद करने के गृहकार्य के साथ साथ नानी और दादी से किस्से जानेंगें और पुराने रीति रिवाजों के बारे में भी सीखेंगे। अब गृहकार्य में बच्चों का केवल लिखित कार्य और रट्टा मारने से काम नहीं चलेगा। बच्चों को अपने दादा दादी और नाना नानी के साथ वक्त गुजारना होगा और उनके जमाने के किस्से सुनने होंगे '

मौलिक शिक्षा विभाग की ओर से बच्चों को संस्कारवान बनाने के लिए यह कदम उठाया गया है। इतना ही नहीं, यह पुरातन संस्कृति से बच्चों को अवगत कराने का प्रयास है ताकि बच्चे हरियाणवी रीति रिवाज और अपने पारिवारिक इतिहास को जान सकें'

**मौसम का भी रखेंगे ध्यान***

पहली से पांचवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों को शीतकालीन अवकाश के दौरान घर में लगे बिजली के मीटर की प्रतिदिन की रीडिंग जांचनी होगी वहीं सूर्योदय और



सूर्यास्त के समय को नोट करना होगा। इन 15 दिनों में 1 दिन में कितने घंटे धूप निकली इसकी गणना करनी होगी। वहीं रसोईघर में उपलब्ध बर्तनों के नाम, संख्या, आकार, धातु का नाम विद्यार्थियों को पता करना होगा। आटा, दालें और अन्य खाद्य सामग्री की पहचान भी विद्यार्थियों को करनी होगी। इस बारे विभाग द्वारा बाकायदा ङ्ह 39/40-2020 ) क्रमांक से सभी जिला मौलिक शिक्षा अधिकारियों को निर्देश भी जारी किए गए हैं।

पत्र में इस प्रकार दिया गया है अन्य गृहकार्य- अखबार पढ़ना , बिस्तर की तह लगाना, योग व सूर्य नमस्कार करना, दादी और नानी से उनके समय के सोने चांदी व दूध के भाव जानना, दादा-दादी और नाना-नानी के साथ उनकी पसंदीदा फिल्म देखना,

पिता की मोटरसाइकिल और साइकिल कितने किलोमीटर चलती है इसकी दूरी लिखना, नहाने वाले साबुन का नाम, नमकीन, बिस्कुट, टॉफी, चॉकलेट का नाम लिखना, घर में रखी वस्तुओं के नाम लिखना, दादा-दादी और नाना-नानी के साथ फैमिली ट्री बनाना, दादा-दादी और नाना-नानी के पैर दबाना,कम से कम एक भजन या प्रार्थना याद करना, 5 चुटकुले याद करना और कैरम, लूडो आदि खेलना, परिवार की आयु का जोड़ करना, झाड़ू, पोछा, सब्जी और सलाद काटने में परिवार की सहायता करना, घर के कमरों और आँगन की लंबाई और चौड़ाई नापना, सब्जी मंडी में माता पिता के साथ जाना, 10 सब्जियों के रेट कॉपी में लिखना, मोबाइल फोन और टीवी का प्रयोग एक दिन के लिए न करना

*कोट्स:*

# हॉकी गेम्स में साई कुरुक्षेत्र के 2 खिलाड़ियों ने हासिल किया कांस्य पदक



**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र(दलबीर मलिक)** स्कूल गेम्स फैडरेशन ऑफ इंडिया की तरफ से ग्वालियर में 27 दिसंबर से 1 जनवरी 2024 तक राष्ट्रीय हॉकी खेलों का आयोजन किया गया। इन राष्ट्रीय खेलों में हरियाणा की तरफ से कुरुक्षेत्र साई के 2 खिलाड़ियों ने हॉकी टीम का नेतृत्व किया। इन खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन के कारण हरियाणा की टीम ने राष्ट्रीय खेलों में कांस्य पदक हासिल किया है। इन खिलाड़ियों का कुरुक्षेत्र साई सेंटर पर पहुंचने पर साई के सहायक निदेशक बाबुराम, सीनियर कोच कुलदीप सिंह वडैच, हॉकी की चीफ कोच सुदेश शर्मा, हॉकी कोच नरेंद्र ठाकुर ने खिलाड़ियों का स्वागत किया है। साई सेंटर कुरुक्षेत्र में स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया में हॉकी की टीम में शानदार प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों के सम्मान के लिए शुक्रवार को देर सायं एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस सम्मान समारोह में एसजीएफआई में 17 वर्ष आयुवर्ग की राष्ट्रीय हॉकी टीम में हरियाणा टीम की तरफ से कुरुक्षेत्र साई के खिलाड़ी जितेंद्र व हरमनजोत सिंह को एडी बाबुराम ने स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया है। उन्होंने कहा कि साई कुरुक्षेत्र के खिलाड़ी हॉकी, वॉलीबॉल खेलों में राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर शानदार प्रदर्शन कर रहे है। इस साई सेंटर में साई की तरफ से हर प्रकार की उच्चस्तरीय सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा रही है।

**सम्मान**

8 कुरुक्षेत्र साई के खिलाड़ी जितेंद्र व हरमनजोत सिंह को एडी बाबुराम ने स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया

# 'मानव जीवन में बहुत उपयोगी है जैव विविधता'

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत सिसाना** गांव में सरपंच जगबीर की अध्यक्षता में जैव विविधता के बारे में एक सभा का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में हरियाणा राज्य जैव विविधता बोर्ड पंचकूला के जिला समन्वयक सोनीपत श्यो प्रसाद ने बताया कि इस जैविक विविधता- या जैव विविधताः पौधों, जीव जंतुओं में पाई जाने वाली अलग-अलग प्रकार की विशेषताएं जैव विविधता कहलाती है। जैव विविधता हमारे ग्रह पर सभी जीवित चीजों से बनी है। यह सभी तरह के जीवन को समाहित करती है जिसे अरबों सालों के विकास ने आकार दिया गया है। इसमें



सबसे छोटे बैक्टीरिया से लेकर सबसे बड़े पौधों और जानवरों तक, यहां तक कि हमारी अपनी प्रजातियों भी शामिल हैं। जैव विविधता तीन प्रकार की होती है- आनुवंशिक विविधताः यह गुणसूत्रों पर आधारित है जो जीवों के आनुवंशिक संरचना के बीच भिन्नता को दिखाता है। किसी विशेष प्रजाति के जीव अपने आनुवंशिक संरचना में एक दूसरे से अलग होते है। यही वजह है कि हर जीव एक-दूसरे से अलग दिखता है। इसी तरह, चावल, गेहूं, मक्का, जौ, आदि की एक ही प्रजाति में अलग-अलग किस्में होती हैं डिस्ट्रिक्ट कोर्डिनेटर सोनीपत ने ये भी बताया की जैव विविधता का महत्व पृथ्वी पर जीवन को बनाए रखने के लिए इसका रखरखाव करना बहुत महत्वपूर्ण है।

**विविधता**

8 जीव जंतुओं में पाई जाने वाली अलग-अलग प्रकार की विशेषताएं जैव विविधता कहलाती हैं

जानवरों, पौधों और सूक्ष्मजीवों की एक विस्तृत श्रृंखला के बिना, हम स्वस्थ पारिस्थितिकी प्रणालियों की आशा भी नहीं कर सकते हैं।

# भव्य रूप से पुलिस लाइन में गणतंत्र दिवस समारोह मनायेंगे: उपायुक्त

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत उपायुक्त** डा. मनोज कुमार ने कहा कि 26 जनवरी को जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह पुलिस लाइन में भव्य रूप में मनाया जाएगा। उन्होंने सभी अधिकारियों-कर्मचारियों के साथ आम जनमानस का आह्वान किया कि वे राष्ट्रीय पर्व में हिस्सा लेते हुए अपने वीर स्वतंत्रता सेनानियों और शहीदों का स्मरण करते हुए उन्हें नमन करें। जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह के सफल आयोजन की तैयारियों के लिए शुक्रवार को लघु सचिवालय में संबंधित अधिकारियों-कर्मचारियों की बैठक का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता उपायुक्त डा. मनोज कुमार कर रहे थे। उन्होंने गणतंत्र दिवस की तैयारियों पर विस्तार से चर्चा करते हुए हर प्रकार के प्रबंधों के लिए दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आयोजन स्थल पर मंच की सजावट तथा अन्य आवश्यक प्रबंधों को पुख्ता किया जाए। स्वागत द्वारों का निर्माण करवाते हुए सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ करें। उपायुक्त डा. मनोज कुमार ने कहा कि वीर स्वतंत्रता सेनानियों और शहीदों की कुर्बानियों की बदौलत आज हम आजाद हवा में सांस ले रहे हैं।

# अच्छा व्यवहार जीवन में आता है कामः बहन

**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र(दलबीर मलिक)** अच्छा व्यवहार जीवन में हमेशा काम आता है। व्यक्ति को चरित्र निर्माण में ध्यान देना चाहिए। यह विचार ब्रह्मकुमारी बहन सीमा ने शुक्रवार को कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के यूनिवर्सिटी सीनियर सेकेंडरी मॉडल स्कूल में आयोजित सात दिवसीय एनएसएस शिविर के चौथे दिन मुख्य अतिथि के रूप में व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि छात्रों को महान लोगों के जीवन से प्रेरणा लेकर जीवन में आगे बढ़ना चाहिए। अपने व्यक्तित्व के विकास पर ध्यान देना चाहिए।



छात्र जीवन बहुत महत्वपूर्ण होता है। यही जीवन का वह चरण होता है जब छात्रों को अपने भविष्य की मजबूत नींव रखनी होती है। इसलिए छात्रों को अपने चरित्र का निर्माण करते हुए अपने व्यक्तित्व में निखार लाना चाहिए। उन्होंने छात्रों को ध्यान के विषय में बताया। स्कूल परिसर में पहुंचने पर स्कूल के शिक्षक प्रवीण शर्मा ने उनका स्वागत किया।प्रवीण शर्मा ने शिविर में होने वाली गतिविधियों के बारे जानकारी दी। शिविर में छात्रों को काम करने की प्रेरणा दी गई। इस अवसर उनके साथ बहन रीना, भाई रामकुमार उपस्थित थे।

# गणतंत्र दिवस समारोह को लेकर डीसी ने अधिकारियों के साथ ली बैठक



**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार) उपायुक्त** डा. शालीन ने 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के समारोह के आयोजन को लेकर पंचायत भवन अम्बाला शहर के सभागार में विभागाध्यक्षों की बैठक लेते हुए उन्हें उनके विभागों से सम्बन्धित सभी कार्यों को समय रहते पूरा करने के निर्देश दिये ताकि कार्यक्रम का भव्य तरीके से सफलतापूर्वक आयोजन करवाया जा सके। उपायुक्त ने बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि 26 जनवरी को जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन पुलिस लाईन मैदान अम्बाला शहर में किया जायेगा। समारोह के दौरान जिन विभागों द्वारा अपने कर्मचारियों को सम्मानित किया जाना है, उनकी डिटेल प्रोफार्मा अनुसार 8 जनवरी तक भिजवाना सुनिश्चित करें ताकि सम्बन्धित कमेटी द्वारा औपचारिकताएं पूरी करवाकर यह नाम चीफ सैक्रेटरी कार्यालय में भेजे जा सकें। इस दौरान इस बात का ध्यान रखा जाए कि जिस कर्मचारी अथवा अधिकारी को सम्मानित किये जाने के लिये नाम भेजा गया है, उसने अपनी डयूटी के अलावा क्या कार्य किया है, उसका भी उल्लेख होना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि पिछले तीन वर्षों में जिन अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सम्मानित किया जा चुका है, उनका नाम गणतंत्र दिवस समारोह में प्रशंसा पत्र के लिए न भेजा जाए, इस बात का भी ध्यान रखा जाए। उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी को भी निर्देश दिये कि वे स्कूली विद्यार्थियों को कार्यक्रम के दौरान जो प्रस्तुतियां दी जानी हैं, उसका अभ्यास समय रहते शुरू करवाएं। इसके साथ-साथ हायर एजुकेशन व मुलाना विश्वविद्याल की तरफ से सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति हो, इसके लिए उनके साथ समन्वय बनाएं।

**निर्देश**

8 बैठक लेते हुए विभागों से सम्बन्धित सभी कार्यों को समय रहते पूरा करने के निर्देश दिये

उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि समारोह को भव्य एवं शानदार तरीके से मनाने के लिए व समय रहते उनसे सम्बधिंत जो कार्य किए जाने हैं वे उन्हें करना सुनिश्चित करें। समारोह के दौरान निकलने वाली झांकियों के मद्देनजर सम्बन्धित विभाग उसकी थीम व संक्षिप्त नोट 20 जनवरी तक देना सुनिश्चित करें।

# मिशन बुनियाद: खंड स्तरीय जागरूकता अभियान का आयोजन

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**

**हरियाणा** प्रतिभा खोज कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यालय शिक्षा निदेशालय तथा विकल्प संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में मिशन बुनियाद तथा हरियाणा सुपर 100 कार्यक्रम के लिए गुरुनानक देव एकेडमी भेरियां( पिहोवा ) में खंड स्तरीय जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधिकारी रोहतास वर्मा ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी विनोद कौशिक तथा डीपीसी संतोष शर्मा विशिष्ठ अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। खंड शिक्षा अधिकारी वीरेंद्र गर्ग ने रोहतास वर्मा तथा अन्य सभी गणमान्य अतिथियों



का पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत एवं अभिनंदन किया। रोहतास वर्मा ने विद्यार्थियों, उनके अभिभावकों, एसएमसी मुखियाओं तथा शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि मिशन बुनियाद तथा हरियाणा सुपर 100 कार्यक्रम हरियाणा सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है जिसके अंतर्गत विद्यार्थियों को कक्षा नौंवी से ही राष्ट्रीय स्तर की प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं जैसे नीट, आईआईटी, जेई मेंस, एनडीए इत्यादि के लिए तैयार किया जाता है। जिला शिक्षा अधिकारी रोहतास वर्मा ने नवीन मिश्रा की प्रशंसा करते हुए कहा कि मिशन बुनियाद के अंतर्गत विद्यार्थियों को जो शैक्षणिक माहौल प्रदान किया जा रहा है उससे विद्यार्थियों के लिए अवश्य ही उन्नति तथा प्रगति के अवसर बढ़ेंगे। जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी विनोद कौशिक ने मिशन बुनियाद को विद्यार्थियों के हित में बताते हुए कहा कि बुनियाद तथा हरियाणा सुपर 100 कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थी अपने लक्ष्य का निर्धारण करके मंजिल को हासिल किया जा सकता है।संतोष शर्मा ने विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया तथा जीवन में उन्नति के पथ पर आगे बढ़ने का आह्वान किया।

**सुपर 100**

8 कहा कि मिशन बुनियाद ग्रामीण अंचल में छुपी हुई प्रतिभाओं को निखारने का कार्य बखूबी कर रहा है

जिला नोडल अधिकारी डॉ तरसेम कौशिक ने मिशन बुनियाद तथा सुपर 100 कार्यक्रम के बारे में बताते हुए कहा कि मिशन बुनियाद ग्रामीण अंचल में छुपी हुई प्रतिभाओं को निखारने का कार्य बखूबी कर रहा है।

# लाडवा हल्के की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने का प्रयास कर रहे हैं: संदीप गर्ग

**आत्मनिर्भर**

8 आज लाडवा हल्के की महिलाएं सिलाई कढ़ाई का काम सीख कर अपने आप को आत्मनिर्भर बना रही है

**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र/लाडवा(दलबीर मलिक)** नेता एवं समाजसेवी संदीप गर्ग ने लाडवा ब्लॉक के गांव बदरपुर में जाकर महिलाओं से की वार्तालाप और उन्हें अपने द्वारा करवाए जा रहे कार्यों के बारे में विस्तार से बताया। नेता एवं समाजसेवी संदीप गर्ग ने कहा कि



वे लाडवा हल्के की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने का प्रयास कर रहे हैं। उनके द्वारा लाडवा हल्के में अनेक सिलाई सेंटर चलाए जा रहे हैं, जिनके कारण आज लाडवा हल्के की महिलाएं सिलाई कढ़ाई का काम सीख कर अपने आप को आत्मनिर्भर बना रही है और अपने परिवार का गुजारा कर रही है।

उन्होंने कहा कि केवल पुरुषों के कमाने से घर खर्च नहीं चलता है, महंगाई का दौर चल रहा है, ऐसे में सभी को साथ मिलकर कार्य करने चाहिए, ताकि घर खर्च सही प्रकार से चल सके।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा-जन-संवाद कार्यक्रमों में मिल रहा जनसमर्थनः सुधा

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)** विधायक सुभाष सुधा ने कहा कि हिंदुस्तान को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए सभी संकल्प लें। सरकार की विकसित भारत संकल्प यात्रा-जन-संवाद कार्यक्रमों में अपार जन समर्थन मिल रहा है। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि सरकारी सेवाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाएं ताकि सरकार के अंत्योदय के सपने को साकार किया जा सके।विधायक सुभाष सुधा शुक्रवार नगर परिषद के वार्ड 17 कैलाश नगर स्थित आर्यन स्कूल में विकसित भारत संकल्प यात्रा के जनसंवाद कार्यक्रम में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आमजन को सरकार द्वारा दी जाने वाली जनकल्याणकारी



योजनाओं को घर-घर पहुंचाने के लिए इस कार्यक्रम में विभिन्न सरकारी विभागों के कैंप लगाए जा रहे हैं। कैंप में पहुंचने वाले लोगों की समस्याओं को मौके पर ही समाधान किया जा रहा है। डिजिटल स्कीम के तहत लोगों को सरकारी सुविधाएं दी जा रही है। ये कैम्प लोगों को परिवार पहचान पत्र, पेंशन, आधार, स्वास्थ्य सहित अन्य सेवाओं को जन जन तक पहुंचाने के लिए लगाए गए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में विकसित भारत संकल्प यात्रा जन संवाद कार्यक्रम देश के कौने-कौने में शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों की समस्याएं घर द्वार के नजदीक कैम्पों के जरिये की जा रही है।विधायक सुभाष सुधा ने इस मौके पर सभी को भारत देश को 2047 तक आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाने के सपने को साकार करने की शपथ भी दिलवाई। कार्यक्रमों में लाभार्थियों को सरकार की जनहितकारी योजनाओं की जानकारी दी गई व विभिन्न प्रकार की सेवाओं से लाभान्वित किया गया।

**साकार**

8 सरकारी सेवाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाएं ताकि सरकार के अंत्योदय के सपने को साकार किया

## न्यूज फ्लैश

### प्रेमी संग भागी विधवा

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस।** घरौंडा थाना क्षेत्र में एक गांव से एक विधवा महिला अपनी 6 साल की बेटी को लेकर प्रेमी संग फरार हो गई। ससुर ने बहू को फोन किया तो उसने वापस आने से मना कर दिया। इसके बाद ससुर ने मामले की शिकायत पुलिस को की है। पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

विधवा महिला के ससुर ने पुलिस को दी शिकायत में बताया है कि उसके बेटे का बीती 12 नवंबर को निधन हो गया था। बेटे की तीन संतान है, जिसमें दो लडके व एक लडकी है। सबसे छोटी लडकी है, जिसकी उम्र करीब छह साल है। ससुर ने बताया है कि 3 जनवरी को उसकी पुत्रवधू अचानक घर से लापता हो गई। 6 साल की पोती भी घर पर नहीं थी। आसपास के एरिया में तलाश की गई लेकिन कोई सुराग नहीं लगा।

पीड़ित ने पुलिस का दी शिकायत में बताया कि जब उसने अपनी पुत्र वधू को फोन पर कॉल किया तो उसने फोन उठाकर इतना कहा कि वह अब नहीं लौटेगी। ससुर ने बताया है कि वह किसी अज्ञात व्यक्ति के साथ भाग गई है। वह अपनी छह साल की बेटी को भी अपने साथ लेकर गई है। डर है कहीं पोती के साथ कोई अनहोनी न हो जाए। उन्होंने अपने लेवल पर भी बहू व पोती की तलाश की है, लेकिन कोई सुराग नहीं लग पाया। बाद में उन्होंने मामले की शिकायत पुलिस को की।

घरौंडा थाना के जांच अधिकारी कृष्ण कुमार ने बताया कि एक गांव के व्यक्ति ने अपनी विधवा पुत्रवधू व पोती के लापता होने की शिकायत दी है। शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर लिया है। किसी व्यक्ति पर विधवा को भगा ले जाने का आरोप लगाया है। शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर तलाश शुरू कर दी गई है।

### ट्रांसफार्मर चोरों द्वारा किसान पर गोली चलाने के मामले में दूसरा आरोपी काबू

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस** **सीआईए टू** की टीम ने पिछले दिनों गांव डबरकी कला में ट्रांसफार्मर चोरों द्वारा एक किसान को गोली मारने के मामले में दूसरे आरोपी मोबिन पुत्र यामीन वासी जलालाबाद, शामली उत्तर प्रदेश को बस स्टैंड गंगोह से गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने ट्रांसफार्मर चोरी की 80 वारदातों में अपनी संलिप्तता कबूल की है। इस मामले में 28 दिसंबर को सुबह के समय तीन ट्रांसफार्मर चोरों द्वारा गांव डबरकी कला में खेतों से ट्रांसफार्मर चोरी की वारदात को अंजाम दिया जा रहा था, जिसमें मौके पर गांव से कुछ लोग वहां पहुंच गए और जिसमें एक आरोपी ने गांव के एक ग्रामीण पर देशी कट्टा से फायर कर घायल कर दिया था और चोर वहा से भागने लगे, परन्तु मुठभेड़ में ग्रामीणों के एक चोर हाथ आ गया, जिसने अपना नाम आबिद पुत्र यामीन वासी जलालाबाद, शामली उत्तरप्रदेश बताया। बाकी अन्य आरोपी मौके से फरार हो गए थे। मौके से ट्रांसफार्मर कायल तार तांबा वजन साढ़े 14 किलोग्राम भी बरामद किया गया था। गांव वालों ने आरोपी आबिद को थाना कुंजपुरा की पुलिस को सौंप दिया था। आरोपी और उसके साथियों पर जान से मारने के प्रयास और ट्रांसफार्मर चोरी के तहत थाना कुंजपुरा में मुकदमा दर्ज किया गया था। आरोपी को न्यायालय में पेश करके सात दिन का रिमांड हासिल किया था। रिमांड के दौरान आरोपी से पूछताछ में पाया गया कि उसने अपने अन्य दोनों साथियों के साथ मिलकर पिछले तीन सालों में कुंजपुरा और इंद्री एरिया से ट्रांसफार्मर चोरी की 80 के करीब वारदात को अंजाम दिया है। मामले की आगामी तफ्तीश में सीआईए टू की टीम द्वारा आरोपी आबिद के दोस्त मोबिन को गिरफ्तार किया गया है। दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। मामले में दोनों आरोपियों को प्रोडक्शन वारंट पर लेकर इनके अन्य साथी को गिरफ्तार किया जाएगा और ट्रांसफार्मर चोरी के अन्य मुकदमों में बरामदगी की जाएगी।

### पटवारियों की हड़ताल के चलते स्टांप विक्रेता, टाइपिस्ट एवं अर्जी नवीस का काम प्रभावित

**गन्नौर।** वेतन बढ़ोतरी की मांग को लेकर बुधवार को शुरू हुई राजस्व विभाग के पटवारियों की हड़ताल बृहस्पतिवार को दूसरे दिन भी जारी रही, जिसके कारण पटवार कार्यालय पहुंचने वाले उपभोक्ता बगैर कार्य कराए ही वापस लौटने को मजबूर रहे। पटवारियों की हड़ताल का असर मिनी सचिवालय में बैठने वाले स्टांप विक्रेता, टाइपिस्ट एवं अर्जी नवीस के अलावा जमीन जायदाद की खरीद फरोख्त करने वालों पर पड़ने लगा है। वेतन बढ़ोतरी की मांग को लेकर पटवारियों ने पिछले साल भी हड़ताल की थी, लेकिन सरकार द्वारा उनकी मांगों पर कोई ध्यान नहीं दिया गया। उपभोक्ताओं का कहना है कि जब पटवारियों ने अपनी मांगों को लेकर हड़ताल की है तो प्रशासन को कोई अतिरिक्त व्यवस्था करनी चाहिए।

उपभोक्ता सुरेन्द्र, रणबीर, महेन्द्र, विकास, सुरेन्द्र आदि का कहना है कि वह अपने आवश्यक दस्तावेजों को लेकर कड़ाके की सर्दी में पटवार घर पहुंचे, लेकिन कार्यालय पर ताला लटका मिला।

# हथियारबंद बदमाशों ने चार युवकों पर की फायरिंग

## गनीमत रही कि किसी को भी गोली नहीं लगी, चारों युवक गाड़ियों में बैठकर अपनी जान बचाकर भागे



**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस। कस्बा निसिंग** की पुरानी अनाज मंडी में थार व अन्य तीन गाड़ियों में सवार होकर आए बदमाशों ने 4 युवकों पर फायरिंग कर दी। गनीमत रही कि किसी को भी गोली नहीं लगी। चारों युवक गाड़ियों में बैठकर अपनी जान बचाकर भागे। हमलावरों ने एक गाड़ी पर भी फायर किया, लेकिन गोली गाड़ी के पिछले शीशे पर लगी। हालांकि बदमाशों ने युवकों की गाड़ियों का पीछा भी किया, लेकिन युवक बच निकलने में कामयाब हो गए। वारदात की सूचना पुलिस को दी गई। इसके बाद पुलिस मौके पर पहुंच गई। एफएसएल टीम ने मौके से साक्ष्य जुटाए। शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

गुरुवार शाम करीब साढ़े 5 बजे शेखपुरा मंचुरी गांव का धर्मपाल सिंह अपने किसी काम के लिए निसिंग गया हुआ था। उसका बड़ा भाई कर्मजीत भी अपनी बाइक पर रणजीत नगर से डाचर की तरफ जा रहा था। डाचर की तरफ से एक थार गाड़ी आ रही थी, जिसने सीधी लाइट कर्मजीत की आंखों में फ्लैश की। कर्मजीत ने थार गाड़ी के चालक को सिर्फ इतना ही कहा कि गाड़ी की लाइट नीचे करके चलाओ। गाड़ी में कुल तीन लोग सवार थे, जिन्होंने ड्रिंक की हुई थी। इसी बात को लेकर युवकों ने कर्मजीत के साथ गाली गलौज की और चले गए। कर्मजीत को रोड़ी साहिब गुरुद्वारा के पास धर्मपाल मिला और उसे पूरी बात बताई। इतने में ही थार गाड़ी में सवार लडके उनके पास पहुंच गए और मारपीट शुरू कर दी। कर्मजीत डरकर मौके से रणजीत नगर में अपनी रिश्तेदारी में चला गया। इसी दौरान धर्मपाल का दोस्त सचिन निवासी अमुपुर अपनी टाटा सफारी गाड़ी के साथ गुरुद्वारा चौक पर खड़ा था। धर्मपाल मौके से भागा और सचिन की गाड़ी में बैठकर मौके से चला गया और अपनी जान बचाई।

## '5 मिनट ताली वादन संकीर्तन करने से शरीर तथा मन रहता है स्वस्थ'



**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस। भारत** स्वाभिमान, पतंजलि योग समिति एवम आयुष विभाग के संयुक्त तत्वावधान में 15 दिवसीय सह योग शिक्षक प्रशिक्षण शिविर कनिका पब्लिक स्कूल में लगाया जा रहा है।

आज शिविर के पांचवें दिन भारत स्वाभिमान न्यास के जिला अध्यक्ष सोमनाथ अरोड़ा ने सर्वप्रथम शिविर का शुभारंभ मंत्रोउच्चारण के साथ करवाया। उन्होंने बताया कि 5 जनवरी 2009 को परम पूज्य स्वामी जी ने भारत स्वाभिमान ट्रस्ट की स्थापना की थी, जिसका मुख्य लक्ष्य 100 प्रतिशत योगमय भारत का निर्माण कर स्वस्थ, समृद्ध, संस्कारवान भारत बनाना है।

यही है भारत स्वाभिमान का अभियान। उन्होंने स्वदेशी वस्तुओं को पूर्णता से अपनाने का आग्रह भी किया। स्वदेशी अपनाओ, देश बचाओ का नारा खूब गुंजयमान हुआ।

## 'सरकार की नेक सोच व तकनीक का लाभ निरंतर लोगों को मिल रहा'



**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस। हरियाणा** कर्मचारी चयन आयोग के पूर्व सदस्य अमरनाथ सौदा ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल के कुशल नेतृत्व में मौजूदा प्रदेश सरकार ने अंत्योदय के मूल मंत्र के साथ विभिन्न प्रकार की सरकारी योजनाओं का लाभ अंतिम छोर पर बैठे वास्तविक हकदार तक पहुंचाने का काम किया है। सरकार द्वारा योजनाओं का लाभ वास्तविक रूप से जरूरतमंद नागरिकों पहुंचे, इसके लिए परिवार पहचान पत्र हरियाणा में योजनाओं के क्रियान्वन का सशक्त माध्यम बन गया है।

उन्होंने कहा कि प्रदेशवासियों को सरल व सुगम माध्यम से सरकारी सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए हरियाणा सरकार की ओर से शुरू की गई परिवार पहचान पत्र योजना का असर अब धरातल पर दिखाई देने लगा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने देश व प्रदेश का कायाकल्प किया है। आज भारत देश का मान विश्व स्तर पर बढ़ा है, वहीं प्रदेश में भी अनेकों योजनाओं से आमजन का उत्थान हुआ है।

## नौकरी के नाम पर धोखाधड़ी करने वाली महिला आरोपी काबू

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस। थाना शहर** की टीम से दो लडकों को रेलवे में नौकरी लगवाने के नाम पर करीब बीस लाख रुपए की धोखाधडी करने वाली एक महिला आरोपी सोनिया पत्नी दिनेश वासी बाबा रामनाथ कॉलोनी, मतलौडा पानीपत को सेक्टर 4 करनाल से गिरफ्तार किया है। इस संबंध में शिकायतकर्ता मुनीम कुमार वासी उचाना ने शिकायत दी थी कि आरोपी सलेलता पत्नी जयभगवान, सोनिया पत्नी दिनेश, दिनेश, रामनिवास, जितेंद्र और सरला देवी आदि सभी आरोपियों ने मिलकर मेरे पुत्र अभिनेष को रेलवे में आरपीएफ में नौकरी लगवाने के नाम पर और भतीजे प्रधुमन को ग्रुप डी में लगवाने के नाम पर कुल उन्नीस लाख अस्सी हजार रूपए की ठगी की है।

## भाजपा नेता मनोज वधवा के घर दूसरे दिन भी जारी रही इडी की रेड

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस। भाजपा** नेता मनोज वधवा के घर दूसरे दिन भी इडी की रेड जारी है। टीम ने कल उनके सेक्टर-13 स्थित मकान में दस्तावेजों को खंगाला था और आज सुबह से सेक्टर 32, 33 में उनका जो दूसरा मकान है, वहां रिकॉर्ड को खंगाला जा रहा है। हालांकि रेड के दौरान क्या कुछ बरामद हुआ है? उसका खुलासा अभी अधिकारियों द्वारा नहीं किया गया है।

वहीं मनोज वधवा के खनन में हिस्सेदार यमुनानगर के पूर्व इनेलो विधायक दिलबाग सिंह के ठिकानों से अब तक 5 करोड़ रुपए कैश, 3 गोल्ड बिस्किट,



विदेशी शराब की 100 से ज्यादा बोतलें, विदेश में बनाई कई संपत्तियों के कागजात, 4 अवैध विदेशी राइफलों समेत अन्य चीजें बरामद की गई हैं।

जानकारी के अनुसार टीम के अधिकारियों द्वारा पूर्व डिप्टी मेयर मनोज वधवा व उनके परिवार के सदस्यों से कल सुबह 6 बजे से पूछताछ चल रही है। करनाल के अलावा भी उनके अन्य संस्थानों में टीम द्वारा रिकॉर्ड को खंगाला जा रहा है।

टीम के अधिकारी परिवार के सदस्यों से केंद्रीय पुलिस बल की मौजूगी में दस्तावेजों की जांच कर रही है।

टीम द्वारा वधवा की आय से अधिक संपत्ति, बैंक खाते और जमीन से जुड़े मुख्य दस्तावेजों को खंगाल रही है। इस दौरान किसी को भी न तो घर के अंदर आने दिया जा रहा है और न ही बाहर जाने दिया जा रहा है।

बता दें कि भाजपा नेता मनोज वधवा एक बिजनेसमैन और माइनिंग का काम भी करते हैं।

## अमेरिका में हरियाणा की फैमिली की मौत में नया खुलासा, कंपनी डूबी

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस। अमेरिका** में रह रहे हरियाणा के एक परिवार की मौत से जुड़े मामले में बड़ा खुलासा हुआ है। इस परिवार के मुखिया राकेश कमल ने पहले अपनी पत्नी टीना और बेटी एरियाना की गोली मारकर हत्या की और फिर खुद को भी गोली मार ली। मरने वाली टीना करनाल के नामी वकील तेजेंद्रपाल सिंह बेदी की बेटी थी।

अमेरिकन मीडिया की रिपोर्ट्स के मुताबिक राकेश कमल की अमेरिका में एक कंपनी थी, जो डूब चुकी थी। राकेश ने इस कंपनी पर बैंक से लोन भी ले रखा था। अपनी रकम की रिकवरी के लिए बैंक राकेश की पूरी प्रॉपर्टी अटैच कर चुका था और उसे नीलाम करने की तैयारी में था। इसी बीच राकेश ने खुद को दिवालिया घोषित करने के लिए यूएसए गवर्नमेंट के पास एप्लीकेशन लगाई। अगर सरकार इस अपील सुन लेती तो राकेश की प्रॉपर्टी नीलाम होने से बच सकती थी लेकिन सरकार ने एप्लीकेशन को स्वीकार नहीं किया। अपनी फैमिली के सडक पर आ जाने के ख्याल से राकेश कमल कई दिनों से तनाव में चल रहे थे। 28 दिसंबर 2023 को उन्होंने पहले अपनी पत्नी टीना और फिर बेटी एरियाना को घर में ही गोली



मार दी। पत्नी और बेटी की हत्या करने के बाद राकेश ने खुद को भी गोली मारकर सुसाइड कर लिया। पुलिस की शुरूआती इन्वेस्टिगेशन के मुताबिक जिस बंदूक से गोली चली, वह राकेश के नाम पर रजिस्टर्ड नहीं थी। पुलिस ने उसे फॉरेंसिक जांच के लिए भेज दिया, जिसकी रिपोर्ट आना बाकी है। बंदूक के ऑनर के बारे में जानकारी जुटाने के लिए दूसरी एजेंसियों की मदद ली जा रही है।

राकेश कमल की पूरी फैमिली 1960 के दशक में ही अमेरिका में सैटल हो चुकी थी। उससे पहले उनका परिवार दिल्ली में रहता था। राकेश का जन्म अमेरिका में ही हुआ और उनका वहां बिजनेस था। करनाल के मॉडल टाउन में रहने वाले एडवोकेट तेजेंद्रपाल सिंह बेदी ने अपनी बेटी टीना की शादी तकरीबन 25 साल पहले राकेश कमल के साथ की थी। दोनों की शादी का प्रोग्राम करनाल में ही हुआ था। शादी के बाद टीना अपने पति के साथ अमेरिका चली गई। दोनों की एक बेटी थी, जिसका नाम एरियाना था। राकेश पत्नी और बेटी के साथ अमेरिका की मैसाचुसेट्स सिटी में रहते थे।

टीना अपने पति राकेश कमल और बेटी एरियाना के साथ एक साल पहले ही माता-पिता से मिलने करनाल आई थी। दामाद, बेटी और नातिन की मौत की खबर मिलने के बाद करनाल से तेजेंद्रपाल सिंह बेदी अपनी पत्नी रजी और बेटे सोनू के साथ 1 जनवरी 2024 को अमेरिका चले गए। वहां 3 जनवरी को तीनों का मैसाचुसेट्स सिटी में ही हिंदू रीति-रिवाज के साथ संस्कार किया गया। तेजेंद्रपाल सिंह बेदी अभी अमेरिका से लौटे नहीं हैं।

## सम्पत्ति कर बकायादारों को सरकार का नववर्ष ब्याज माफी तोहफा

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस। प्रॉपर्टी टैक्स बकायादारों** के लिए सरकार ने फिर उदारता दिखाते हुए नववर्ष पर ब्याज माफी का तोहफा दिया है। इसके तहत आगामी 29 फरवरी 2024 तक जो बकायादार नगर निगम के खजाने में एकमुश्त राशि जमा करवाएगा, उसे समस्त ब्याज माफी की छूट का लाभ मिलेगा। यही नहीं बकाया मूल राशि व चालू वित्त वर्ष के बिलों पर भी 15 प्रतिशत की अतिरिक्त छूट अनुमत होगी। लेकिन इसके लिए सम्बंधित व्यक्ति को अपनी प्रॉपर्टी आई.डी. को सेल्फ सर्टिफाई यानि स्व-प्रमाणित करना होगा।

13 करोड़ रुपये से अधिक कर हुआ जमा- निगमायुक्त ने बताया कि निगम के खजाने में अब तक 13 करोड़ 10 लाख रुपये प्रॉपर्टी टैक्स के रूप में जमा हो गए हैं। बकायादारों को कर से मुक्त करने के लिए सरकार ने अब फिर 29 फरवरी 2024 तक बकाया टैक्स को ब्याज माफी के साथ जमा करवाने का एलान किया है। इसे देखते बकायादारों को चाहिए कि वे इस सुनहरी मौके का फायदा उठाएं और निगम के खजाने में प्रॉपर्टी टैक्स जमा करवाकर चिंता मुक्त हो जाएं। ऑनलाईन भी भर सकते हैं प्रॉपर्टी टैक्स- उन्होंने बताया कि जो व्यक्ति टैक्स भरने के लिए किसी कारण से निगम कार्यालय का रूख नहीं कर सकते, उनके लिए ऑनलाईन टैक्स भरने की बहुत ही आसान प्रक्रिया है। इसके लिए एनडीसी पोर्टल, ह्वद्यड्ढद्धह्4ठ्ठस्र.शह्द (यूएलबी एचआरवाई एनडीसी डॉट ओआरजी) पर जाकर टैक्स भर सकते हैं। इसके अतिरिक्त प्रॉपर्टी टैक्स बिल पर छपे बार कोड को स्कैन करके साईट ओपन हो जाती है, उसमें भी व्यक्ति क्रेडिट व डेबिट कार्ड या पे.टी.एम. से ऑनलाईन पेमेंट कर सकते हैं।

## तेज ठंड से आमजन जन घरों में दुबके, जन जीवन प्रभावित

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर** पिछले दिनों एक दिन में दिनभर धूप रहने के बाद अब 2 दिन से दिन-रात को तेज ठंड व पाला गिरने से गेहूं, सरसों की फसलें सबसे अधिक प्रभावित होने की कगार पर है। जनवरी माह के प्रथम सप्ताह में ही लगातार हो रहे मौसम परिवर्तन से किसानों को अपनी फसल को लेकर चिंता पैदा हो गई है। उपमंडल क्षेत्र में पिछल्ले दिनों निकली मामूली धूप के बाद अब दिन व रात को वातावरण में ठंडक होने से आमजन की परेशानी बढ़ गई है। सुर्य देवता के दर्शन भी नही हो रहे। सीजन के इस दौर में गिर रही धूंध की बूदें सभी फसलों के लिए अमृतपान से कम नहीं हैं, जो कि किसानों की मेहनत और हौंसला बढ़ने के लिए सोने पे सुहागा साबित हो सकती है। अधिकतर खेतों में सिंचाई कार्य लड़खड़ा रहा है।

## कविता एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया की राष्ट्रीय निदेशक नियुक्त

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस। एंटी** करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया के नेशनल सुप्रीमो एवं फाउंडर नरेंद्र अरोड़ा ने राष्ट्रीय टीम का विस्तार करते हुए करनाल की विख्यात समाजसेविका कविता मल्होत्रा को राष्ट्रीय निदेशक, हेल्थ विंग नियुक्त किया। नेशनल सुप्रीमो नरेंद्र अरोड़ा एवं राष्ट्रीय निदेशक सतीश मल्होत्रा ने कविता मल्होत्रा को नियुक्ति पत्र सौंपकर पद की गरिमा में रहकर भ्रष्टाचार उन्मूलन के लिए कार्य करने की शपथ दिलाई।

कविता मल्होत्रा ने कहा कि वह



अपने पद की गरिमा में रहकर भ्रष्टाचार उन्मूलन जागरूकता के लिए कार्य करेंगी और ज्यादा से ज्यादा लोगो को संगठन के उद्देश्यों के साथ जोड़ेंगी। नरेंद्र अरोड़ा ने कहा कि एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया सम्पूर्ण भारतवर्ष के सभी राज्यों में भ्रष्टाचार उन्मूलन जागरूकता के लिए कार्य कर रहा है। संगठन का प्रमुख उद्देश्य ज्यादा से ज्यादा लोगों को भ्रष्टाचार उन्मूलन के लिए जागरूक करना है।

उन्होंने कहा कि एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया के मुख्य कार्यों में भ्रष्टाचार उन्मूलन जागरूकता के लिए शिक्षण संस्थानों व अन्य स्थानों पर सेमिनारों का आयोजन करना, हस्ताक्षर अभियान व शपथ ग्रहण अभियान चलाना, एंटी करप्शन से संबंधित प्रतियोगिताओं का आयोजन करना, अवाम में कानून का पालन करने का प्रचार प्रसार करना, पुलिस व प्रशासन विभाग के कर्तव्यनिष्ठ अधिकारियों को सम्मानित कर सच्चाई व ईमानदारी का प्रचार प्रसार करना आदि हैं।

# डिंगर माजरा, गंजोगढ़ी और पुंडरी पहुंची संकल्प यात्रा

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस। विकसित** भारत संकल्प यात्रा आज जिला के गांव डिंगर माजरा, गंजो गढ़ी और पुंडरी पहुंची। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में विधायक हरविंद्र कल्याण ने कहा कि भाजपा में जनता की सेवा करने का जो कम्पटीशन है, वह अन्य राजनीतिक दलों में नहीं। सत्ता उन लोगों के हाथों में ही होनी चाहिए, जो खुद की बजाय जनता का ख्याल रखें। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री मनोहर लाल दीपक की तरह खुद को जलाकर समाज की भलाई के लिए काम कर रहे हैं।

डिंगर माजरा में सरपंच बलविंद्र, गंजोगढ़ी में गौरव कुमार और पुंडरी



में पूर्व सरपंच ओमप्रकाश ने विधायक का स्वागत किया। डिंगर माजरा में बलिन्द्र और गंजो गढ़ी में पूर्व सरपंच बेअंत सिंह और पुंडरी में सरपंच सूरजभान ने पिछले 9 सालों में कराए गए विकास कार्यों की जानकारी दी। तीनों गांवों में विधायक ने विभिन्न विभागों की ओर से लगाए गए स्टॉल्स का अवलोकन किया।

इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संदेश सुनाया गया और हरियाणा के विकास पर बनी लघु फिल्म दिखाई गई। गायक कलाकारों द्वारा विकासात्मक गीत प्रस्तुत किए गए। डिंगर माजरा में पूर्व चेयरमैन रमेश बैरागी, गंजो गढ़ी में राजबीर शर्मा और पुंडरी में पूर्व विधायक रमेश कश्यप ने 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की शपथ दिलाई।

हरविंद्र कल्याण ने कहा कि यात्रा का उद्देश्य जन-जन तक सरकार की योजनाओं की जानकारी पहुंचाना और पात्र व्यक्तियों को उनका लाभ देना है। सरकार की गंभीरता का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि आज सभी योजनाओं पर धरातल पर काम हो रहा है। नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद घोटालों पर रोक लगी है।

उन्होंने कहा कि 1986 में पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने कहा था कि सरकारी खजाने से निकलने वाले एक रुपए में से केवल 15 पैसे ही निचले स्तर पर पहुंचते हैं। उस समय भ्रष्टाचार रोकने के लिए कांग्रेस ने कोई कदम नहीं उठाया। आज जब केंद्र और राज्य सरकार भ्रष्टाचार पर शिकंजा कस रही हैं तो विपक्ष को परेशानी होती है।

# पीपीपी अहम दस्तावेज, हर किसी को मिला लाभ : बख्शीश सिंह विर्क

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस। विकसित** भारत संकल्प यात्रा शुक्रवार को जाणी, मंचूरी और बड़ोता गांव में पहुंची। इस दौरान अलग-अलग कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। मंचूरी और बडोता गांव में असंध के पूर्व विधायक बख्शीश सिंह विर्क बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए, जबकि जाणी गांव में भाजपा नेता जगदेव पाढ़ा ने मुख्यतिथि के तौर पर शिरकत की। मंचूरी और बडोता गांव में पूर्व विधायक सरदार बख्शीश सिंह विर्क ने कहा कि सरकार ने जो व्यवस्था परिवर्तन किया है, उससे हर नागरिक को फायदा हुआ है। प्रदेश सरकार ने लोगों को दफ्तर, दरखास्त और दस्तावेज से मुक्ति दिलाते हुए उन्हें घर बैठे ही योजनाओं का लाभ देना सुनिश्चित किया है। इस दिशा में परिवार पहचान पत्र सबसे अहम दस्तावेज बनकर उभरा है, जिससे हर किसी को लाभ मिला है।

उन्होंने कहा कि जरूरतमंद एवं गरीब पात्र व्यक्ति तक केन्द्र और राज्य सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा अहम साबित हो रही है। यात्रा के तहत गांवों में हजारों लोगों ने योजनाओं का लाभ प्राप्त किया है या फिर योजनाओं का लाभ लेने के लिए आवेदन किया है। मोदी की गारंटी वाली ये गाडियां लोगों के जीवन में खुशहाली ला रही हैं। सरकार द्वारा चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं पर सबसे पहला हक गरीब एवं जरूरतमंद पात्र व्यक्ति है और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में केन्द्र व राज्य सरकार इस कार्य को बखूबी कर रही है।

इस अवसर पर मंचूरी गांव के सरपंच जतिंद्र सिंह, सचिव प्रवीन कुमार, महामंत्री आशीष, पंचायत पंच बीरबान सहित सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# संपादकीय

## उत्तर प्रदेश सरकार, अच्छा है प्रोजेक्ट अलंकार

**योगी** सरकार ने व्यवस्था में सुधार और विकास के नये आयाम बनाये हैं। इसमें शिक्षा व्यवस्था भी शामिल है। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने भी शिक्षा क्षेत्र में योगी आदित्यनाथ के कार्यों का सराहना की है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश के सरकारी विद्यालयों की स्थिति में बदलाव हुआ है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि अन्य योजनाओं की तरह पीएमश्री योजना भी उत्तर प्रदेश में बहुत सफलतापूर्वक लागू होगी। प्रधान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में उज्ज्वला योजना लागू की गई थी। यह योजना बलिया से शुरू की गई थी। हाल में प्रधानमंत्री मोदी अयोध्या में मीरा मांझी के घर गए। उन्हें दस करोड़ वां गैस कनेक्शन मिला है। उत्तर प्रदेश में केंद्र की योजनाओं को ठीक से लागू किया गया है। शिक्षा के क्षेत्र में बेहतरीन कार्य हुआ है। योगी आदित्यनाथ और धर्मेंद्र प्रधान ने लखनऊ में पीएमश्री स्कूलों के आधुनिकीकरण कार्यक्रम का शुभारंभ किया। चार सौ करोड़ से अधिक की धनराशि से आधुनिकीकरण का कार्य किया जाएगा। इसके साथ ही प्रोजेक्ट अलंकार के तहत माध्यमिक विद्यालयों में अवस्थापना सुविधाओं के संतृप्तीकरण के लिए करीब साढ़े तीन सौ करोड़ की धनराशि हस्तांरित की गयी। उत्तर प्रदेश में माध्यमिक और बेसिक शिक्षा पर इतना ध्यान पहले कभी नहीं दिया गया। ऑपरेशन कायाकल्प योगी आदित्यनाथ की अभिनव योजना रही है। परिषदीय विद्यालयों में इंफ्रॉस्ट्रक्चर डेवलपमेंट के लिए ऑपरेशन कायाकल्प के पहले चरण में किए गए प्रयासों में आशातीत सफलता मिली। इस अवधि में परिषदीय विद्यालयों के इंफ्रॉस्ट्रक्चर को मजबूत करने के लिए ग्यारह हजार करोड़ रुपये खर्च किये गए। बेसिक शिक्षा परिषद तथा माध्यमिक शिक्षा परिषद के विद्यालयों में एक लाख चौसठ हजार से अधिक शिक्षकों की भर्ती की गई है। बेसिक शिक्षा परिषद के विद्यालयों में करीब साठ नये विद्यार्थियों का नामांकन हुआ। सितंबर तक प्राथमिक और उच्च प्राथमिक विद्यालयों के करीब दो लाख चालीस हजार शिक्षकों को टैबलेट उपलब्ध कराए जाएंगे। शिक्षकों को ट्रेनिंग दी गई। टैबलेट में शासकीय कार्यक्रमों की योजनाओं के बारे में जागरुकता सामग्री प्री-लोडेड होगी।ऑपरेशन कायाकल्प के दूसरे चरण में इंफ्रॉस्ट्रक्चर के साथ शैक्षिक गुणवत्ता, पठन-पाठन का माहौल, तकनीकी दक्षता, डिजिटल लर्निंग और वोकेशनल शिक्षा की ओर बढ़ा जा रहा है। विद्यालयों में एट ग्रेड लर्निंग की व्यवस्था हो रही है। मुख्यमंत्री अभ्युदय कम्पोजिट विद्यालयों को प्रारम्भिक तौर पर पायलट प्रोजेक्ट के रूप में लिया जाएगा। सभी जनपदों में एक विद्यालय मुख्यमंत्री अभ्युदय कम्पोजिट विद्यालय के रूप में विकसित किया जाएगा। प्रोजेक्ट अलंकार के तहत माध्यमिक विद्यालयों के जीर्णोद्धार कार्य को तेजी से आगे बढ़ाया जाएगा। शासकीय के साथ-साथ वित्त पोषित अशासकीय विद्यालयों में सम्बन्धित प्रबन्ध तंत्र के सहयोग से जीर्णोद्धार होगा। नीति आयोग की रिपोर्ट में कहा गया कि उत्तर प्रदेश विकसित प्रदेश बनने की दिशा में अग्रसर है। छह वर्ष में साढ़े पांच करोड़ लोग गरीबी रेखा से ऊपर आ चुके हैं। लोग समर्थ और सक्षम बन रहे हैं। नीति आयोग के निर्धारित मानकों में शिक्षा सबसे महत्वपूर्ण है।

# साइबर अपराध की बढ़ती घटनाएं



डॉ. ओ.पी. त्रिपाठी

> पूरे देश में दर्ज किए गए वित्तीय अपराधों की मात्रा के बारे में गृह मंत्रालय ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2020-21 में दर्ज किए गए वित्तीय अपराधों की मात्रा 2.62 लाख थी। 2022 में यह 6.94 लाख हो गई है। साइबर अपराधों का दायरा इतना विस्तृत व जटिल है कि पुलिस भी उन पर आसानी से हाथ नहीं डाल सकती। असल में, अपराध की दुनिया में साइबर अपराध की शुरूआत एक नया खतरा है, जिसके लिए हम अपनी पुलिस को पूरी तरह प्रशिक्षित नहीं कर पाए हैं। साथ ही नागरिकों को भी इस भ्रमजाल से बचने के लिये पर्याप्त रूप से जागरूक करने की जरूरत है। वहीं दूसरी ओर अपराध का स्वरूप देखें तो वर्ष 2023 में सभी साइबर अपराधों में 38 फीसदी धोखाधड़ी निवेश से संबंधित थी

**हाल के** वर्षों में साइबर अपराधों और साइबर धोखाधड़ी की संख्या में तेजी से वृद्धि हुई है, खासकर देश में यूनिफाइड पेमैंट इंटरफेस (यू.पी.आई.) की शुरूआत के बाद। भारत इस तकनीक को शुरू करने वाले अग्रणी देशों में से एक था और यह बहुत गर्व की बात है कि बहुत कम देश हमारे देश में प्रचलित समान व्यापक और सुविधाजनक वित्तीय प्रणाली का दावा कर सकते हैं। इसमें कोई दो राय नहीं है कि इंटरनेट और ऑन लाइन सेवाओं के विस्तार ने हमारे जीवन को जितना सुगम व सरल बनाया है, उतना ही खतरा साइबर अपराधों का भी बढ़ा है। सरल शब्दों में, साइबर अपराध उन आपराधिक गतिविधियों को संदर्भित करता है जिनमें कंप्यूटर, कंप्यूटर नेटवर्क या इंटरनेट शामिल होता है। भारत में बहुत से लोग इंटरनेट और डिजिटल उपकरणों के प्रयोग से जुड़े जोखिमों के बारे में पूरी तरह से जागरूक नहीं हैं। साइबर खतरों तथा साइबर सुरक्षा पद्धतियों के बारे में जागरूकता की कमी के कारण व्यक्ति और व्यवसाय, साइबर हमलों के प्रति अधिक सुभेध्य हो जाते हैं। जैसे-जैसे प्रौद्योगिकी का विकास होता है, वैसे-वैसे साइबर खतरे भी बढ़ते हैं। साइबर अपराधी सॉफ्टवेयर, हार्डवेयर और नेटवर्क सिस्टम में कमजोरियों का फायदा उठाने के लिए लगातार नयें तरीके ढूंढते रहते हैं। भारत में साइबर अपराध 1990 के दशक की शुरूआत में इंटरनेट के आगमन और डिजिटल प्रौद्योगिकियों के बढ़ते उपयोग के साथ शुरू हुई। फिर जैसे-जैसे देश में इंटरनेट की पहुंच और डिजिटलीकरण का विस्तार हुआ, साइबर अपराध विकसित अवस्था में और अधिक परिष्कृत होते गए। देश में साइबर अपराधों का वर्ष 2022 से 2023 में 61 फीसदी की दर से बढ़ना गंभीर चेतावनी है। यह बदलाव है कि इससे पहले वर्ष में यह वृद्धि एक सौ तेरह प्रतिशत थी। यह अच्छी बात है कि वर्ष 2019 में राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल लॉन्च होने के बाद लोगों को राहत मिली है। जिसके चलते साइबर अपराधों में 4.3 लाख नागरिकों के हुए नुकसान में से एक हजार एक सौ सत्ताईस करोड़ रुपये की वसूली की जा सकी है। लोगों को ऐप की अनुमति देते वक्त सावधान रहने की बात कही गई है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, देश में राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली, केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ व हरियाणा में साइबर अपराध की दर सबसे ज्यादा है। बल्कि हरियाणा में मेवात साइबर अपराधों के जरिये वसूली का बड़ा केंद्र बनकर उभरा है। यह स्थिति कितनी चिंताजनक है कि पिछले तीन साल में वित्तीय धोखाधड़ी में दस हजार तीन सौ नब्बे करोड़ रुपये का चूना लोगों को लगा। कमोबेश साइबर अपराधियों के सुनियोजित गिरोहों द्वारा लोगों के विश्वास के साथ छल करके खून-पसीने की कमाई पर हाथ साफ किया जा रहा है। लोग शातिर अपराधियों के भ्रमजाल में फंस जाते है और उसकी बड़ी कीमत चुकाते हैं। यह समस्या कितना जटिल रूप ले चुकी है कि देश में एक लाख की आबादी पर 129 साइबर अपराध दर्ज किए गए हैं। लेकिन इसकी संख्या राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में प्रति लाख आबादी पर 755, चंडीगढ़ में 432 तथा हरियाणा में 381 है। इन स्थानों पर ज्यादा साइबर क्राइम होने की एक वजह यह भी है कि ऑनलाइन विकल्पों के प्रति जागरूकता के चलते अधिक लोग इन सेवाओं का उपयोग कर रहे हैं। वैसे साइबर क्राइम की छद्म प्रवृत्ति से अनभिज्ञ लोग भी जल्दी अपराधियों के झांसे में फंस जाते हैं। हालांकि, देश की केंद्रीय एजेंसियां लगातार अपराधियों पर नजर रखे हुए हैं और निरंतर इनके खिलाफ अभियान चलाती रहती हैं। मेवात सहित कई राज्यों में साइबर क्राइम के खिलाफ बड़े अभियान चलाए गए हैं। राष्ट्रीय एजेंसियों ने 2.9 लाख फर्जी सिम, 2810 गलत मंशा से चलाए जा रहे यूआरएल और 595 मोबाइल ऐप्स ब्लॉक किए हैं। लेकिन इसके बावजूद कहना कठिन है कि साइबर क्राइम इन कार्रवाइयों से कम हुए हैं। दरअसल, साइबर अपराधी पुलिस व जांच एजेंसियों की सक्रियता के बावजूद अपनी गतिविधियों को अंजाम देने में कामयाब हो जाते हैं। भारतीय कम्प्यूटर आपातकालीन प्रतिक्रिया टीम द्वारा रिपोर्ट और ट्रैक की गई जानकारी के अनुसार, 2022 में दुर्भावनापूर्ण मोबाइल एप्लीकेशन फिशिंग और रैंसमवेयर जैसी साइबर सुरक्षा घटनाओं की संख्या 13.91 लाख थी। यह स्पष्ट है कि बड़ी संख्या में इसी तरह के अपराध दर्ज नहीं किए गए होंगे। जैसा कि बैंकों और अन्य वित्तीय संस्थानों द्वारा रिपोर्ट किया गया है, वास्तविक धोखाधड़ी के मामले 7.05 लाख थे, जिसकी कीमत वित्तीय वर्ष 2021 में 542.7 करोड़ रुपए थी। यह मात्रा बढ़कर 12.27 लाख हो गई, जिसका कुल मूल्य 2022 में 1,357.06 करोड़ रुपए हो गया और 19.94 लाख बढ़कर इस वित्तीय वर्ष में 2,537.35 करोड़ रुपए हो गए। पूरे देश में दर्ज किए गए वित्तीय अपराधों की मात्रा के बारे में गृह मंत्रालय ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2020-21 में दर्ज किए गए वित्तीय अपराधों की मात्रा 2.62 लाख थी। 2022 में यह 6.94 लाख हो गई है। साइबर अपराधों का दायरा इतना विस्तृत व जटिल है कि पुलिस भी उन पर आसानी से हाथ नहीं डाल सकती। असल में, अपराध की दुनिया में साइबर अपराध की शुरूआत एक नया खतरा है, जिसके लिए हम अपनी पुलिस को पूरी तरह प्रशिक्षित नहीं कर पाए हैं। साथ ही नागरिकों को भी इस भ्रमजाल से बचने के लिये पर्याप्त रूप से जागरूक करने की जरूरत है। वहीं दूसरी ओर अपराध का स्वरूप देखें तो वर्ष 2023 में सभी साइबर अपराधों में 38 फीसदी धोखाधड़ी निवेश से संबंधित थी। इसके बाद ग्राहक सेवा या रिफंड लौटाने के नाम पर जरूरी जानकारी लेकर फ्राड करने अथवा केवाईसी समाप्ति संबंधी झूठी सूचना देकर ठगने के मामले प्रकाश में आए। इतना ही नहीं सेक्सटॉर्शन के जरिये भी धन वसूली के बहुत मामले प्रकाश में आए। इसमें वीडियो कॉल के जरिये लोगों के चित्र को अश्लील दृश्यों से जोड़कर बदनाम करने की धमकी देकर धन वसूला जाता है। यही वजह है कि साइबर विशेषज्ञ सलाह दे रहे हैं कि अनजान वीडियो कॉल का जवाब न दें। यदि वे कॉल लेते हैं तो सेक्सटॉर्शन के शिकार बन सकते हैं। दरअसल, साइबर विशेषज्ञ बैंकों के साथ काम करके उस गिरोहबंदी को रोकने पर काम कर रहे हैं जिसमें एक खाते से धन हस्तांतरित करके आगे अन्य खातों में भेज दिया जाता है और दूसरे के नाम से निकाल लिया जाता है। दरअसल, देश में साइबर अपराधों पर शिकंजा कसने में देरी और लोगों में जागरूकता की कमी से भी अपराधी अपने मंसूबों में कामयाब हो जाते हैं। भारत में साइबर सुरक्षा बुनियादी ढांचा अभी भी विकसित हो रहा है। कई संगठनों, विशेष रूप से छोटे व्यवसायों के पास मजबूत साइबर सुरक्षा अवसरंचना नहीं हो सकती, इसलिए वे साइबर अपराधियों के लिए आसान लक्ष्य बन जाते हैं। हालांकि भारत में इन मुद्दों के समाधान के लिए कानून एवं नियम हैं, वर्तमान में भी कानूनी ढांचा लगातार विकसित हो रहा है, जिससे कई बार प्रवर्तन चुनौतीपूर्ण हो सकता है। इससे साइबर अपराधियों पर प्रभावी ढंग से मुकदमा चलाने में देरी हो सकती है।

इंटरनेट का उपयोग करने वाले लोगों की संख्या हर दिन बढ़ती जा रही है। दूसरी ओर, साइबरस्पेस में अपराध भी तेजी से बढ़ रहे हैं।

साइबर कमजोरियों को संबोधित करने के लिए सरकार, व्यवसायों, शैक्षणिक संस्थानों और व्यक्तियों सहित विभिन्न हितधारकों को ठोस प्रयास करने की आवश्यकता है।



# कविता

प्रिय मां !
तुम सुन रही हो न ?
ये मैं हूं
तुम्हारी परछाई
मुझे अपने विनाश के बादल दिख रहे हैं
मुझे घबराहट हो रही है
इसलिए तुम्हें पुकार रही हूं कोख से
मैं जानती हूं
तुम मुझे बहुत प्यार करती हो
माना कि ये दुनिया पत्थर है
जहां संवेदनाएं शून्य हैं
लेकिन तुम ऐ मां !
दुनिया की बिल्कुल भी परवाह मत करना
तुम मजबूत और कठोर बनना
कहीं ऐसा न हो कि
'संवेदनहीनता के दंश' मुझे लील जाएं !
मेरे भी तो अपने सपने हैं,
महत्वकांक्षाएं हैं
मुझे भी छूना है नीले नीले आसमान को
करनी हैं तुम्हारे संग हंसी-ठिठोली
मैं कम नहीं बेटे से
मेरे नन्हें, कोमल कदमों को धरती पर रखने देना
जन्म से पहले
ऐ मां ! मुझे तुम मत मरने देना ।

सुनील कुमार

## श्रम का विकल्प सिर्फ अथक परिश्रम

**संजीव ठाकुर**

**हर बड़ा व्यक्ति जो हमें समाज से अलग हटकर खड़ा** दिखाई देता है' जिसे हम विलक्षण मानते और प्रतिभा संपन्न मानते हैं' आज के परिपेक्ष में हम उसे सेलिब्रिटी कहते हैं तो निसंदेह उसकी इस सफलता के पीछे अनवरत श्रम, अदम्य मानसिक शक्ति और संयम छुपा होता है' बड़ी सफलता प्राप्त करने का कोई सरल उपाय या विकल्प नहीं होता है। विपरीत परिस्थितियों में मनुष्य की मानसिक दृढ़ता एवं संकल्पित कठिन श्रम ही सफलता के रास्ते खोलते हैं। यूं तो हर इंसान के जीवन में विशेषताएं, मान्यताएं, प्रतिबद्धताओं और आकांक्षाएं होती हैं' सभी लोग मूलभूत आवश्यकताओं के साथ साथ सामाजिकता , प्रसिद्धि और प्रतिष्ठा जैसी उच्च स्तरीय आवश्यकताओं की पूर्ति करना चाहते हैं'. मानव की स्वाभाविक और अदम्य इच्छा की पूर्ति के संपूर्ण जीवन और उसके अस्तित्व के लिए अत्यंत आवश्यक है किंतु व्यक्ति की इच्छा,आकांक्षा सफलता उस उसके मूल्यों,सिद्धांतों और आदर्शों की कीमत पर कतई नहीं होनी चाहिए ' यदि व्यक्ति की आकांक्षा,सफलता और इच्छा उसकी अदम्य इच्छा, भूख और मूल्यों को समाविष्ट ना करते हुए दूसरी दिशा में जाती हो, तो ऐसे में उसकी सफलता पूरे मानव समाज और मानवता के लिए संकट का कारण भी बन सकती है' जिस तरह एक वैज्ञानिक मेहनत, लगन, प्रयोगशाला में मानवी संविधान मूल्यों से ओतप्रोत मानव कल्याण के उपकरण न बनाकर जैविक व रासायनिक हथियार बनाकर व्यापक नरसंहार जैसे अमानवीय अविष्कार को मूर्त रूप दे, तो यह समाज के लिए खतरनाक हो सकता है' यही वजह है की सफलता का नक्शा और इच्छा के पीछे माननीय मूल्यों का होना अत्यंत आवश्यक भी है'मूल्य, सिद्धांत और नैतिकता जीवन के लक्ष्य और उसके क्रियान्वयन में सर्वाधिक संवेदनशील एवं महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं' सफलता की धारणा केवल स्थापित मापदंड न होकर मानवीय मूल्यों से जुड़ा होकर मानव कल्याण के लिए भी होना चाहिए, और इसमें कोई संदेह नहीं की विश्व भर की सभी सभ्यताओं, संस्कृतियों और धर्मों में अहिंसा, सत्य ,करुणा, सेवा, दया और विश्व बंधुत्व की भावना की निर्विवाद उपस्थिति दिखाई देती है' और वैश्विक विकास की अवधारणा भी इन्हीं बिंदुओं पर रखकर तय की जाती है' भारत में प्राचीन काल से ही मूल्यों की प्रतिबद्धता की परंपरा चली आ रही है'ऋषि-मुनियों ने तो यहां तक कहा है जिसका चरित्र तथा माननीय आदर्श चला गया वह व्यक्ति, मृतक लाश की तरह हो जाता है।

भारतीय संस्कृति में आदर्शों तथा मूल्य के पोषक उदाहरणों की अंतहीन सूची है, जिनमें कबीर, रैदास, संत,ज्ञानेश्वर तुकाराम,मोइनुद्दीन चिश्ती, निजामुद्दीन औलिया, रहीम,खुसरो, गांधी,नेहरू, टैगोर, सुभाष, विवेकानंद जैसे महान लोग सिद्धांतों की प्रतिबद्धता को अपने जीवन की सफलता मानकर अपने जीवन को समाज को सौंप दिया।परिणाम स्वरूप व्यक्ति को महज सफलता का पुजारी ना बन कर मूल्यों के प्रति प्रतिबंध होने का प्रयास करना चाहिए।

# विचार

## हिट एंड रन पर सख्ती से पहले व्यवस्थाओं की हो दुरुस्तगी

**ऋतुपर्ण दवे**

सुकून की बात है कि ट्रांसपोर्टरों की देश व्यापी हड़ताल खत्म हो गई। इससे भी अच्छी बात यह रही कि सरकार को जल्द समझ आ गया कि मामला हाथ से निकलता दिख रहा है। इधर देश भर के तमाम ट्रांसपोर्टर संगठनों को 'हिट एंड रन' मामले में सजा के नए प्रावधानों को लेकर न केवल काफी भ्रम था बल्कि खासकर ड्राइवरों की चिन्ता वाजिब थी। हो सकता है कि एकाएक सरकार के बैकफुट पर आने की वजह सामने आ रहे आम-चुनाव हों? लेकिन कानून के सबसे ज्यादा असर से डरे ड्राइवरों का डर और भविष्य कि चिन्ता भी नकारी नहीं जा सकती है। कम तनख्वाह, गरीबी गुजारा और साधारण रहन-सहन के चलते भारत के समकक्ष माने जाने वाले देशों के मुकाबले हमारे प्राइवेट ड्राइवरों की हैसियत एक मजदूर से ज्यादा नहीं है।

भारत में हर साल करीब साढ़े 4 लाख सड़क दुर्घटनाओं में डेढ़ लाख मौतें होती हैं। जबकि हिट एंड रन से 25-30 हजार लोगों की जान चली जाती है। सच है कि दुर्घटना जानबूझकर कोई नहीं करता। लेकिन दुर्घटना के बाद ड्राइवर फरार हो जाते हैं क्योंकि यदि रुकेगा तो आसपास इकट्ठी हुई भीड़ बिना गलती जाने खुद ही फैसला करने लगती है। अनेकों उदाहरण सामने हैं कि सड़क दुर्घटनाओं के बाद पकड़े गए ड्राइवर किस बुरी तरह पिटते हैं, उनकी मौत तक हो जाती है। कई बार लदा-लदाया वाहन समते ड्राइवर को जिन्दा तक जला दिया जाता है। ऐसे सार्वजनिक कृत्य करने वालों के खिलाफ अक्सर मामला तक दर्ज नहीं होता। ड्राइवर जान से हाथ धो बैठता है तो उसका परिवार अनाथ होकर दर-दर भटकने को मजबूर।

भारत में करीब 1 करोड़ कमर्शियल वाहन हैं जिससे 20 करोड़ लोगों को काम मिलता है। ऐसे में हड़ताल होने से हुआ नुकसान समझ आता है। निश्चित रूप से सरकार द्वारा इस कानून पर सोच-विचार कर, ट्रांसपोर्टरों का पक्ष जानने की पहल अच्छी है। लेकिन यही काम पहले भी हो सकता था जब इसके संशोधन खातिर अमल में जुटे विशेषज्ञ और नौकरशाह दूर की सोचते। क्या उन्हें नहीं पता था कि ट्रांसपोर्टर संगठन कितना मजबूत है? वाहनों के पहिए थम जाएंगे तो हालात कैसे बेकाबू हो जाएंगे? वही हुआ। यकीनन ट्रांसपोर्टेशन देश की अर्थव्यवस्था के साथ आम लोगों की सभी जरूरतों की पूर्ति करता है। सब्जी, भाजी, दूध, अनाज, दवाई और आम और खास सभी के आवागमन का जरिया भी है। ऐसे में हड़ताल से एक ही दिन में देश भर में महज पेट्रोल-डीजल की किल्लत तो सब्जियों के दूने भाव ने हालात कहां से कहां पहुंचा दिए सबने चंद घण्टों में देख लिया। यह सही है कि भारतीय न्याय दंड सहिंता में पहले हिट-एंड-रन जैसी घटनाओं खातिर कोई सीधा कानून नहीं था। जिसमें आरोपी पर आपीसी को धारा 304 ए में अधिकतम दो साल की जेल या जुमार्ने का प्रावधान रहा। लेकिन नई भारतीय न्याय संहिता यानी बीएनएस जो ब्रिटिश-कालीन भारतीय दंड संहिता की जगह बना, उसमें यदि ड्राइवर से गंभीर सड़क दुर्घटना होती है और वह पुलिस या किसी अधिकारी को जानकारी दिए बिना चला जाता है, तो उसे दंडित किया जा सकेगा। इसमें 10 साल तक की जेल और 7 लाख रुपए तक जुमार्ने का प्रावधान है।

लेकिन बड़ा सवाल कि आरोपी ड्राइवर की सुरक्षा की जिम्मेदारी किसकी होगी, भले ही टक्कर सामने वाले की गलती से हुई हो? वहीं दुपहिया वाहन चालकों के मामले तो अक्सर सामने या साइड से आकर पीछे के चकों से दुर्घटनाग्रस्त होने के न जाने कितने मामले हैं। निश्चित रूप से हरेक में मौके पर आरोपी बड़ा वाहन वाला ही कहलाता है। लेकिन अक्सर देखने में आता है कि बड़े वाहन भी साइड देते समय सड़क नहीं छोड़ते हैं। सामने से आ रहा वाहन इस मुगालते में रहता है कि खाली सड़क है साइड मिलेगा। लेकिन पलक झपकते आमने-सामने आ जाते हैं और नतीजा गंभीर दुर्घटना में तब्दील हो जाता है।

भारत में इस कानून में सुधार की दरकार जरूरी है। लेकिन सभी पहलुओं पर विचार के साथ।


## एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: HARHIN / 2016 / 68417**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, 261 ग्लबोल स्पेसिज, पार्ट-2, सेक्टर-33, करनाल, हरियाणा ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, ए-15, बड़ा बाग, जीटी करनाल रोड इन्डस्ट्रीयल एरिया, नई दिल्ली-33 से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है।

**स्थानीय संपादक: राजकुमार शर्मा (प्रिन्स)**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज**
**9999889104, 9250706656**
ई-मेल : actionindiaharyana@gmail.com



### वैधानिक सूचना

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


# चिंतन

## खेलों में राजनीति खेल और खिलाड़ी दोनों के लिए चिंताजनक

**डॉ. सत्यवान सौरभ**

कुश्ती को लेकर मचे बवाल के बीच खिलाड़ी भी सियासी रंग में रंगे नजर आने लगे हैं। यह खेल और खिलाड़ी दोनों के भविष्य के लिए चिंताजनक है। खेलों में सियासत ठीक नहीं है। खेलों में पक्ष-विपक्ष की राजनीति खेल और खिलाड़ी दोनों के लिए चिंताजनक है। खेलों में राजनीति गलत है। खेल साफ, स्वच्छ और पारदर्शी होने चाहिए।वर्तमान कुश्ती संघ और सियासती विवाद से दुनिया भर में भारत की बदनामी हो रही है। पिछले लगभग एक साल के भारतीय कुश्ती को सियासत ने बहुत नुकसान पहुंचाया है। कुश्ती संघ के अध्यक्ष पर महिला पहलवानों के आरोप लगने के बाद से ही सरकार को उन्हें हटा देना चाहिए था, किंतु सियासत के चलते ऐसा नही हुआ। यह खेलों पर एक बदनुमा दाग, शर्म का विषय और त्रासदी है। देश के जो खिलाड़ी विदेशी सरजमीं पर तिरंगे का मान बढ़ाते आए उन्हें अपने अधिकारों के लिए जंतर-मंतर पर धरना देना पड़ रहा है। क्या ऐसे देश खेलों में आगे बढ़ेगा? देश को मेडल दिलाने वाले इंसाफ की गुहार लगा रहे हैं।

पहलवान कुश्ती महासंघ से दो-दो हाथ करने उतरे हैं। आखिर इस खेल और सियासी लड़ाई का अंजाम क्या होगा? किसकी सरकार है या किसकी थी, ये मुद्दा नहीं है। सवाल ये है कि क्या महिला खिलाडियों के साथ यौन शोषण होता है? या फिर ये सियासती मामला है। मुद्दा महिला खिलाड़ियों की सम्मान एवं मानसिक, शारीरिक सुरक्षा का है। अगर कुश्ती में बेटियों की सुरक्षा सुनिश्चित नहीं हुई तो महिला खिलाड़ियों में हर खेल के प्रति रुझान खत्म हो जायेगा। उनका मनोबल गिर जायेगा।

महिलाओं की खेलों में भागीदारी कम हो जायेगी। देश की प्रतिष्ठा और महिला खिलाड़ियों की अस्मिता का सवाल है। क्या राजनीति के चलते दम तोड जाती है प्रतिभाएं? खेलों में राजनीति के सक्रिय होने से प्रतिभावान खिलाड़ियों को दबाया जाता है। खिलाड़ी हमेशा खेल अधिकारियों के दवाब में रहते है। खेलों में मेहनत करने वालों की प्रतिभाएं दबकर रह जाती हैं और आवाज उठाने पर खत्म कर दिया जाता है।

## शुभ यात्रा

**डॉ. सुरेश कुमार**

भारतीय रेलों का शौचालय अनूठे अनुभवों का खजाना है, जिसकी सराहना केवल वे ही कर सकते हैं जिन्हें इनका उपयोग करने का दुर्भाग्य प्राप्त हुआ है। तंग जगह, संदिग्ध स्वच्छता, हिलती-डुलती दुनिया और अत्यधिक दुर्गंध का संयोजन सबसे शांत यात्री को भी कांपते हुए गंदगी का शौचदूत बना सकता है। किंतु, डरिए मत, क्योंकि मैं यहां आपको भारतीय रेलों के भीतर शौचालयों के भीतर होने वाले अद्भुत रोमांचों की कहानियों से रूबरू कराने आया हूं। सबसे पहले, आइए आधुनिक इंजीनियरिंग के इन चमत्कारों के भौतिक आयामों पर चर्चा करें। मैं "आधुनिक" शब्द का प्रयोग शिथिल रूप से करता हूँ, क्योंकि ये शौचालय अक्सर किसी बीते युग की चीज से मिलते जुलते हैं। तंग जगह आराम और राहत की जगह की तुलना में अपहरण कर छिपाकर रखने वाली सुरक्षित जगह है। यह स्थान इतना हिलता-डुलता रहता है कि अपने आपको इधर-उधर न छूने की पैंतरेबाजी करनी पड़ती है। सावधान रहना चाहिए कि किसी भी अज्ञात पदार्थ के डर से किसी भी सतह को न छू लें। एक बार यह मान लेने के बाद कि जब इस यात्रा के विकल्प में कोई चारा नहीं है तब यात्री को गंध की एक श्रृंखला अपने जीवन अनुभव में जोड़कर अपने आने वाली पीढ़ी को शौच बखान के अंतर्गत जोड़कर सुनाना चाहिए। सुगंध इतनी तीव्रता से इंद्रियों पर हमला करती है कि यह अनैच्छिक उल्टी और आँसू पैदा कर सकती है। यह एक ऐसा स्थान है जहाँ किसी को अपने घ्राण तंत्र पर हमले को सहने और अपनी सहनशीलता को आगे बढ़ाने के लिए अपनी पूरी मानसिक शक्ति जुटानी पड़ती है। शौचालय का जंजीर वाला लोटा स्विज बैंक से भी अधिक सुरक्षित है। यह ध्यान रखना पड़ता है कि सुविधाएं स्वयं अक्सर वांछित नहीं होती हैं। पाइपलाइन, अक्सर खराब स्थिति में होती है, मानो इसे टिप-टिप करते हुए अकाल के दिनों में बरसात की अनुभूति की जिम्मेदारी दी गई है। जो बहादुर आत्मा सुविधाओं का उपयोग करने का साहस करती है, उसे संदिग्ध उत्पत्ति और निरंतरता की अचानक बौछार की संभावना के लिए तैयार रहना चाहिए।

## न्यूज फ्लैश

### गली में खड़ी ई-रिक्शा चोरी, मुकदमा दर्ज

**सोनीपत: कुंडली** थाना क्षेत्र के प्याऊ मनियारी नांगल कला में घर के बाहर गली में खड़ी ई-रिक्शा के चोरी होने का मामला सामने आया है। मामले को लेकर पुलिस ने चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाल रही है। ताकि कोई सुराग हाथ लग सके। सीतापुर उत्तर प्रदेश हाल में नांगल कलां निवासी विनय कुमार ने बताया कि उसने परिवार का पालन-पोषन करने के लिए ई-रिक्शा ले रखी है। वह उसे चलाता है। उसे गत 2 फरवरी को ई-रिक्शा को गली के बाहर खड़ी किया था। अगले दिन गली से ई-रिक्शा गायब मिली। अपने स्तर पर रिक्शा की तलाश की, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया। मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच अधिकारी एचसी दीपक ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। जल्द से जल्द चोरों का पता लगाकर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

### कंपनी से हजारों रुपये कीमत का सामान चोरी, मुकदमा दर्ज

**सोनीपत: कुंडली थाना** क्षेत्र स्थित कंपनी से हजारों रुपये कीमत का सामान चोरी होने का मामला सामने आया है। कंपनी में तैनात अधिकारी ने मामले की शिकायत पुलिस को दी। पुलिस ने इस संबंध में मौके का मुआयना कर चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाली जा रही है। ताकि कोई सुराग हाथ लग सके। फरीदाबाद हाल में मैक्स हाइट सेक्टर-61 निवासी मसूद हसन ने बताया कि वह मेकटेक प्रोसेस इंजीनियर प्राइवेट कंपनी में करीब 10 साल से नौकरी कर रहा है। वह कंपनी में हेड के तौर पर कार्यरत है। किसी ने कंपनी से ब्रांस कास्टिंग बुश के 20 पीस गायब मिले। जिनकी कीमत 70 हजार रुपये है। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच अधिकारी एसआई नरेंद्र कुमार ने बताया कि क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाली जा रही है। जल्द से जल्द चोरों का पता लगाकर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

### मोबाइल टावर से बैटरी चोरी करने की वारदात में शामिल आरोपित गिरफ्तार

**सोनीपत: मोहाना** थाना क्षेत्र में मोबाइल टावर की बैटरी चोरी होने की वारदात में शामिल आरोपित को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित अरशाद निवासी मेरठ हाल में बागपता उत्तर प्रदेश का है। पुलिस वारदात में शामिल छह आरोपितों को पहले काबू कर चुकी है।

महलाना निवासी नवीन ने गत 13 जनवरी को पुलिस से शिकायत देकर बताया कि उसके पास कार्यालय से फोन आया कि साइट डाउन है। वह गांव चिटाना में पहुंचा। जहां टावर में लगी चार बैटरी गायब मिली। मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया था। पुलिस ने वारदात में शामिल पांच आरोपितों को पहले काबू कर लिया था। वारदात में शामिल छटे आरोपित को गिरफ्तार किया है। आरोपित की अन्य मामलों में संलिप्ता होने का अंदेशा है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।

### किसान के खेत से कृषि यंत्र चोरी, मुकदमा दर्ज

**सोनीपत: बहालगढ़ थाना** क्षेत्र के चौहान जोशी रोड पर स्थित पंचायती जमीन पर खड़ी दो हरो (कृषि यंत्र) के चोरी होने का मामला सामने आया है। किसान ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।

गांव खेवड़ा निवासी बलजीत उर्फ बल्लू ने बताया कि वह खेतीबाड़ी का काम करता है। उसने चौहान जौशी गांव में पंचायती जमीन पट्टे पर ले रखी है। उसने गेहूं की बिजाई के बाद कृषि यंत्र हरो को खेत में खड़ा कर दिया। उसके पास ही गांव के सुरेश ने भी अपने कृषि यंत्र को खड़ा कर दिया। गत 2 जनवरी को दोनों कृषि यंत्र खेत में ही थे। अगले दिन जाकर देखा तो दोनों यंत्र गायब मिले। अपने स्तर पर सामान की तलाश की, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच अधिकारी एसआई अनिल कुमार ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। जल्द से जल्द चोरों का पता लगाकर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

### ताजीपुर में धौलेड़ा सड़क मार्ग की बजाए साइड में बना दिया अंडरपास, ग्रामीण भयभीत

**टीम एक्शन इंडिया / संजय शर्मा**

**नारनौल। लोक** निर्माण विभाग की ओर से बनाए जा रहे लॉजिस्टिक हब सड़क मार्ग में गांव ताजीपुर में धौलेड़ा क्रॉसिंग सड़क मार्ग पर फ्लाईओवर का अंडरपास साइड में बना दिया गया है, जिस कारण धौलेड़ा सड़क मार्ग अब आरपार सीधे तौर पर दिखाई नहीं देता, जबकि फ्लाईओवर के अंडरपास पर बिल्कुल 90 डिग्री के कौण पर मुड़ना पड़ता है। इस कारण यह अंडरपास ग्रामीणों को खतरनाक हादसे का प्वाइंट नजर आने लगा है तथा उनका तर्क है कि यहां पर सड़क हादसे बढ़ेंगे। इससे ग्रामीण भयभीत हैं। इसलिए धौलेड़ा सड़क मार्ग वाली जगह पर नया अंडरपास बनाया जाना चाहिए, ताकि खतरनाक मोड़ से बचा जा सके और सड़क अंडरपास के अंडर आरपार सीधे दिखाई दे सके और आमने-सामने की सीधी टक्कर से बचा जा सके।

बता दें कि लोक निर्माण विभाग इन दिनों गांव ताजीपुर में अधूरे लॉजिस्टिक मार्ग को पूरा करने में लगा हुआ है। यहां पर जमीन को लेकर पंचायत से एचएसआईडीसी का विवाद था, जो अब पंचायत विभाग के निदेशक के हस्तक्षेप के बाद विवाद तो निपट गया है, लेकिन नई समस्या खड़ी हो गई है। यहां पर बनाए जा रहे फ्लाईओवर में अंडरपास धौलेड़ा सड़क मार्ग पर बनाने की बजाए उससे कुछ हटकर बना दिया गया है। इस कारण जब लोग नारनौल की तरफ से धौलेड़ा मार्ग पर जाते हैं तो अंडरपास के नीचे एकदम से 90 डिग्री पर मुड़ना पड़ता है तथा फ्लाईओवर के कारण सामने का कुछ भी दिखाई नहीं देता है। इस कारण इस अंधे मोड़ को लेकर ग्रामीणों को परेशानी हो गई है। जब फ्लाईओवर अधूरा था, तब लोग अंडरपास से निकलने की बजाए धौलेड़ा सड़क मार्ग की पहले से बनी सड़क पर सीधे आसानी से निकल जाते थे, लेकिन अब फ्लाईओवर का निर्माण शुरू करने के चलते यह मार्ग बंद कर दिया गया है तथा लोगों को अंडरपास के नीचे से गुजरना पड़ रहा है।

जिस कारण यहां हमेशा हादसों का डर बना रहता है। फिलहाल फ्लाईओवर के कारण यहां की सड़क टूटी पड़ी है और टूटी सड़क में वाहन धीमी गति से चलते हैं और धीमी गति के कारण वाहन एक-दूसरे से बचकर निकल जाते हैं, लेकिन जब फ्लाईओवर एवं सड़क पूरे हो जाएंगे, तब वाहनों की स्पीड बढ़ जाएगी और अंडरपास के नीचे हमेशा हादसों का खतरा बना रहेगा।

# पानीपत स्काईलार्क मार्किट में फ्लेक्स बोर्ड-गाड़ियां जब्त



**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत, कमाल हुसैन**

**हरियाणा के** पानीपत शहर में जीटी रोड के साथ स्काईलार्क मार्केट के दुकानदारों में शुक्रवार को उस वक्त हड़कंप मच गया, जब एकाएक मार्केट में पुलिस दलबल पहुंचा। लगभग हर दुकान के आगे पुलिस एक दम पहुंची। पुलिस ने यहां पहुंचते ही दुकानों के बाहर रखे फ्लेक्स बोर्ड का अतिक्रमण जब्त करना शुरू किया। जिसके बाद दुकानदारों ने दुकानों के बाहर खड़ी गाड़ियों को तुरंत हटाना शुरू किया। देखते ही देखते चंद मिनटों में पूरी मार्केट अतिक्रमण मुक्त हो गई। हालांकि इस दौरान पुलिस को दुकानदारों के विरोध का भी सामना करना पड़ा। वहीं, कुछ दुकानदार इस कार्रवाई के पक्ष में भी नजर आए।

ऊरढ ट्रैफिक सुरेश सैनी ने कहा कि स्काईलार्क मार्केट बहुत व्यस्त मार्किट है। यहां दुकानदारों ने निर्धारित जगह के अलावा सड़कों पर भी अपना डेरा जमा लिया है। जिससे यहां स्कूल की बस, एंबुलेंस समेत राहगीर दिनभर जाम का सामान करते हैं। आज की कार्रवाई में गाड़ियां जब्त की गई है। चालान किए गए है। अगर फिर भी दुकानदार नहीं माने तो क्रिमिनल केस के तहत कार्रवाई होगी। डेंट-पेंट वाले दुकानदारों का अधिक अतिक्रमण

दरअसल स्काईलार्क मार्केट में डेंट-पेंट के दुकानदार ज्यादा हैं। जिनके पास कार पार्किंग के लिए अपनी कोई जगह नहीं है। सभी अपनी दुकानों के सामने सड़क पर गाड़ी खड़ी कर डेंट-पेंट करते है, जिससे सड़क पर जाम लगा रहता है। दोपहर के वक्त स्कूल बसें फंसी रहती है। इसी अतिक्रमण को हटाने के लिए डीएसपी ट्रैफिक सुरेश सैनी अपनी टीम के साथ पहुंचे। उन्होंने 500 मीटर तक फैली मार्केट का निरीक्षण किया। इसके बाद गाड़ी उठाना शुरू कर दिया। यहां से करीब एक दर्जन गाड़ी जब्त की। उन्होंने कहा कि शनिवार को दुकान के आगे सड़क पर गाड़ी दिखाई दी तो कार्रवाई होगी।

**दुकानदारों ने ग्राहकों को बताया जिम्मेदार: वहीं** कुछ दुकानदारों ने इसका विरोध किया है और जल्द इस पर आगामी फैसला लेने की बात कही है।

# कोहरे में आमजन यात्रा के दौरान बरतें अतिरिक्त सावधानी: डीसी

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत, कमाल हुसैन**

**उपायुक्त डॉ** वीरेंद्र कुमार दहिया ने आमजन से अपील की है कि सर्दी के मौसम में घने कोहरे के दृष्टिगत वाहन चलाते समय सडक सुरक्षा नियमों की पालना करें। उन्होंने कहा कि कोहरे के मौसम में विजिब्लिटी कम हो जाती है जिससे सडक पर हर समय हादसा होने का अंदेशा रहता है। साथ ही साथ वाहन चलाते समय मोबाइल का इस्तेमाल बिलकुल ना करें। उन्होंने आमजन को धुंध के मौसम में विशेष सावधानी बरतने की अपील करते हुए कहा कि इस दौरान अति जरूरी हो तो ही यात्रा करें तथा ड्राइविंग से पहले मौसम के पूवार्नुमान की निगरानी करने के बाद ही गंतव्य के लिए प्रस्थान करें। डीसी डॉ वीरेंद्र कुमार दहिया ने कहा कि घने कोहरे में वाहन चलाते हुए सावधानी बरतने से स्वयं ही नहीं बल्कि दूसरे को भी सुरक्षित रख सकेंगे। उन्होने कहा कि जितना अधिक लोग ट्रैफिक नियमों का पालन करते हुए सावधानी से वाहन चलाएंगे, उतना ही सफर सुगम और सुरक्षित होगा। उन्होंने कहा कि वाहन चालकों को आगे जाने वाले वाहनों से सुरक्षित दूरी बनाए रखनी चाहिए और फॉग लाइट्स व इंडीकेटर्स को लगातार अऑन रखना चाहिए। इसके साथ-साथ लो-बीम पर हेड-लाइट्स के साथ ड्राइव करें क्योंकि हाई-बीम कोहरे में बैक रिफ्लेक्ट कर विजिब्लिटी को बाधित करती है। धुंध के दौरान लेन बदलने व ट्रैफिक क्रॉस करने से बचें। उन्होंने कहा कि विजिब्लिटी बेहद खराब होने की स्थिति में वाहन चालक सडक पर पेंट की गई लाइन को गाइड के रूप में उपयोग करते हुए वाहन चलाएं। डीसी ने वाहन चालकों से अपील की है कि वे वाहनों की गति सीमा नियंत्रित रखे व मोबाइल फोन तथा म्यूजिक सिस्टम का उपयोग करने से बचें। उन्होंने कहा की लोगों को अपने वाहनों को मुख्य सडक पर पार्क नहीं करना चाहिए।

## मारुति के बाद अब यूनो मिंडा लिमिटेड खरखौदा आईएमटी में करेगी 1100 का निवेश



**खरखौदा/सोनीपत/सोमपाल सैनी**

मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में पिछले 9 वर्षों से हरियाणा निरंतर औद्योगिक विकास की और अग्रसर है। निवेशकों को दी जा रही सुविधाओं के चलते देशझविदेश के निवेशक प्रदेश का रुख कर रहे हैं। गुरुग्राम के बाद अब आईएमटी खरखौदा भी औद्योगिक विकास की दृष्टि से विकसित होने जा रहा है। खरखौदा में मारुति सुजुकी के मेगा प्लांट के बाद अब यूनो मिंडा लिमिटेड भी लगभग 1100 करोड़ रुपये के निवेश के साथ अपना मेगा प्रोजेक्ट लगाएगी। जिससे इस क्षेत्र का और अधिक विकास होगा और रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे।

# माईराम कौशिक व ग्रामीणों ने विकसित भारत संकल्प यात्रा का जोरदार स्वागत किया

**टीम एक्शन इंडिया/राई।**

**हर पात्र** व्यक्ति तक केन्द्र व प्रदेश सरकार की सरकारी योजनाओं का पहुंचाने के लिए शुक्रवार को विकसित भारत यात्रा गांव मुकीमपुर तथा असदपुर पहुंची, जहां राई से विधायक मोहनलाल बड़ौली के भाई एवं भाजपा नेता माईराम कौशिक व ग्रामीणों ने संकल्प यात्रा का जोरदार स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई स्टॉलों का अवलोकन करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि जो भी पात्र लाभार्थी आपके पास आए उसे मौके पर ही सरकार योजनाओं का लाभ प्रदान करें ताकि हर पात्र व्यक्ति योजनाओं का लाभ लेकर विकास के रास्ते पर आगे बढ़ सके और प्रधानमंत्री द्वारा 2047 तक देश को विकसित बनाने के संकल्प को पूरा किया जा सके।

**वितरित किए**

**8 उज्जवला योजना के तहत पात्र लाभार्थियों को गैस सिलेंडर व गैस चूल्हे वितरित किए**

कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को विडियों मोबाइल में लगी एलईडी पर प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री के संदेश विडियों दिखाई गई। भाजपा नेता माईराम कौशिक ने गांवो की गर्भवती महिलाओं को फल, उज्जवला योजना के तहत पात्र लाभार्थियों को गैस सिलेंडर व गैस चूल्हे वितरित किए। इस मौके पर एसडीएम अमित कुमार, डीआरओ हरिओम अत्री, डीडीपीओ जितेन्द्र शर्मा, तहसीलदार जीवेन्द्र मलिक, नगरपालिका कुण्डली की चेयरपर्सन शिमला देवी, विनोद त्यागी, राममेहर, जिला पार्षद देवेन्द्र, नरेन्द्र भारती, विनोद बैरागी, संजय छतेहरा, रामेश्वर बड़ौली, सुनील रोहिल्ला, स्वास्तिक आर्य, एसईपीओ मनजीत, गांव मुकीमपुर की सरपंच पूनम, गांव असदपुर के सरपंच मुकेश कौशिक सहित अने गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

# रेलवे रोड पर जगह-जगह हुए गड्ढों पर पैच लगाने का काम हुआ शुरू



**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर।**

शहर के रेलवे रोड पर बड़े-बड़े गड्ढों से अब लोगों को निजात मिल जाएगी। भवन एवं सड़क निर्माण विभाग द्वारा अब गड्ढों पर पैच लगाने का काम शुरू कर दिया गया है। जिससे रेलवे रोड पर सफर करने वाले लोगों को राहत मिलेगी। शहर को जीटी रोड से जोड़ने वाले रेलवे रोड का करीब चार वर्ष पहले जीर्णोद्धार किया गया था। सड़क के जीर्णोद्धार के बाद लोगों को राहत मिली थी, लेकिन बार-बार जलभराव होने की वजह से सड़क पर फिर से गड्ढों की संख्या बढ़ गई है। कई स्थानों पर जनस्वास्थ्य विभाग के सीवर ओवरफ्लो हो जाते हैं तो कहीं नगरपालिका के नालों का दूषित पानी सड़क पर आकर ठहर जाता है। जहां भी जलभराव की समस्या है वहां से सड़क पर गहरे गड्ढे बन चुके हैं।

## दशमेश नगर में धूमधाम से मनाया गुरु गोबिंद सिंह जन्मदिवस

**टीम एक्शन इंडिया / संजय शर्मा**

**नारनौल।** गुरुद्वारा दशमेश नगर में गुरु गोबिंद सिंह साहिब के प्रकाश उत्सव का जन्मदिवस बड़ी धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर शब्द कीर्तन किया गया, जिसमें मनजीत सिंह, बिजेंद्र सिह, प्रीत्तम सिंह, प्रभ सिमरन कौर व कथा वाचक बाबा गुरुप्रीत सिंह करनाल वाले प्रमुख रूप से मौजूद थे। कथा वाचक बाबा गुरुप्रीत सिंह ने कहा कि गुरु गोबिंद सिंह ने सनातन धर्म की स्थापना के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया था।

# मां का जीवन में सर्वोत्तम स्थान: दुष्यंत चौटाला



**टीम एक्शन इंडिया / दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़।** इंसान के जीवन में माता का सर्वोत्तम स्थान होता है। वह जननी के साथ-साथ पहली गुरु भी होती है। माता ही बच्चों में अच्छे संस्कार डालती है और बच्चे बड़े होकर समाज निर्माण में अहम भूमिका निभाते हैं। उक्त विचार डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला ने हरियाणा पत्रकार संघ के जिला प्रधान प्रदीप बालरोडिया की माता की श्रद्धांजलि सभा में कहे। उन्होंने अपने श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए परमपिता परमात्मा से दिवंगत आत्मा की शांति व परिवार को हौसला देने की प्रार्थना की। मंच संचालन सुशील शर्मा ने किया। कांग्रेस विधायक राव दानसिंह ने कहा कि माता परिवार की धुरी होती है और पूरे परिवार को एक धागे में पिरोकर रखती है। उन्होंने कहा कि इस परिवार से मेरा वर्षों से नाता रहा है और उनकी कमी सदैव महसूस करेंगे। वही कोऑपरेटिव बैंक के पूर्व चेयरमैन राव रामकुमार, पूर्व चेयरमैन कंवरसिंह यादव, यादव सभा प्रधान एडवोकेट अभयराम यादव, युवा नेता राजकुमार खातोद, वेद प्रचार मंडल जिला अध्यक्ष प्रेम राज यादव, आर्य समाज प्रधान भूपेन्द्र यादव, ब्रह्मदेव आर्य, श्री गोशाला पूर्व प्रधान कैप्टन सुरेंद्र यादव, भाजपा जिला महामंत्री अमित मिश्रा, भाजपा युवा नेता पवन खैरवाल, व्यापारी नेता नरेश चेयरमैन, नवीन राव, बलवान फौजी, डॉ भूपसिंह यादव, विक्रम कोका, रोटरी क्लब प्रधान मुकेश मेहता, भारत विकास परिषद प्रधान सुरेश सैनी, प्रेस क्लब नारनौल प्रधान असीम राव,

बार एसोसिएशन प्रधान राजीव यादव, बार एसोसिएशन कनीना प्रधान सुनील रामबास, पूर्व प्रधान दीपक चौधरी, महिला कांग्रेस जिला अध्यक्ष बाला देवी, धोलपोस गोशाला प्रधान रवि तिवारी, समाज सेवी सुरेश शर्मा, प्राचार्य प्रवीण यादव, प्राचार्य संजय जोशी, प्राचार्य आरपी कौशिक, आप युवा प्रदेशाध्यक्ष डॉक्टर मनीष यादव, चेयरमैन रमेश सैनी, महेंद्र देवनगर, कृष्ण चेयरमैन, महावीर सरपंच सहित अनेको सामाजिक धार्मिक व राजनीतिक संगठनों से जुड़े हुए लोगों ने पहुंचकर श्रद्धांजलि दी।

# 'हवन-यज्ञ से व्यक्ति को मिलता है आत्मिक बल'



**टीम एक्शन इंडिया/राई।**

**अटेरना गांव** में गोल्डन स्फीयर गार्डन (बिल्लू फ़ार्म) में साप्ताहिक श्रीमद भागवत कथा का आयोजन हुआ। कृष्णप्रिया जी कथावाचक (वृंदावन) ने भागवत का ज्ञान सार दिया। कथा का समापन हवन व भंडारे से हुआ। हवन में समाजसेवी प्रतीक शर्मा पहुंचे और आहुति डाली। कथा के भव्य आयोजन के लिए 8100 रुपए की सहयोग राशि दी। कृष्णप्रिया जी कथावाचक (वृंदावन) ने 7 दिन तक चली कथा में भक्तों को श्रीमद भागवत कथा की महिमा बताई। उन्होंने लोगों से भक्ति मार्ग से जुड़ने और सत्कर्म करने को कहा। समाजसेवी प्रतीक शर्मा ने हवन में आहुति डालने के बाद संबोधित करते हुए कहा कि हवन-यज्ञ से वातावरण एवं वायुमंडल शुद्ध होने के साथ-साथ व्यक्ति को आत्मिक बल मिलता है। व्यक्ति में धार्मिक आस्था जागृत होती है। दुगुर्णों की बजाय सद्गुणों के द्वार खुलते हैं। यज्ञ से देवता प्रसन्न होकर मनवांछित फल प्रदान करते हैं। प्रतीक शर्मा ने कहा कि भागवत कथा के श्रवण से व्यक्ति भव सागर से पार हो जाता है। श्रीमद भागवत से जीव में भक्ति, ज्ञान एवं वैराग्य के भाव उत्पन्न होते हैं। इसके श्रवण मात्र से व्यक्ति के पाप पुण्य में बदल जाते हैं। विचारों में बदलाव होने पर व्यक्ति के आचरण में भी स्वयं बदलाव हो जाता है। हर कथा या अनुष्ठान का तत्वसार होता है जो मन बुद्धि व चित को निर्मल कर देता है।

# 3 दिन की सांकेतिक धरना के बाद भी सरकार ने कोई रास्ता नहीं निकला

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत कमाल हुसैन**

**प्रांतीय कार्यकारिणी** ने 7 , 8 , 9 जनवरी को फिर से तीन दिवसीय धरना की घोषण कर दी ।जान बूझ कर सरकार ने पटवारी व कानूनगो को धरना देने पर मजबूर कर दिया। हम काम करने वालें है । सरकार जान बूझ कर पटवारियों को धरना पर बैठा कर किसानों विद्यार्थियों वा आम जन को दुखी कर रही है।1 साल बीत जाने पर भी वेतन विसंगति को दूर नहीं किया। मजबूर होकर के हरियाणा भर के पटवारी और कानुनगो को आज सांकेतिक धरने पर बैठना पड़ा। दिल्ली में पिछले साल मुख्यमंत्री ने पे ग्रेड बढ़ाने की बात कही थी जो आज तक भी पूरा नहीं हुआ है । यह बात कहते हुए पानीपत की पुरानी तहसील में सांकेतिक धरना दिया गया जो 8,9 ,10 जनवरी तक चलेगा । जानकारी देते हुए जिला सचिव दिलावर सिंह ने बताया की दिल्ली के हरियाणा भवन में पिछले साल दी रेवेन्यू पटवारी कानूनगो की कार्यकारिणी के साथ मुख्यमंत्री साहब ने 32100 रुपए पे ग्रेड बनाने का वायदा किया था जिसकी अधिसूचना जारी हो गई थी । परंतु बाद में एक पत्र जारी करके उसको तोड मरोड़ कर लागू कर दिया जिससे सभी पटवारी को फायदा नहीं हुआ। आज 2013 में लगे पटवारी की भी वही वेतन है जो 2023 में लगने वाले की है । जो की बिल्कुल गलत है नाइंसाफी है । इस विसंगति को दूर करने के लिए पूरा 1 साल हो गया मुख्यमंत्री साहब को ऋछफ डीएलआर को प्रार्थना करते हुए की विसंगति को दूर कर लो परंतु सरकार ने कोई सकारात्मक कार्यवाही नहीं की। प्रधान मुकेश कुमार ने बताया कि बताया कि नायाब तहसीलदार की प्रमोशन के लिए विभाग हर छट्ठे महीने परीक्षा लेता था परंतु अबकी बार 3 साल से कोई परीक्षा नहीं ली गई इस कारण बहुत सारे कानूनगो नायब तहसीलदार के पद से प्रमोशन बिना रिटायर होने पर मजबूर हैं । हरियाणा में पटवारियों के हजारों पद खाली पड़े हैं ।

# केयू में स्वर झंकार संगीत समारोह का हुआ आयोजन




**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र(दलबीर मलिक)कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के** संगीत एवं नृत्य विभाग के सभागार में कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में संगीत एवं नृत्य विभाग तथा कला एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग, हरियाणा के संयुक्त तत्वाधान में स्वर झंकार संगीत समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विभागाध्यक्षा डॉ. आरती श्योकंद, डॉ. दीपिका वालिया, श्रीमती रेणु हुड्डा, डॉ. अशोक शर्मा, डॉ. हरविन्दर सिंह ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया।समारोह के आरम्भ में अमेरिका से आई विदुषी संहिता नंदी ने अपना गायन प्रस्तुत किया। विदुषी संहिता नंदी ने अपने गायन का आरंभ राग मियाँ की तोड़ी से किया और तत्पश्चात राग चारुकेशी प्रस्तुत किया। उनके साथ संगीत एवं नृत्य विभाग के तबला अनुदेशक सुरेंद्र कुमार ने तबले पर व हारमोनियम पर संगीत एवं नृत्य विभाग के गायन विषय के सहायक प्रोफेसर डॉ तरुण जोशी ने मनमोहक संगत दी। तानपुरे पर सचकिरण कौर ने साथ दिया। संगीत एवं द्वितीय विभाग की विभागाध्यक्षा डॉ. आरती श्योकंद ने संगीत समारोह की मुख्य अतिथि कला एवं संस्कृति कार्य विभाग के संगीत विभाग से डॉ. दीपिका वालिया, विशिष्ट अतिथि रेणु हुड्डा सहित अतिथियों, संगीत रसिक जनों, विद्यार्थियों, शोधार्थियों का स्वागत किया। उन्होंने कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो॰ सोमनाथ सचदेवा का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्होंने कला एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग, हरियाणा के साथ मिलकर आज का यह सुन्दर आयोजन करने की अनुमति प्रदान की।महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय, रोहतक से आए व संगीत एवं नृत्य विभाग के शोधार्थी सुरेंद्र रावल ने अपना सितार वादन प्रस्तुत किया। सुरेंद्र रावल ने अपने सितार वादन का प्रारंभ राग वाचस्पति से किया। इसके पश्चात उन्होंने राग पहाड़ी में धुन प्रस्तुत की। उनके साथ संगीत एवं नृत्य विभाग के वरिष्ठ तबला अनुदेशक एवं भारत के प्रतिष्ठित तबला गुरु पंडित सुशील कुमार जैन के पट्ट शिष्य नितिन शर्मा ने तबले पर शानदार संगत की।कला एवं संस्कृति कार्य विभाग हरियाणा से आई डॉ. दीपिका वालिया ने कहा कि कला एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग, हरियाणा का सदैव ये प्रयास रहता है कि हरियाणा में जहाँ भी संगीत के कार्यक्रमों की कोई रूपरेखा बनती है तो उसमें बढ़ चढ़कर सहयोग करते हैं। संगीत एवं नृत्य विभाग के साथ मिलकर कार्यक्रम के आयोजन में हमें अपार हर्ष हो रहा है।कार्यक्रम के अंत में डॉ. अशोक शर्मा ने सभी अतिथियों, विद्यार्थियों, शोधार्थियों एवं शिक्षकों का धन्यवाद किया।

## न्यूज फ्लैश

### एटीएम काटने में माहिर अंतरराज्यीय बदमाश मुठभेड़ में घायल

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
एटीएम काट कर लूट करने के माहिर गिरोह के सदस्यों के साथ मथुरा पुलिस की मुठभेड़ में एक बदमाश पुलिस की गोली से घायल हो गया। घायल अवस्था में पुलिस ने सहबाज मेव पुत्र शमी अहमद निवासी ग्राम नगला कानपुर थाना हसनपुर जनपद पलवल हरियाणा को गिरफ्तार किया है। वहीं गिरफ्तार बदमाश का साथी साजिद मेव पुत्र मुस्ताक निवासी नवासी उटावर थाना कोसीकलां जनपद मथुरा रात के समय घिरे घने कोहरे से लाभ उठा कर भागने में सफल रहा रहा। फरार हुए बदमाश की तलाश में पुलिस संभावित स्थानों पर दबिश दे रही है। बदमाशों के साथ पुलिस की मुठभेड शुक्रवार को थाना शेरगढ़ क्षेत्र में पैगांव विशम्भरा रोड़ पर गंजावास मोड़ के पास हुई। इनके कब्जे से पुलिस ने एक हुण्डई क्रेटा कार, एक लाख रुपए नगद, एक तमंचा, एक खोखा व चार जिन्दा कारतूस, एक लाख 68 हजार रुपए बैंक में जमा करने की पर्ची व एटीएम मशीन काटने के उपरकरण बरामद किये हैं। थानाध्यक्ष शेरगढ सोनू कुमार के मुताबिक अभियुक्त द्वारा अपने साथियों के साथ मिलकर देश के अलग अलग राज्यों जैसे पंजाब, गुजरात, महाराष्ट्र, उडीसा, उत्तर प्रदेश आदि में जाकर एटीएम मशीन को काटकर उसके रुपए निकाल लेने की संगीन घटनों को अंजाम देते रहे हैं।

### मुख्यमन्त्री उड़नदस्ता करनाल व खाद्य सुरक्षा अधिकारी पानीपत की टीम द्वारा पकडी नकली पनीर बनाने की फैक्टरी

**पानीपत 5 जनवरी ( कुलदीप सिंह )**
मुख्यमन्त्री उड़नदस्ता करनाल व खाद्य सुरक्षा अधिकारी पानीपत की टीम द्वारा पकडी नकली पनीर बनाने की फैक्टरी, संचालक के खिलाफ खाद्य सुरक्षा अधिकारी की तरफ से दर्ज करवाया जायेगा मुकदमा*- निरीक्षक बलीराम मुख्यमंत्री उडनदस्ता करनाल, उप नि. जसबीर सिंह व ई.ए.एस.आई. प्रवीन कुमार गुप्तचर इकाई पानीपत तथा डॉ जोगिन्द्र सिंह खाद्वय सुरक्षा अधिकारी पानीपत की संयुक्त टीम द्वारा औसर रोड मतलौढा पर सुनील कुमार पुत्र विजय शाह वासी हथयौल जिला मोतीहारी चम्पारण बिहार हाल औसर रोड मतलौढा द्वारा नकली पनीर बनाये जाने की गुप्त सूचना पर चलाई जा रही फैक्टरी का औचक निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान फैक्टरी पर सुनील कुमार मिला। सुनील द्वारा यह फैक्टरी सतबीर सिंह वासी गांव नैन से किराये पर लेकर चलाई जा रही थी। पनीर बनाने बारे इस द्वारा एफ.एस.एस.ए.आई लाईसैंस नही बनवाया गया । भौतिक निरीक्षण करने पर मौका पर तैयारशुदा पनीर 170 किलोग्राम, डी-फ्रीजर मे करीब 150 किलोग्राम खीस, दूसरे फ्रीजर मे करीब 40 किलोग्राम दूध तथा कैनी मे करीब 15 किलोग्राम सीरका मिला। जिसके खाद्वय सुरक्षा अधिकारी द्वारा अलग-अलग सैंपल लिये गये। खीस व सीरका आम जनमानस के लिये खाने योग्य नही था मौका से बरामद 150 किलोग्राम खीस व 15 किलोग्राम सीरका को खाद्वय सुरक्षा अधिकारी द्वारा गन्दा नाला मे डालकर ड्रिस्ट्रॉय करवाया गया। सैंपलो को परीक्षण हेतु फूड एनालिसिस लैब करनाल मे भेजा जाएगा। नतीजा आने पर अन्य नियमानुसार आगामी कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

### गरीबी कोई अभिशाप नहीं है

**समालखा 5 जनवरी ( कुलदीप सिंह ) /टीम एक्शन इंडिया** राजकीय मॉडल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय समालखा में आयोजित सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर के छठे दिन बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे प्राचार्य साहब सिंह रंगा ने स्वयं सेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि गरीबी कोई अभिशाप नहीं है यदि आप खूब मेहनत करके पढ़ोगे तो आप सफल जरूर होंगे गरीबी आपकी सफलता में रुकावट नहीं बनेगी।
इस अवसर पर पहुंचे एनएसएस के जिला समन्वयक सुनील मलिक ने कहा कि आप अपने स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए समय का सदुपयोग करें यदि आप टाइम मैनेजमेंट अच्छे से करोगे तो जीवन में निश्चित रूप से सफल होगे। हसला प्रधान अजेंदर कुंडू ने कहा कि अच्छा चरित्र ही व्यक्ति की पहचान होती है आप चरित्रवान बनो और समाज और देश के लिए उपयोगी बनो।
एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी राजू राम ने कहा कि हमें डिजिटल लेनदेन करते वक्त बहुत सावधानी रखनी चाहिए डिजिटल लेनदेन संबंधी ओटीपी किसी दूसरे व्यक्ति को नहीं बताना चाहिए तथा एटीएम का प्रयोग करते वक्त अपना पिन नंबर सावधानी से डालना चाहिए ।

# केन्द्र व प्रदेश में तीसरी बार सरकार बनाएगी भाजपा : कैप्टन भूपेन्द्र

## नवनियुक्त प्रदेश सचिव ने नई जिम्मेवारी देने पर जताया संगठन का आभार

**चंडीगढ़/हिसार/टीम एक्शन इंडिया**
भारतीय जनता पार्टी के नवनियुक्त प्रदेश सचिव कैप्टन भूपेन्द्र, वीरचक्र ने दावा किया है कि भारतीय जनता पार्टी केन्द्र व प्रदेश में तीसरी बार सरकार बनाएगी। उन्होंने कहा कि इस समय भाजपा के मुकाबले कोई दल चुनाव लड़ने की स्थिति में नहीं है। कैप्टन भूपेन्द्र, वीरचक्र शुक्रवार को हिसार के लोक निर्माण विश्राम गृह में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने



पार्टी संगठन द्वारा प्रदेश सचिव के रूप में नई जिम्मेवारी दिए जाने पर संगठन का आभार जताया और कहा कि वे संगठन की आशाओं पर खरा उतरने का प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि जिला अध्यक्ष के रूप में तीन साल के कार्यकाल में कार्यकताओं व पदाधिकारियों के सहयोग से जिले में संगठन को मजबूत करने का प्रयास किया गया। इसके अलावा केन्द्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने में एक-एक कार्यकर्ता लगा रहा। विश्वव्यापी महामारी कोरोना काल में पार्टी कार्यकताओं ने जरूरतमंद लोगों तक पहुंचकर उनका सहयोग किया, जो अनुकरणीय है।
कैप्टन भूपेन्द्र, वीरचक्र ने कहा कि प्रदेश सचिव के रूप में संगठन उनकी जो ड्यूटी लगाएगा, उसके हिसाब से वे कार्य करेंगे। फिलहाल पार्टी लोकसभा चुनाव की तैयारियों में लगी है और लोकसभा चुनाव के तुरंत बाद हरियाणा विधानसभा चुनाव की तैयारियां शुरू हो जाएगी। ऐसे में वे पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकताओं के सहयोग से अपना कार्य बेहतर करने का प्रयास करेंगे। लोकसभा व विधानसभा चुनाव एक साथ करवाने की संभावना बारे पूछे जाने पर कैप्टन भूपेन्द्र ने कहा कि यह फैसला पार्टी के शीर्ष नेतृत्व को करना है। फिर भी कार्यकताओं को जो आदेश होंगे, वे उसकी पालना के लिए तत्पर रहेंगे।

## राजेश जून ने केक काटकर मनाया सांसद दीपेंद्र हुड्डा का जन्मदिन

**सिद्धार्थ राव, बहादुरगढ़ ।टीम एक्शन इंडिया**
हल्का बहादुरगढ़ से वरिष्ठ समाजसेवी व कांग्रेस डेलीगेट राजेश जून ने दिल्ली रोहतक रोड पर स्थित अपने कार्यालय पर राज्यसभा सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा का जन्म दिवस अपने हजारों समर्थकों के साथ केक काटकर मनाया ।सांसद दीपेंद्र हुड्डा की लंबी आयु उनके बेहतर स्वास्थ्य व जीवन में सफलता व दीघार्यु की कामना के साथ हजारों समर्थकों ने राजेश जून के नेतृत्व में दोनों हाथ उठाकर दीपेंद्र हुड्डा जिंदाबाद के लगाए नारे। पत्रकारों को संबोधित करते हुए राजेश जून ने कहा कि दीपेंद्र हुड्डा एक मिलनसार व्यक्तित्व के धनी है राजनीतिक सूझबूझ से ओतप्रोत सांसद दीपेंद्र हुड्डा हरियाणा का भविष्य है अपने पिता चौधरी भूपेंद्र सिंह हुड्डा के नक्शे कदम पर चलते हुए सांसद दीपेंद्र



सिंह हुड्डा आज हरियाणा प्रदेश वासियों की चाहत बने हुए हैं , हरियाणा प्रदेश वासी चौधरी भूपेंद्र सिंह हुड्डा और दीपेंद्र सिंह हुड्डा की ओर आशा भरी निगाहों से देख रहे हैं। मैं उनके जन्मदिवस के अवसर पर परमपिता परमात्मा से उनकी सफलता के लिए प्रार्थना करता हूं।
इस बार हरियाणा प्रदेश की कमान चौधरी भूपेंद्र सिंह हुड्डा के नेतृत्व में व सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा के मार्गदर्शन में सौंपकर कांग्रेस पार्टी की सरकार बनाकर हरियाणा के हितों की रक्षा के लिए प्रदेशवासी तत्पर हैं।

## भाजपा होली गेट मंडल की कार्य समिति बैठक हुई संपन्न

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
लोकसभा चुनाव की तैयारी व संगठनात्मक कार्यक्रमों को बेहतर ढंग से संचालित करने के लिए भारतीय जनता पार्टी होली गेट मंडल महानगर की कार्य समिति की बैठक हुई आयोजित। जिसकी अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष लोकेश तायल एवं संचालन यशराज चतुर्वेदी ने किया ।इस अवसर मुख्य अतिथि के रूप आए भाजपा महानगर अध्यक्ष घनश्याम लोधी ने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि जनता से संपर्क ही भाजपा की मजबूती का आधार है। 2024 की लड़ाई विकसित भारत के लिए है। कैंप लगाकर अधिक से अधिक युवाओं को नमो एप से जोड़ा जाएगा। वहीं महानगर महामंत्री राजवीर चौधरी व प्रभारी पन्ना गोतम ने कहा कि आगामी दिनों में युवा मोर्चा नव मतदाता सम्मेलन, शक्ति केंद्रों पर नुक्कड़ सभा, महिला मोर्चा युवती सम्मलेन, अनुसूचित मोर्चा बस्ती संपर्क, ओबीसी मोर्चा युवा संवाद, किसान मोर्चा



किसान अधिवेशन, अनुसूचित जनजाति मोर्चा जनजाति महासम्मेलन और अल्पसंख्यक मोर्चा संवाद कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। वही सभी का धन्यवाद देते हुए मंडल अध्यक्ष लोकेश तायल ने कहा आगामी 2024 लोकसभा चुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी ने कमल के निशान को अपना उम्मीदवार मानते हुए अपने आगामी अभियानों की रूपरेखा पर काम करना शुरू कर दिया है, जिसके अंतर्गत मंडल से बूथ तक के पदाधिकारियों की जिम्मेदारियां तय की जाएगी।

## जरूरतमंदों की मदद को जिला अस्पताल को सौंपे 100 कंबल

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
सर्द के सितम से आम जनजीवन प्रभावित है। इस मौसम में सबसे अधिक कठिनाई उन लोगों को हो रही है जिनके पास सर्दी से बचाव को जरूरी इंतजाम तक नहीं है। ये लोग एक एक दिन गिन कर काट रहे हैं। ऐसे में कई समाज सेवी संस्थाएं आगे आ रही हैं और जरूरतमंदों की मदद के लिए हर संभव उपाय कर रही है।
पूर्वांचल सेवा समिति ने इसी तरह के जरूरतमंदों की मदद के लिए 100 कंबल जिला अस्पताल के सीएमएस को सौंपे।
सीएमएस डा.मुकुंद बंसल ने बताया कि अस्पताल की ओर से मरीजों और तीमारदारों की पूरी मदद की जाती है। सर्द मौसम में जिला अस्पताल में रेन बसेरा भी बनाया गया है।

## सरकारी योजनाओं से वंचित लोगों तक पहुंचने का एक बड़ा माध्यम बनी विकसित भारत संकल्प यात्रा

**सिवानी मंडी सतीश खतरी /टीम एक्शन इंडिया**
विकसित भारत संकल्प यात्रा उन लोगों तक पहुंचने का एक बड़ा माध्यम बन गई है जो अब तक सरकारी योजनाओं से नहीं जुड़ पाए हैं। सरकार जनता के घरद्वार पर पहुंचकर उन्हें योजनाओं की जानकारी दे रही है और लाभार्थियों की पहचान कर उन्हें लाभान्वित कर रही है। सरकार का उद्देश्य यह है कि कोई भी लाभार्थी सरकार द्वारा जनहित के के लिए क्रियान्वित की गई योजनाओं व सेवाओं का लाभ लेने से वंचित न रह जाए।
जिला पार्षद मंजू जांगड़ा शुक्रवार को गांव गढ़वा खरकड़ी व मीठी में विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान आयोजित कार्यक्रम को बतौर मुख्यातिथि



संबोधित कर रही थी।
अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य केन्द्र सरकार की योजनाओं के बारे में जनता के बीच जागरूकता बढ़ाना और अधिक से अधिक लोगों को विशेषकर कमजोर वर्ग के लोगों को योजना के दायरे में लाना है। विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत वैन विशेष रूप से डिजाइन की गई है, जिसके माध्यम से केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भारत को विकसित देश बनाने में समाज के हर नागरिक को अपना योगदान देना होगा। सरकार समाज के अंतिम व्यक्ति को खुशहाल बनाने के लिए योजनाओं का सौ फीसदी लाभ लोगों तक पहुंचा रही है।
कार्यक्रम में विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई स्टालों का अवलोकन भी किया।

## डर के साए में जीने को मजबूर यूनिवर्सिटी की छात्राएं : डॉ. संदीप पाठक

**बैठक**

8 राजनीतिक संरक्षण के कारण स्कूल और कॉलेज में छात्राओं का हो रहा यौन शोषण : डॉ. संदीप पाठक

**जींद/करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री (संगठन) और राज्यसभा सांसद डॉ. संदीप पाठक ने शुक्रवार को जींद में जींद, हिसार ग्रामीण और शाम को करनाल में करनाल और पानीपत के पदाधिकारियों और कार्यकताओं के साथ बैठक की। इस मौके उनके साथ आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सुशील



गुप्ता और वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष अनुराग ढांडा मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि हरियाणा में आम आदमी पार्टी की बदलाव यात्रा काफी सफल रही, इसके बाद 28 जनवरी को जींद में बदलाव रैली आयोजित की जा रही है। इस रैली में आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल और पंजाब के मुख्यमंत्री भागवत मान पहुंचेंगे।
उन्होंने कहा कि बदलाव रैली की तैयारियों को लेकर हरियाणा के हर जिले के पदाधिकारी और कार्यकताओं के साथ बैठक की जा रही है। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी की रैली का मकसद केवल भीड़ जुटना नहीं, बल्कि आम आदमी पार्टी की विचारधारा और नीतियों को हर गांव के व्यक्ति तक पहुंचना है। इस दौरान उन्होंने हरियाणा में महिलाओं पर लगातार बढ़ रहे अपराध को लेकर हरियाणा सरकार को घेरा। उन्होंने कहा कि हरियाणा में स्कूल और कॉलेजों में भी बेटियां सुरक्षित नहीं हैं।
उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार प्रदेश की महिलाओं की सुरक्षा देने में पूरी तरह से विफल रही है। महिलाओं के खिलाफ बढ़ते अपराधों की वजह से हरियाणा में महिलाएं खुद को असुरक्षित महसूस कर रही हैं। उन्होंने कहा कि महिलाओं पर पढ़ते अपराध के मामले में अब सिरसा से एक चौंका देने वाला मामला सामने आया है। जिसमें चौधरी देवीलाल यूनिवर्सिटी सिरसा की 500 छात्रों ने एक गुमनाम पत्र राष्ट्रीय महिला आयोग, हरियाणा के मुख्यमंत्री, गवर्नर और होम मिनिस्टर को लिखा है। इस पत्र ने भाजपा सरकार के शासन की पोल खोल दी है।
उन्होंने कहा कि पत्र में 500 छात्राओं ने प्रोफेसर पर उनके साथ हो रहे यौन शोषण के गंभीर आरोप लगाए हैं।

## मेडिकल बेस्ट उठाने वाली गाडियों में जीपीएस ट्रैकिंग सिस्टम अनिवार्य

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
मेडिकल बेस्ट उठाने वाली गाडियों में जीपीएस ट्रैकिंग सिस्टम अनिवार्य होगा। जिससे यह सुनिश्चित हो सके कि उठाया गया मेडिकल बेस्ट बायो रेमिडेशन प्लांट तक पहुंचा। जिलाधिकारी शैलेन्द्र कुमार सिंह ने कलेक्ट्रेट सभागार में जिला गंगा, पर्यावरण एवं वृक्षारोपण समिति की बैठक ली। क्षेत्रीय अधिकारी प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को निर्देशित किया कि जनपद में प्रदूषण से संबंधित जो कार्य किए जा रहे हैं उनका निरीक्षण करते रहें तथा फैक्ट्री, कम्पनी, फर्म आदि द्वारा प्रदूषण मानकों का शत प्रतिशत पालन सुनिश्चित किया जाये। हानिकारक वेस्ट पर नियमानुसार कार्यवाही करना सुनिश्चित करें। सिंगल यूज प्लास्टिक पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध भी करे और इससे पर्यावरण पर होने वाले दुष्प्रभाव के बारे में नागरिकों को जागरूक किया जाये। जैव चिकित्सा अपशिष्ट प्रबंधन के अंतर्गत स्वास्थ्य केंद्रों से जो अपशिष्ट उठान हो रहा है, का समय समय पर निरीक्षण करते रहे। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि मेडिकल बेस्ट उठाने वाली कम्पनी को निर्देशित किया जाये कूड़ा उठाने वाली सभी गाडियों पर जीपीएस ट्रैकिंग सिस्टम लगायें तथा निरंतर निगरानी रखें। ठोस अपशिष्ट प्रबंधन कांस्ट्रक्शन वेस्ट, ई वेस्ट, जैव चिकित्सा अपशिष्ट प्रबंधन के निस्तारण की प्रगति की बिंदुवार समीक्षा की। जनपद में कारखानों, प्लांट एवं फैक्ट्री में प्रदूषण मानकों की जांच निरंतर करते रहे। ससमय सी.एम. डैशबोर्ड पर भरने वाले डाटा को अपलोड करे।
बायो रेमिडिएशन प्लांट के बारे में जानकारी लेते हुए निर्देश दिए कि वेस्ट का निस्तारण कराएं।

## आय जाति निवास प्रमाण पत्रों के लिए भटक रहे युवा

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
छाता तहसील में प्राइवेट कर्मचारी अपनी मनमानी कर रहे हैं व लेखपाल आय, जाति, निवास प्रमाण पत्र में अपनी रिपोर्ट में देरी कर रहे हैं। कुछ प्रमाण पत्रों को तो 15 से 20 दिन हो जाते हैं उन पर अपनी रिपोर्ट लगाकर नहीं देते हैं जिससे जनता परेशान है। उत्तर प्रदेश पुलिस की लम्बे समय बाद निकलीं 60 हजार से अधिक वकेंसी के लिए बडी संख्या में युवा आवेदन कर रहे हैं। जिसमें जाति व निवास प्रमाण पत्र की आवश्यकता होती है और अभ्यर्थियों ने अपने जन सुविधा केंद्र से आय, जाति, निवास के लिए आवेदन कर रखे हैं लेकिन उन पर लेखपाल अपनी रिपोर्ट नहीं लग रहे हैं। ऐसे अभ्यर्थियों का आरोप है कि प्राइवेट कर्मचारी बिना सुविधा शुल्क के आय जाति निवास प्रमाण पत्र नहीं बना रहे हैं।

## कृषि भूमि की व्यवसायिक घेराबंदी करने में जुटे रसूखदार

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
कान्हा की नगरी देश दुनिया के लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र बन रही है। सरकार की योजनाएं लगातार यहां धार्मिक पर्यटन को बढावा देने की हैं। हाइवे और एक्सप्रेस वे का जाल बिछाया जा रहा है। धार्मिक पर्यटन को आने वाले लोगों संख्या में लगातार इजाफा हो रहा है। देश के जाने माने टूरिस्ट स्पॉट को भी भीड भाड के मामले में ब्रज ने पीछे छोड दिया है। होटल, धर्मशाला, गेस्ट हाउस, आश्रमों की संख्या में लगातार वृद्धि हो रही है। तमाम लोगों की इच्छा मथुरा वृंदावन



और इसके आसपास के इलाके में बसने की बलवती हो रही है। यही वजह है कि प्रमुख परिक्रमा मार्गों और धार्मिक स्थलों को जोडने वाले प्रमुख मार्गों पर लोग कृषि भूमि को किसानों से खरीद कर घेरने में लगे हैं। इस भूमि पर भविष्य में इनका बड़ा प्लान है हाल फिलहाल किसी बहाने से घेरी बंद करने की जुगत में जुटे हैं। अवैध निमार्णों की बाढ सी आ गई है और नई कॉलोनियां कुकुरमुत्तों की तरह उग आई है। यमुना खादर में नियम विरूद्ध विकसित हुईं करीब 250 कॉलोनियों का अभी कोई प्रशासन के पास अभी तक कोई इलाज नहीं है। अब चहुंओर अवैध निमार्णों की बाढ़ सी आ गई है।
ऐसे में मथुरा वृंदावन विकास प्राधिकरण यहां वहां इक्का दुक्का कार्यवाही कर कुछ करने की मंशा का इजहार करता रहता है लेकिन यह कार्यवाही अवैध निमार्णों की बाढ को रोकने में पूरी तरह से नाकाम साबित हो रही है। एमवीडीए ने विनय मित्तल द्वारा मौजा छरोरा एनएच टू पर राजीव एकेडमी के सामने थाना जैंत के अंतर्गत विकसित की जा रही अवैध कॉलोनी का ध्वस्तीकरण करया है।
यहां अभी तक इस जमीन की घेराबंदी ही सुनिश्चित की गई थी। भूमि की बाउंड्रीवाल करा कर कॉलोनी विकसित करने के नाम पर ईंटों की सडक बना दी थी जिससे लोगों को लगे कि यहां निर्माण कार्य चल रहा है।

## देश में भूमि अधिग्रहण नीतियां किसानों के अनुकूल नहीं: धर्मवीर सिंह

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
संयुक्त किसान मोर्चा के राष्ट्रीय आवाहन पर शुक्रवार को किसान संगठन भाकियू टिकैत के कार्यकर्ता पैदल मार्च करते हुए जिलाधिकारी कार्यालय तक पहुंचे और किसानों की मांगों से संबंधित ज्ञापन जिलाधिकारी कार्यालय पर सौंपा। जिलाधिकारी की उपस्थिति में ज्ञापन उपजिलाधिकारी प्रोटोकॉल नीलम श्रीवस्तव ने लिया। इस दौरान किसान संगठन से जुडे पदाधिकारियों सरकार पर किसान विरोधी होने के आरोप लगाते हुए नारेबाजी की। मथुरा में प्रदेश प्रवक्ता गजेंद्र सिंह परिहार और नवनियुक्त जिला अध्यक्ष चौधरी धर्मवीर सिंह ने कार्यकताओं का नेतृत्व किया।



जिला अध्यक्ष चौधरी धर्मवीर सिंह ने कहा कि वर्तमान सरकार की नीतियां और नीयत किसान हित में नहीं है। तीन कृषि कानून वापस होने के बाद भी सरकार की नजर किसानों की खेती की जमीन पर लगी है। उन्होंने कहा कि देश की भूमि अधिग्रहण नीतियों को किसान के अनुकूल बनाया जाए। जनपद मथुरा में मेरा दायित्व किसान व किसानी के लिए संघर्ष करना है। मेरा हर प्रयास किसानों की समस्याओं को लेकर संघर्ष करते रहना है। देश की वर्तमान किसान विरोधी सरकार लगातार किसानों का शोषण कर रही है। वर्तमान प्रदेश सरकार ने चुनावी एजेंडा में बहुत से बिंदुओं का जिक्र किया लेकिन सरकार बनने के बाद किसी भी एजेंडा के एक भी बिंदु को अभी तक पूरा नहीं किया गया। किसानों की विभिन्न समस्याएं जैसे एमएसपी पर गारंटी कानून, आवारा गोवंश के लिए ग्राम पंचायत स्तर पर गौशाला का निर्माण, जीएम मस्टर्ड (सरसों) का देश में पूर्णता प्रतिबंध लगने जैसे मुद्दे जस की तस हैं। लखीमपुर कांड के मुख्य दोषी को कड़ी से कड़ी सजा दी जाए और मंत्रिमंडल से बर्खास्त किया जाए। किसान के लिए खाद और बीज की उचित व्यवस्था कराई जाए आदि मांगो को लेकर मुख्यमंत्री के नाम द्वारा जिलाधिकारी ज्ञापन किसानों ने दिया। प्रदेश प्रवक्ता गजेंद्र सिंह परिहार, प्रवक्ता आगरा मंडल ललित शर्मा ने कहाकि वर्तमान सरकार किसान विरोधी सरकार है।
चुनाव में वर्तमान सरकार ने किसानों के लिए विभिन्न बायदे किये लेकिन चुनाव जीतने के बाद एक भी वायदा पूरा नहीं किया। प्रदेश की यह सरकार वायदा खिलाफी करने वाली सरकार है जो लगातार किसानों का शोषण कर रही है। किसान सर्दी के मौसम में अपनी फसल को बचाने के आवारा गौवश से जूझ रहे हैं। सरकार किसानों का दर्द समझने में नाकाम रही है।

## शिक्षा 'जीवन' का मूल आधार है:दहिया

**कैम्प**

8 पांचवें दिन जिला शिक्षा अधिकारी कुलदीप दहिया ने स्वयंसेवकों को सम्बोधित किया।

**समालखा ( कुलदीप सिंह )/टीम एक्शन इंडिया**
समालखा पी. एम. श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पावटी में आयोजित सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना कैम्प के पांचवें दिन जिला शिक्षा अधिकारी कुलदीप दहिया ने स्वयंसेवकों को सम्बोधित किया। उन्होंने ने अपने उद्बोदन में कहा कि शिक्षा 'जीवन' का मूल आधार




है। बिना शिक्षा के मनुष्य का जीवन जानवर के समान प्रतीत होता है, क्योंकि ना तो वह किसी बात को आसानी से समझ सकता है और ना ही कोई काम अपने बल पर कर पाता है। स्कूली शिक्षा बच्चे की मानसिक बुद्धि का विकास करती है और उसको नैतिकता, का ज्ञान कराती है। डा0 ए. पी. जे. अब्दुल कलाम को कोई कैसे भूल सकता है। उन्होंने तो जीवन में संघर्ष करके ऐसा मुकाम पाया जो हर किसी के बस की बात नहीं है। वे बच्चों को शिक्षा टिप्स दिया करते थे। कलाम ने बहुत मेहनत की और वैज्ञानिक के बाद राष्ट्रपति तक का सफर तय किया।

# पूर्व विधायक नरेश ने सीएम से की मुलाकात

**टीम एक्शन इंडिया/सिद्धार्थ राव, बहादुरगढ़**

**पूर्व विधायक नरेश** कौशिक ने चंडीगढ़ में राज्य मुख्यमंत्री मनोहर लाल से मिलकर बहादुरगढ़ हलके के विकास के लिए मांग पात्र सौंपा है। इन मांगों में कई सडकें बनवाने, धर्मशालाओं का नवीनीकरण करवाने व नई धर्मशालाएं बनवाने समेत कई प्रकाश की मांगें शामिल हैं। उन्होंने करीब 10 करोड़ की लागत से कुलासी लिंक ड्रेन पर नई सडक बनवाने जाने के लिए मंजूरी दिए जाने पर मुख्यमंत्री का आभार जताया। वहीं वरिष्ठ भाजपा नेता राजपाल शर्मा को झज्जर जिलाध्यक्ष बनाये जाने पर मुख्यमंत्री व प्रदेशाध्यक्ष नायब सैनी का आभार जताया। उन्होंने कहा कि संगठन में कार्य करने का उन्हें लम्बा अनुभव है ऐसे में वे सभी को साथ लेकर अब संगठन को और अधिक



मजबूत करने का कार्य करेंगे।

पूर्व विधायक नरेश कौशिक ने मुख्यमंत्री मनोहर लाल से काफी देर तक बहादुरगढ़ हलके के विकास को लेकर चर्चा की। इस दौरान जहां पार्टी संगठन को मजबूत करने व केन्द्र व हरियाणा सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों को जन-जन तक पहुंचाते रहने के लिए चर्चा की। पूर्व विधायक कौशिक ने मुख्यमंत्री मनोहर लाल के समक्ष हलके के विकास व लोगों को अधिक से अधिक सुविधाएं मिले इसको लेकर अनेक मांगे भी रखी। कौशिक ने सभी बीएंडआर, मार्केटिंग

**मांग पत्र**

**8 पूर्व विधायक ने राज्य मुख्यमंत्री मनोहर लाल से मिलकर बहादुरगढ़ हलके के विकास के लिए मांग पत्र सौंपा**

बोर्ड के अधीन आने वाली सडकों व झज्जर-बहादुरगढ़ मार्ग की सडक का निर्माण जल्द करवाये जाने की मांग की। वहीं सभी समाज की धर्मशालाओं के नवीनीकरण कार्य करवाये जाने, कई नई धर्मशालाएं बनवाने को लेकर प्रस्तावित राशि मंजूर करवाये जाने की मांग की। उन्होंने नगर परिषद बहादुरगढ़ क्षेत्र के विकास कार्यों के लिए अनुदान राशि देने की भी मांग की। मांग पत्र के जरिये परनाला ग्राम पंचायत नजदीक निजामपुर रोड फ्लाईओवर के पास की खाली पड़ी जमीन को नगर परिषद बहादुरगढ़ द्वारा खरीदकर उस पर फायर स्टेशन बनवाये जाने, वेस्ट जुआ ड्रेन के साथ-साथ रोड व डिवाइडर का सौंदर्यीकरण करवाये जाने, वार्ड नम्बर-1 से लेकर वार्ड-31 में मूलभूत सुविधाएं प्रदान करने के लिए विकास कार्य करवाये जाने, टिकरी बार्डर से रोहतक की तरफ मेट्रो के नीचे डिवाइडर पर पेड़-पौधे लगाकर उसके सौंदर्यीकरण करवाने बारे, सैक्टर-2, सैक्टर-6 व सैक्टर-9 व 9ए के आंतरिक रोड की मरम्मत करवाये जाने, नगर परिषद एरिया में मुख्य मार्गों पर महापुरुषों व शहीदों के नाम चौराहों, स्वागत द्वार व सौंदर्यीकरण करवाये जाने, नगर परिषद बहादुरगढ़ में जिन कॉलोनियों में स्ट्रीट लाइट नहीं वहां पर एलईटी लाइट व सौलर लाइट लगवाई जाये।

# नशे के विरुद्ध एक दिवसीय 52 वां जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

## चुनौती और समस्याओं का समाधान नशा नहीं- डॉ. अशोक कुमार



**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत कमाल हुसैन**

**हरियाणा** राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक ओ.पी. सिंह साहब के दिशानिर्देशों एवं पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन साहब के आदेशानुसार ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी/ उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा हरियाणा राज्य के सभी जिलों में नशे के विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर रहे हैं। इस कड़ी में आज राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान पानीपत में नशे के विरुद्ध एक दिवसीय 52 वां कार्यक्रम आयोजित किया गया। राजकीय महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान की प्रभारी सुमन की उपस्थिति में यह कार्यक्रम पूर्ण हुआ। ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने कार्यक्रम में उपस्थित विद्यार्थियों को बताया कि ब्यूरो के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक ओ पी सिंह साहब एक सकारात्मक सोच के साथ नशा मुक्त हरियाणा बनाने में जुट गए हैं। राम गुरुकुल गमन लघु कथा के माध्यम से युवा पीढ़ी को एक संदेश दिया जा रहा है कि जब भगवान राम को जीवन में अनेक चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों का सामना करना पड़ा लेकिन आदर्श मूल्यों का त्याग नहीं किया। तभी वे मयार्दा पुरुषोत्तम कहलाए। इसी प्रकार प्रत्येक मनुष्य के जीवन में अनेक चुनौतियाँ और समस्याएं आएंगी लेकिन उनका समाधान अवसाद और नशा नहीं है। उन्होंने विभिन्न प्रकार के नशों पर कुठाराघात करते हुए नशे से दूर रहने के उपाय और अनेक सावधानियों की बारे जागरूक किया। उन्होंने बताया कि हरियाणा सरकार द्वारा ब्यूरो के गठन के पीछे मुख्य लक्ष्य नशा मुक्त हरियाणा का निर्माण करना है। उन्होंने कहा कि नशा किसी भी रूप में मनुष्य के लिए अच्छा नहीं है। एक कविता और गायन के माध्यम से भी उन्होंने उपस्थित विद्यार्थियों को राष्ट्र के निर्माण में योगदान करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने सभी उपस्थित युवा शक्ति से हृदय पर हाथ रखकर प्रण करवाया कि वे जीवन में किसी प्रकार का कोई नशा नहीं करेंगे और अन्य लोगों को भी नशा न करने के लिए प्रेरित करेंगे। यदि कोई नशे का कारोबार करता है अथवा कोई नशा छोड़ना चाहता है तो इसकी सुचना हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो के हेल्पलाइन नंबर 9050891508 पर देंगे।

**न्यूज फ्लैश**

## गोदरेज एंड बॉयस के सीएसआर प्रभाव से भारत में लाखों लोग हुए लाभांवित

**नोएडा।** गोदरेज समूह की प्रमुख कंपनी गोदरेज एंड बॉयस (जीएंडबी) ने अपनी कॉरपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) के तहत 2023 में हासिल की गई उपलब्धियों की घोषणा की है। राष्ट्र निर्माण में दृढ़ प्रतिबद्धता और महत्वपूर्ण उपलब्धियों पर आधारित, इसकी पहल रोजगार और सामुदायिक विकास सुनिश्चित करने पर आधारित हैं। आशाजनक क्षेत्रों और व्यापारों पर अपने रणनीतिक जोर के अनुरूप, कंपनी ने पिछले दशक में अपनी कौशल पहलों पर 18 करोड़ रुपए खर्च किए। इस निवेश से प्रारंभिक राशि का छह गुना सामाजिक रिटर्न हासिल हुआ है। जीएंडबी की कौशल विकास पहल, दिशा कंपनी की व्यावसायिक जरूरतों के अनुरूप व्यावसायिक प्रशिक्षण को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है, जिसमें बिक्री से लेकर तकनीकी पहलु तक के क्षेत्र शामिल हैं। 88 व्यावसायिक प्रशिक्षण संस्थानों (वीटीआई) और 22 राज्यों में 24 सरकारी व्यावसायिक प्रशिक्षण संस्थानों के साथ भागीदारी करने के साथ, दिशा की प्रमुख विशेषता में विशेष प्रशिक्षण सत्र शामिल हैं, जो बिक्री, सेवा, इंटीरियर्स, भवन निर्माण, विनिर्माण, तकनीकी प्रशिक्षण और डिजिटल कौशल पर ध्यान केंद्रित करते हैं। मार्च, 2023 तक दिशा कार्यक्रम ने अपने लक्षित राज्यों में 1.79 लाख युवाओं को प्रशिक्षित किया है।

अश्विनी देवदेशमुख, हेड, सीएसआर, गोदरेज एंड बॉयस, ने गोदरेज एंड बॉयस के सीएसआर दृष्टिकोण के बारे में बोलते हुए कहा, गोदरेज एंड बॉयस में, हम साझा मूल्य के दर्शन में बहुत अधिक विश्वास करते हैं, जो सामाजिक उन्नति के साथ व्यावसायिक सफलता को सहजता से जोड़ता है। लोकाचार के केंद्र में हमारा प्रमुख सीएसआर कार्यक्रम दिशा और हमारे विनिर्माण केंद्रों के आसपास समुदायों को टिकाऊ बढ़ावा देने की हमारी प्रतिबद्धता है। दिशा के जरिये, हमने व्यावसायिक प्रशिक्षण के माध्यम से भविष्य के लिए तैयार और रोजगार योग्य कार्यबल तैयार करने के लिए समर्पित गैर-लाभकारी संगठनों और सामाजिक संगठनों के साथ हाथ मिलाया है। समुदायों को सशक्त बनाने और संस्था-निर्माण को बढ़ावा देकर, हम न केवल अवसर प्रदान करते हैं बल्कि समुदाय के सदस्यों में स्वामित्व की भावना भी पैदा करते हैं। यह सह-विकास और पारस्परिक प्रगति की भावना है, जो वास्तव में हमारे दृष्टिकोण का सही प्रतिनिधित्व करती है।

## ड्यूरोप्लाई ने इंटीरियर सेक्टर में डिस्ट्रिब्यूटर्स की महत्वपूर्ण भूमिका को सराहना की

**नई दिल्ली।** भारत की अग्रणी प्लायवुड कंपनियों में सबसे ज्यादा अनुभवी ड्यूरोप्लाई ने इंटीरियर कैटेगरी में डिस्टिब्यूटर्स की महत्वपूर्ण भूमिका को प्रशंसा की है। हाल में हुए एक औद्योगिक कार्यक्रम में, ड्यूरोप्लाई के एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर एवं चीफ ऑपरेटिंग ऑफीसर अखिलेश चितलांगिया ने ड्यूरोप्लाई की विकास यात्रा के लिये डिस्ट्रिब्यूटर्स का हार्दिक आभार जताया। उन्होंने तेजी से



विकसित हो रहे परिदृश्य में बिजनेस बढ़ाने के लिये कुछ मार्गदर्शन भी दिया। अखिलेश चितलांगिया ने कहा, इंटीरियर इंडस्ट्री सेगमेंट में डिस्ट्रिब्यूटर्स की महत्वपूर्ण भूमिका है। वे ग्राहक की शख्सियत को समझते हैं। वे ऐसे प्लायवुड, वीनियर, लेमिनेट्स और दूसरे उत्पादों की सलाह देते हैं, जो ग्राहकों के सपनों के घर में जान डाल देते हैं। डिस्ट्रिब्यूटर्स ही ग्राहकों को ब्राण्डेड प्लायवुड खरीदने का महत्व समझाते हैं, ताकि होम इंटीरियर्स पीढ़ी दर पीढ़ी आगे बढ़ता रहे। श्री चितलांगिया ने तेजी से विकसित हो रहे डिजिटल एवं वितरण के परिदृश्य में डिस्ट्रिब्यूटर्स को तीन आयामों वाला एक तरीका अपनाने की सलाह देते हुए कहा, डिस्ट्रिब्यूटर्स को बिक्री के अलग-अलग चैनलों एवं टेक्नोलॉजी को अपनाना चाहिये और भागीदारियाँ करनी चाहिये। ऑनलाइन चैनलों के आने से वितरण के नये-नये तरीके विकसित हो रहे हैं। और इसलिये, तरक्की जारी रखने के लिये मौजूदा डिस्ट्रिब्यूटर्स को बिक्री के अलग-अलग तरह के चैनल्स अपनाने चाहिये। उन्होंने डिस्ट्रिब्यूर्स को टेक्नोलॉजी अपनाने के लिये प्रोत्साहित किया। इससे इनवेंटरी की स्थिति और उत्पादों पर ग्राहकों की पसंद को लेकर उन्हें वास्तविक समय में सूचना मिलेगी। इस प्रकार वे भविष्य की आवश्यकताओं को बेहतर समझ सकेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि लंबे समय की तरक्की के लिये डिस्ट्रिब्यूटर्स को ऐसे डीलरों के साथ रिश्ते बनाने चाहिये, जो बाजार के नये-नये सेगमेंट्स में उन्हें लेकर जाएं। यह रणनीतियाँ ड्यूरोप्लाई और उसके कीमती डिस्ट्रिब्यूटर्स की तरक्की और सफलता के लिये जरूरी हैं। श्री चितलांगिया ने आगे कहा, भारत की सबसे अनुभवी प्लायवुड बनाने वाली कंपनियों में से एक के तौर पर, ड्यूरोप्लाई अपने डिस्ट्रिब्यूशन पार्टनर्स के योगदान को बड़ा महत्व देती है। कंपनी ने अपनी वृद्धि को लगातार जारी रखा है।

# पानीपत ग्रामीण में कांग्रेस पार्टी का विधायक बनना तय: सुरेश आर्य

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत कमाल हुसैन**

**जिला** परिषद के उपाध्यक्ष एवं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता आर्य सुरेश मलिक ने आज सेक्टर.25 स्थित वृंदा ग्रीन में सांसद एवं युवा दिलों की धडकन दीपेंद्र सिंह हुड्डा का जन्मदिन पर हवन यज्ञ करके उनके स्वस्थ जीवन एवं दीघार्यु की कामना की। आर्य सुरेश मलिक ने अपने समर्थको के साथ मिलकर केक भी काटा। आर्य सुरेश मलिक ने कहा की सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा हरियाणा के युवाओं की आशा है और हरियाणा के युवा दीपेंद्र हुड्डा में अपना भविष्य देख रहे हैं। हरियाणा में बढ़ रही बेरोजगारी के कारण युवाओं को अपने रास्ते से



भटकना पड़ रहा है। आज उन्हीं से एक ही उम्मीद है कि राज्य में बदलाव होगा, कांग्रेस की सरकार बनेगी और दीपेंद्र सिंह हुड्डा के नेतृत्व में युवाओं के लिए रोजगार के अवसर पैदा होंगें। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार सांसद दीपेंद्र हुड्डा के जन्मदिन पर पार्टी के सभी नेता एकत्रित हुए हैं उसी प्रकार अगर चुनाव में एक होकर कार्य करेंगे तो पानीपत ग्रामीण विधानसभा में कांग्रेस का विधायक बनना तय है। इसके अलावा प्रदेश भर में पार्टी व पूर्व सीएम भूपेन्द्र हुड्डा के पक्ष में जबरदस्त लहर है। जनता व पार्टी कार्यकताओं को बस चुनाव का इंतजार है। इस अवसर पर कांग्रेस के अनेको वरिष्ठ नेता एवं कार्यकताओं ने शिरकत की। जिनमें धर्मवीर मलिक, सचिन कुंडू ,खुशी राम जागलान, महीपाल सूबदार, महेन्द्र कादियान, सतपाल रोड, शौर्यवीर कादियान, राजू गाहल्याण, नरेन्द्र राठी, राहुल सरपंच, गुरदेव कादियान, बिजेंदर आर्य ,सुरेंद्र मलिक, रमेश मलिक, हरि सिंह रूहल एडवोकेट, दीपक खटकड़ ,विजेंद्र कुटानी, स्वरूप मलिक ,नवनीत मलिक ,जिले सिंह ,जय भगवान मलिक ,दिलेर सरपंच रजापुर, नरेंद्र सरपंच गांजबड ,सोनू सरपंच बडोली, जगबीर सरपंच खालीला, आनंद मलिक नागलखेड़ी, धर्मेंद्र अहलावत, बिंटू मलिक, सुधीर सरपंच , लवली कक्कड़ नूरवाला, अमित आहूजा, पुनीत तायल, राजेश देहरा, अंकित गर्ग ,महावीर भान आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

## वार्ड 09 में बनेंगी दो धर्मशालाएं



**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत कमाल हुसैन**

**पानीपत शहरी** विधानसभा के वार्ड 08 और 09 में 70 लाख की लागत से दो धर्मशालाओं का निर्माण कराया जाएगा कवार्ड 09 में लगभग 22 लाख की लागत से रंग मंच कला संगम संस्था की मांग पर धर्मशाला का निर्माण कराया जाएगा कनिर्माण कार्य के शुभारंभ के लिए संस्था के प्रधान कृष्ण लाल मोंगा ने विधायक प्रमोद विज का आभार व्यक्त किया एवं संस्था के सभी सदस्यों के साथ पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया कवार्ड 09 में लगभग 48 लाख की लागत से हाफि जाबादी ड्रामेटिक क्लब में धर्मशाला का निर्माण कराया जाएगा कशिलान्यास कार्यक्रम में पहुचने पर स्थानीय जनों एवं संस्था के सदस्यों से विधायक का पुष्प वर्षा करके स्वागत किया एवं निर्माण कार्य हेतु विधायक का आभार व्यक्त किया।

# वर्कशॉप के गेट का ताला तोड़कर हजारों रुपये की राशि व सामान चोरी

## पीड़ित के बयान पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर की जांच शुरू

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**

**सिविल लाइन थाना** क्षेत्र स्थित वर्कशॉप के गेट का ताला तोड़कर हजारों रुपये की राशि व सामान के चोरी होने का मामला सामने आया है। वर्कशॉप संचालक ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में मौके का मुआयना कर चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाल रही है। ताकि कोई सुराग हाथ लग सके। गांव सांदल खुर्द निवासी फुलकुमार ने बताया कि उसने सनराईज मोटर के नाम से वर्कशॉप कर रखी है। गत 2 जनवरी को देर रात करीब 9 बजे वर्कशॉप को बंद करके घर चला गया। अगले दिन सुबह वर्कशॉप पर पहुंचा। मेन गेट का ताला टूटा हुआ पाया गया। अंदर जाकर सामान की जांच की तो किसी ने कार्यालय के गेट का शीशा तोड़कर अंदर अलमारी से 30 हजार रुपये व एलईडी टीवी गायब मिला। अपने स्तर पर राशि व सामान को तलाश किया, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में मौके का मुआयना कर चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच अधिकारी एसआई शमसेर ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाली जा रही है। जल्द से जल्द चोरों का पता लगाकर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

## संदिग्ध हालत में किशोर लापता, मुकदमा दर्ज

**सोनीपतः सिविल** लाइन थाना क्षेत्र में संदिग्ध हालत में किशोर के लापता होने के आरोप का मामला सामने आया है। किशोर की मां ने मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। मशद मोहल्ला निवासी सुमन ने बताया कि उसका बेटा अनुज जिसकी आयु 15 वर्ष है। वह दिमागी तौर से कमजोर है। गत 2 जनवरी को घर से बिना बताए बाहर चला गया। देर शाम तक वापिस नहीं लौटा। अपने स्तर पर उसकी तलाश की, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया।

# गोहाना में राष्ट्रीय डोजबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ

## डोजबॉल प्रतियोगिता हरियाणा में गर्व की बात: सत्यवान शेरा

**टीम एक्शन इंडिया/एक्शन इंडिया, गोहाना (भंवर सिंह)**

**डोजबॉल एसोसिएशन** हरियाणा द्वारा गोहाना के शहीद मदनलाल ढींगरा स्टेडियम में दूसरी जूनियर व सब जनूनिय राष्ट्रीय डोजबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता की बैठक सत्यानंद पब्लिक स्कूल व केसर पर्यटन ने की। सांस्कृतिक प्रस्तुति के साथ प्रतियोगिता का शुभारंभ। प्रतियोगिता में करीब 21 राज्यों की एक हजार खिलाड़ियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में मुख्य रूप से एचएससी के पूर्व सदस्य सत्यवान शेरा, भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष



तीर्थ राणा, चेयरपर्सन रजनी विरमानी, भारतीय डोजबॉल फेडरेशन (डीओएफ) के सचिव नरसिम्हा रेड्डी, अशिया डोजबॉल फैडरेशन के महासचिव डी सबरामनीम मुख्य रूप से शामिल हैं। सत्यवान शेरा ने कहा कि डोजबॉल की राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता हरियाणा में होना हमारे लिए गर्व की बात है। डोजबॉल में एशियाई खेलों को भी शामिल किया गया है। इस प्रतियोगिता में करीब 80 फीसदी भारत पहुंच है। करीब 21 राज्यों के खिलाड़ी प्रतियोगिता में भाग ले रहे हैं। डोजबॉल अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान बना हुआ है। सात जनवरी को फाइनल मुकाबला होगा। इसी प्रतियोगिता के स्नातक को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अवसर का मौका मिलेगा। तीर्थ राणा ने कहा कि राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता गोहाना में होना हमारे लिए गर्व की बात है। इस मशीन पर कार्यशाला सीमा श्योराण, केसर स्मारक से कृष्ण आमिर, हरियाणा डोजबॉल फेडरेशन के सह सचिव सलामदीन, प्रमुख संदीपन, मुख्य कोच प्रदीप कुमार, डा. राकेश शर्मा, राकेश भान, सोशल मीडिया स्टार प्रीति सांगवान, न्युनिहित लोहचब, राकेश दहिया आदि मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय स्तर की तीरंदाज का बस से सामान चोरी, मुकदमा दर्ज

## खेले इंडिया प्रतियोगिता से कांस्य पदक जीतकर साथी खिलाड़ियों के साथ वापस लौट रही थी खिलाड़ी

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**

**राष्ट्रीय राजमार्ग** संख्या-44 पर सिथत साई के उत्कृष्टता केंद्र, बहालगढ़ की राष्ट्रीय स्तर की तीरंदाज का बस में सामान चोरी हो गया। वह पंजाब के पटियाला में आयोजित हुई खेलो इंडिया राष्ट्रीय रैंकिंग तीरंदाजी प्रतियोगिता में कांस्य लेकर साथी खिलाड़ियों व प्रशिक्षक के साथ लौट रही थी। खिलाड़ी के पिता ने तमिलनाडु से लौटकर बहालगढ़ थाना पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।

तमिलनाडु के जिला सलेम के संकरी निवासी अधिवक्ता मुरुगानांथम ने पुलिस को बताया कि उनकी दो बेटियों में बड़ी बेटी मधुरावर्षिनी बहालगढ़ के साई केंद्र में तीरंदाजी की खिलाड़ी है। वह 29 दिसंबर को पटियाला में आयोजित दूसरी खेलो इंडिया महिला राष्ट्रीय रैंकिंग तीरंदाजी प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए गई थी। प्रतियोगिता में उनकी बेटी ने कांस्य पदक जीता था। जिस पर 30 दिसंबर को उनकी बेटी मधुरावर्षिनी अपनी साथी खिलाड़ी चिकिता व रिया और प्रशिक्षक एमएस मोनिका व एक अन्य के साथ पटियाला से बस में सवार होकर बहालगढ़ के लिए चली थी।

मामले की शिकायत मिली है। इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। जल्द से जल्द चोरों का पता लगाकर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।
**एसआई अनिल कुमार, जांच अधिकारी।**

देर रात बस कुरुक्षेत्र में जन्नत हवेली ढाबा पर रुकी थी। बस में खिलाड़ी मधुरावर्षिनी, रिया और चिकिता के तीन किट बैग थे। रात करीब 10:30 बजे बस बहालगढ़ के लिए चली तो किट बैग बस में ही थे। 31 दिसंबर को जब बस बहालगढ़ पहुंची तो बस में उसकी बेटी के 6 लाख का खेलों का सामान वाला बैग चोरी मिला। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

**बस सवार दो लोगों ने किया परेशान**

खिलाड़ी के अधिवक्ता पिता का आरोप है पटियाला टर्मिनल से बस में दो अज्ञात व्यक्ति भी सवार हुए थे। उन्होंने बस के अंदर शराब पीना और धूम्रपान करना भी शुरू कर दिया था। प्रशिक्षक के साथ उसने अभद्रता की थी। जिस पर प्रशिक्षक ने तीन खिलाड़ियों को बस के अगले हिस्से में बैठा दिया था। उनकी किट बस के पिछले हिस्से में रह गई थी। जिससे वह चोरी हो गई।

# सीएम फ्लाइंग व विभाग की नशा मुक्ति केंद्र पर छापेमारी

## तीन साल पहले खत्म हो गया था नशा मुक्ति केंद्र का लाइसेंस

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**

**मुख्यमंत्री उड़नदस्ते,** समाज कल्याण व स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त टीमों ने तीन साल से अवैध रूप से चलाएं जा रहे नशा मुक्ति केंद्र पर छापेमारी की। छापेमारी के दौरान टीम को केंद्र पर काफी अनियमिताएं मिली। टीमों ने केंद्र पर जांच को दौरान क्षमता से अधिक लोगों को पाया गया। टीम की तरफ से जरूरी दस्तावेजों की जांच करने के बाद मामले की रिपोर्ट उच्च अधिकारियों को भेजी गई है। समाज कल्याण विभाग की बड़ी लापरवाही सामने आई है। केंद्र पर क्षमता से अधिक मरीजों

**कार्रवाई**

**8 क्षमता से अधिक मरीज केंद्र पर मिले, सुविधाओं के नाम पर मिली महज कागजी कार्यवाही-**

सहित नाबालिग मरीज भी मिला है।

स्वास्थ्य विभाग की तरफ से टीम में शामिल डा. संदीप आंतिल ने बताया कि समाज कल्याण विभाग व मुख्यमंत्री उड़न दस्ते की टीमों को सूचना मिली थी कि गोहाना रोड पर पेट्रोल पंप के सामने गली नंबर-13 में अवैध रूप से नशा मुक्ति केंद्र चलाया जा रहा है। मामले में डयूटी मस्ट्रिट के नेतृत्व में टीम का गठन कर छापेमारी की। छापेमारी के दौरान केंद्र पर काफी अनियमिताएं मिली है। केंद्र को भठगांव निवासी बिजेंद्र, मोई हुड्डा निवासी संदीप व मीना नाम की महिला के नाम से चलाया जा रहा है। विभाग की टीमों ने कागजों की जांच करने व केंद्र पर बरती जा रही लापरवाही की जांच रिपोर्ट तैयार कर उच्च अधिकारियों को भेज दी है। इस दौरान डयूटी मस्ट्रिट प्रदीप खोखर, सुनील, श्रवण, राजेश, महावीर, सहित ड्रग्स अधिकारी सहित समाज कल्याण विभाग से अतुल मौजूद रहे।

**क्षमता से अधिक मरीज केंद्र पर मिले, सुविधाओं के नाम पर मिली महज कागजी कार्यवाही-**

टीम से मिली जानकारी के अनुसार हर्ष नशा मुक्ति केंद्र पर को चलाने के लिए विभाग की तरफ से 2015 में प्रमाण-पत्र जारी किया गया था। जिसकी वेधता 2020 तक थी। उसके बाद समाज कल्याण विभाग की तरफ से छह महीने के लिए एक्सटेंशन देना बताया जा रहा है।

# तेज रफ्तार वाहन की चपेट में आने से युवक की मौत

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**

**मुरथल थाना** क्षेत्र के मलिकपुर-धतुरी सड़क मार्ग पर तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला। तेज रफ्तार वाहन ने सड़क पार कर रहे युवक को चपेट में ले लिया। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को उपचार के लिए अस्पताल में लाया गया। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया। पुलिस ने वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। गांव मलिकपुर निवासी जसबीर ने बताया कि उसका भाई सतबीर (38) के साथ दो-पहिया वाहन पर सवार होकर गैस फैक्टरी से मलिकपुर से धतूरी रोड पर जा रहे थे। उसके भाई सतबीर से शोच के लिए बाइक रोकने के लिए कहा। वह दोनों बाइक रोककर शोच करने लगे। उसके बाद सतबीर बाइक की तरफ आने लगा। उसी दौरान तेज रफ्तार वाहन ने उसे चपेट में लिया। हादसे के बाद वाहन चालक वाहन सहित फरार हो गया। घायल अवस्था में सतबीर को वह नागरिक अस्पताल में राहगीरों की मदद से लेकर पहुंचा। जहां चिकित्सक ने उसके भाई को मृत घोषित कर दिया। मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया।

# पार्षद अजीत यादव ने किया सड़क निर्माण कार्य का शुभारंभ





**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**भलस्वा** वार्ड के हरिजन कालोनी में वार्ड-17 के निगम पार्षद अजीत यादव के प्रयासों से हरिजन कालोनी गली नंबर-8 में नई सड़क के निर्माण कार्य का शुभारंभ किया गया। इस मौके पर भलस्वा गांव के आरडब्ल्यूए हरीराम यादव, महेश यादव, राजपाल यादव, बिल्लू यादव, श्रीभगवान, सुरेश जाटव, किरण पाल जाटव, राजपाल जाटव और कॉलोनी के गणमान्य लोग मौजूद रहे। इस अवसर पर स्थानीय निवासियों ने पार्षद अजीत यादव का स्वागत किया और इस कार्य के लिए धन्यवाद किया। इस अवसर पर अजीत यादव ने कहा कि मैं क्षेत्र के विकास पर ध्यान दे रहा हूं ताकि क्षेत्र की जनता को किसी भी प्रकार की समस्या से रूबरू न होना पड़े। उन्होंने आगे बताया कि मैं समय-समय पर क्षेत्र का दौरा कर रहा हूं और जनता की जो भी समस्याएं है, उसका समाधान करता हूं ताकि क्षेत्र की जनता को बेहतर से बेहतर सुविधाएं मिल सके। उन्होंने क्षेत्र की जनता से अपील करते हुए कहा कि अपने घर का कूड़ा केवल कूड़ेदान या कूडा उठाने वाली गाड़ी में ही डाले, जिससे की क्षेत्र का वातावरण साफ और स्वच्छ नजर आये। इस अवसर पर स्थानीय निवासियों ने भी पार्षद के कार्यों की सराहना की।

## सभी को गरीब व असहाय लोगों की मदद करनी चाहिए: विजय मेहता

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**भौतिक वस्तुओं को** पाने के लिए हम दुनिया भर का जोर लगा देते है और अपना संपूर्ण जीवन व्यतीत कर देते हैं, लेकिन जब वे इस दुनिया से विदा होते हैं तो वे अपने साथ कुछ भी नहीं ले जा पाते। उनकी सारी कमाई यहीं रह जाती है। हम अपने साथ बस अच्छे कर्म और लोगों की दुआएं लेकर जाते है।

उक्त बातें मॉडल टाउन विधानसभा क्षेत्र स्थित पार्ट तीन में रहने वाले कांग्रेसी नेता व प्रसिद्व समाज सेवी और जय हिंद चेरिटेबल ट्रस्ट के प्रधान विजय मेहता ने कही।



**मानवता से बड़ा कोई धर्म नहीं:** विजय मेहता ने कहा कि मनुष्य का एक ही कर्म व धर्म है और वह है मानवता। हम इस दुनिया में इंसान बनकर आए हैं तो सिर्फ इसलिए कि हम मानव सेवा कर सकें। पूरे विश्व में ईश्वर ने हम सभी को एक-सा बनाया है। फर्क बस, स्थान और जलवायु के हिसाब से हमारा रंग-रूप, खान-पान और जिंदगी जीने का अलग-अलग तरीका है।

**आत्मभाव से हर मनुष्य एक समान है:** हम एक पिता की संतान होने के बावजूद हम ऊंचे-नीचे कैसे हो सकते हैं। हम सब एक ही मिट्टी के बने हैं। एक जैसे ही तत्व सबके भीतर हैं। जिस दिन यह सच्ची बात हमारे मन में स्थापित हो जाएगी तो फिर सभी भेद मिट जाएंगे और तब हम इंसानियत की राह पर अग्रसर होकर भाई-चारा स्थापित करने लगेंगे।

## ईमानदारी, देशभक्ति और मानवता पर आधारित है 'आप' : संतोष छिलवाल

**टीम एक्शन/इंडिया नई दिल्ली**
**नांगलोई विधानसभा** क्षेत्र के अंतगर्त आने वाले ज्वालापुरी वार्ड नंबर-47 से निगम पार्षद संतोष पप्पू छिलवाल ने कहा कि आम आदमी पार्टी की प्रसिद्वियों व आसमान छुति बुलंदियों को विरोधी दल भाजपा को टेढ़ी आंख भी नहीं भा रही है और दिल्ली को विकास की राह पर आगे बढ़ने से रोकने की चाह रखने वाली भाजपा उनकी पार्टी के खिलाफ हैं। छिलवाल ने कहा कि आप की विचारधारा तीन स्तंभों पर आधारित है वो है.. कट्टर ईमानदारी, कट्टर देशभक्ति और मानवता पर आधारित है। पार्टी का मकसद है दिल्ली सहित भारत को दुनिया का नंबर एक देश बनाना है। पार्टी का समर्थन करने और उसे राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा दिलाने



में सहयोग व समर्थन करने वाले सभी लोगों का शुक्रिया अदा किया। आप ने हमेशा ही दिल्ली के विकास करने को लेकर समर्पित रही है। हमारी पार्टी हमेशा से ही एक ही मंशा रही है और वो है देश सेवा की और जनकल्याण की, जिसके लिए पार्टी ने बहुत ही जन कल्याण योजनाएं जनता को समर्पित की है।



आम आदमी पार्टी कार्यकर्ता कमल कश्यप के जन्मदिन के अवसर पर कमल कश्यप के परिवार द्वारा आयोजित भगवान सत्यनारायण की कथा में शामिल होते हुए निगम पार्षद एडवोकेट चित्रा विद्यार्थी, प्रेम कुमार विद्यार्थी व अन्य गणमान्य लोग।

# संगम पार्क वार्ड: निगम पार्षद सुशील जोंटी ने किया क्षेत्र का दौरा, सुनीं लोगों की समस्याएं






**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**संगम** पार्क वार्ड के निगम पार्षद सुशील जोंटी ने क्षेत्र का दौरा कर समस्याओं का जायजा लिया और कई समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया। इस मौके पर उनके साथ क्षेत्र के कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। पार्षद सुशील जोंटी ने बताया कि श्रीराम चौक के नजदीक जलभराव की समस्या आ रही थी वहां की नाली बनवाने का कार्य शुरू कराया गया और शौचालय में एनजीओं द्वारा बढ़ाए गए शुल्क को भी घटाया गया है। पार्षद सुशील जोंटी ने बताया कि मैं समय-समय पर क्षेत्र का समय-समय पर दौरा कर रहा हूं और जनता की जो भी समस्याएं है। उसको सुन कर उसका समाधान करता हूं ताकि क्षेत्र की जनता किसी भी प्रकार की समस्या से रूबरू न होना पड़े। उन्होंने जनता से कहा कि अगर आपको किसी भी प्रकार की समस्या है तो आप मुझे कॉल कर सकते है या मेरे कार्यालय पर संपर्क करें आपकी समस्या का उचित समाधान किया जायेगा।

## जनता पीएम मोदी के साथ खड़ी है: यादव

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**भारतीय जनता पार्टी** जो कहती है, वह करके दिखाती है, यही कारण है कि देश के लोग भाजपा के साथ खड़े है और तीसरी बार पीएम मोदी को प्रधानमंत्री बनायेगें। उक्त बातें भारतीय जनता पार्टी दिल्ली के वरिष्ठ नेता धर्मवीर यादव ने कही।

**भाजपा के राज में देश में हुआ विकास:** धर्मवीर यादव ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी वादे की पक्की है। आज देश में भाजपा के राज में विकास हो रहा है। पीएम मोदी जी ने देश में कई योजनाएं लागू की है, जिससे जुड़कर देश के लोग विकास की ओर अग्रसर हो रहे है। उन्होंने आगे बताया कि



आज देश के कोने-कोने में भाजपा का सिपाही मौजूद है और देश के लोगों की सेवा कर रहा है। उन्होंने आगे बताया कि आम आदमी पार्टी ने दिल्ली की जनता को गुमराह करने का कार्य किया है। जो वादे आम आदमी पार्टी ने दिल्ली की जनता से किये थे। वह एक भी पूरे नहीं हुए है। जिसकी वजह से दिल्ली की जनता अपने आप को ठगा हुआ सा महसूस कर रही है।

**पीएम मोदी के राज में देश का इंफ्रास्ट्रक्चर हुआ मजबूत:** धर्मवीर यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार ने देश के इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत बनाने के लिए लाखों करोड़ों रुपए खर्च किए, जिससे आज विश्व की हर बड़ी कंपनी देश में अपना निवेश कर रही है। भाजपा के राज में देश का हर व्यक्ति खुश हैं और पीएम और भाजपा के साथ खड़ा है।

**देश में तीसरी बार लहरायेगा भाजपा का परचम:** देश की जनता प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ खड़ी है और निश्चित ही 2024 में तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ही बनेंगे। क्योंकि देश की जनता भाजपा के कार्यों से काफी ज्यादा प्रभावित है।

**आम आदमी पार्टी ने दिल्ली की जनता को ठगा:** आम आदमी पार्टी ने दिल्ली की जनता को गुमराह करने का कार्य किया है। जो वादे आम आदमी पार्टी ने दिल्ली की जनता से किये थे। वह एक भी पूरे नहीं हुए है और दिल्ली के लोग काफी ज्यादा परेशान है।

## संस्थान ने सतीश बाजवा व डॉ. कांता का किया स्वागत




**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली के** धीरपुर स्थित गंतव्य संस्थान के मुख्यालय पर प्रमुख समाजसेवी सतीश बाजवा व डॉक्टर कांता बाजवा के पधारने पर संस्थान के अध्यक्ष डॉ. अरविंद कुमार त्यागी व रेजिडेंशियल वेलफेयर सोसायटी धीरपुर के कोषाध्यक्ष विजय कुमार शर्मा ने पटका पहना कर स्वागत किया। इस अवसर पर भारतीय प्राकृतिक चिकित्सक संघ के महासचिव डॉ प्रबोध चन्दोल, अचिन शर्मा व संगीता गुलाटी भी उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि बाजवा दम्पति हर वर्ष हजारों रुपये की पुस्तकें व अन्य लेखन सामग्री गंतव्य संस्थान को उपलब्ध कराती है। इस अवसर पर गंतव्य संस्थान के अध्यक्ष अरविन्द कुमार त्यागी ने बताया कि गंतव्य संस्थान हमेशा ही गरीब व जरूरतमंद लोगों की मदद के लिए आगे रहता है। जिससे की किसी भी गरीब व व्यक्ति को परेशान न होना पड़े। उन्होंने आगे बताया कि सभी को सेवा के क्षेत्र में आगे आना चाहिए और जरूरतमंद व निर्धन तबके की मदद करनी चाहिए।

# जहांगीरपुरी: धूमधाम से मनाया गया राष्ट्रीय अध्यक्ष खन्ना ढिकोलिया का जन्मदिन






**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**ऑल इंडिया** वाल्मीकि यूथ फ्रंट के राष्ट्रीय अध्यक्ष खन्ना भाई ढिकोलिया का जन्मदिन जहांगीरपुरी इलाके में बड़ी ही धूमधाम से मनाया गया। सुबह से ही उनको बधाई देने वालों का तांता लगा रहा। उनको बधाई देने वालों में मुख्य रूप से सुनील कुमार पूर्व चेयरमैन दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी एससी विभाग, सुनील खैरालिया, कैलाश बैरवा, रजाक अली, अनिल ढिलौड, नरेश कीर, जगदीश खैराल, सूरज करौतिया, गंगा देवी, विनोद टॉक, दीपक बग्गा, सोनू शर्मा, लवली भाई, संजय बहोत, ओम दत्त, राजेन्द्र बोगलिया, विक्रम कुमार, संजय महरौलिया, दिनेश लौदे, टोनी चंडालिया, दिनेश लौदे, रवि कुमार, विजय पार्चा, विशाल नकवाल, राजू, विजय पार्चा, विकास ढिकोलिया, विशाल ढिकोलिया, अनिल ढिकोलिया, अभिषेक, हिमांशु ढिकोलिया, सुभाष ढिकोलिया, राजू ढिकोलिया, अशोक ढिकोलिया, ध्रुव ढिकोलिया, सरला ढिकोलिया सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। इस मौके पर खन्ना ढिकोलिया ने कहा कि जिन लोगों ने मुझे जन्मदिन की बधाई दी है। मैं उनका धन्यवाद करता हूं।

# डा. बीआर अम्बेडकर मेधावी छात्रवृत्ति के ऑनलाइन आवेदन की त्रुटियां दूर करवाए 15 तक : डीसी

**टीम एक्शन इंडियां/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।**

डीसी विक्रम सिंह ने कहा कि डा. बी आर अम्बेडकर मेधावी छात्रवृत्ति के ऑनलाइन आवेदन की त्रुटियां 15 जनवरी तक दूर करवाए। डीसी ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर बढ़ रही प्रतिस्पर्धा के युग में सरकार विद्यार्थियों को धनराशि से प्रोत्साहित कर रही है। सामाजिक न्याय और अधिकारिता अनुसूचित जाति एवं पिछड़े वर्ग कल्याण विभाग के जरिये दी लाभार्थी विद्यार्थियों को प्रोत्साहन धनराशि दी जा रही है। डा. बी.आर अम्बेडकर मेधावी छात्रवृत्ति संशोधित योजना के जरिये विद्यार्थियों को वजीफा दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि



सामाजिक न्याय और अधिकारिता अनुसूचित जाति एवं पिछड़े वर्ग कल्याण तथा अंत्योदय (सेवा) विभाग हरियाणा, पंचकूला द्वारा चलाई जा रही डा. बी. आर अम्बेडकर मेधावी छात्रवृत्ति संशोधित योजना के वर्ष 2023-24 में छात्र/छात्राओं की छात्रवृत्ति के लिए ऑनलाइन आवेदन विभागीय पत्र वैबसाईट ँ३३स्त्र२://२१ँ१८ल्ल्ॅ.ङ्ग५.ल्ल पर गत 01.07.2023 से 31.01.2024 तक प्राप्त किये जा रहे हैं। डीसी ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर बढ़ रही प्रतिस्पर्धा के युग में अनुसूचित जाति, पिछड़े वर्ग, विमुक्त घुमन्तु, टपरीवास श्रेणी और अन्य वर्गो के छात्र/छात्राओं को सक्षम बनाने के लिये आर्थिक सहायता प्रदान करना एवं मैट्रिक से स्नातकोत्तर कक्षाओं में अधिक से अधिक अंक प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित करना है। जिनके लिये कुछ विवरण शर्तों का पालन किया जाना है। जिला कल्याण अधिकारी सरफराज खान ने विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि अनुसूचित जाति के लिए छात्रवृत्ति की आधार परीक्षा कक्षा, आधार परीक्षा में दसवीं के लिए शहरी क्षेत्रों में 70 प्रतिशत और ग्रामीण क्षेत्रों में 60 प्रतिशत अंक लेने पर प्राप्त अंकों की प्रतिशतता की छात्रवृत्ति राशि- 8000/-रुपये दी जाती है। वहां बारहवीं के लिए शहरी क्षेत्रों में 75 प्रतिशत और ग्रामीण क्षेत्रों में 70 प्रतिशत लेने पर छात्रवृत्ति राशि- 8000/- से 10000/- तक दी जाती है। इसी प्रकार ग्रेजुएट के लिए शहरी क्षेत्रों में 65 प्रतिशत, ग्रामीण क्षेत्रों में 60 प्रतिशत अंक लेने पर छात्रवृत्ति राशि- 9 000/- से 12000/- तक छात्रवृत्ति दी जाती है। वहीं पिछड़ा वर्ग (ए) जाति के लिए दसवीं के लिए शहरी क्षेत्रों में 70 प्रतिशत, ग्रामीण क्षेत्रों में 60 प्रतिशत अंक लेने पर, पिछड़ा वर्ग (बी) जाति के लिए दसवीं के लिए शहरी क्षेत्रों में 80 प्रतिशत और ग्रामीण क्षेत्रों 75 प्रतिशत अंक लेने पर तथा सामान्य वर्ग जाति के लिए शहरी क्षेत्रों में 80 प्रतिशत और ग्रामीण क्षेत्रों में 75 प्रतिशत अंक लेने पर छात्रवृत्ति राशि - 8000/ रुपये दी जाती है।

ये दस्तावेज हैं जरूरी

जिला कल्याण अधिकारी सरफराज खान ने आगे बताया कि इन योजनाओं के तहत छात्र/छात्रा द्वारा पास की गई पास की गई कक्षा की मार्कशीट, हरियाणा का स्थाई निवासी हो, जाति प्रमाण पत्र, फैमली आई०डी० व आधार कार्ड, बैंक खाता, वर्तमान कक्षा का आईडी कार्ड तथा माता-पिता तथा अभिभावक की 04 लाख से कम का आय प्रमाण होना अनिवार्य है।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा का उद्देश्य सरकारी योजनाओं से वंचित लोगों तक पहुंचनाः शर्मा

**टीम एक्शन इंडियां/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।**

विकसित भारत संकल्प यात्रा जनसंवाद कार्यक्रम अब लोगों के लिए अहम साबित होने लगे हैं। एक ओर जहां इन कार्यक्रमों के माध्यम से पात्र लोगों को केन्द्र व राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ मिल रहा है, वहीं दूसरी ओर विभिन्न योजनाओं तहत दर्ज लोगों के डाटा की गलतियों को भी ठीक किया जा रहा है। कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा के दिशा-निर्देश पर बीजेपी नेता टीपर चंद शर्मा ने अग्रवाल धर्मशाला, बल्लभगढ़ में विकसित भारत संकल्प यात्रा का गर्मजोशी से स्वागत किया। इसके पश्चात अग्रसेन पार्क चावला कॉलोनी बल्लबगढ़ में भी विकसित भारत यात्रा का आयोजन किया गया। भाजपा नेता टीपर चंद शर्मा ने कहा कि यात्रा के माध्यम



से पात्र लाभार्थियों को केंद्र सरकार की योजनाओं के बारे में न केवल जागरूक किया जा रहा है बल्कि उन्हें योजनाओं का लाभ भी पहुंचाया जा रहा है। कोई भी पात्र व्यक्ति सरकार की योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे, यह सुनिश्चित करने के लिए हरियाणा में इस यात्रा की देखरेख वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा की जा रही है "विकसित भारत संकल्प यात्रा ऐसे लोगों तक पहुंचने का बहुत बड़ा माध्यम बनी है, जो अब तक सरकार की योजनाओं से नहीं जुड़ पाए।

हमारा संकल्प-विकसित भारत की शपथ भी दिलाईः-भाजपा नेता टिपर चंद शर्मा ने इस मौके पर सभी को भारत देश को 2047 तक आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाने के सपने को साकार करने की शपथ दिलवाई।

# जिलाध्यक्षों के साथ दसों लोकसभा सीटों को जीतने की योजना पर मंथन

**मंथन**

**8 संगठनात्मक शक्ति और कल्याणकारी योजनाओं के दम पर डबल इंजन सरकार बनना तयः नायब सैनी**

**चंडीगढ़**

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के रोड शो से एक दिन पहले पंचकूला में प्रदेश के सभी जिला अध्यक्षों को बुलाकर प्रदेश अध्यक्ष नायब सिंह सैनी ने प्रदेश की दस की दस सीटों को जीतने की योजना पर मंथन किया। इसके साथ ही शनिवार को राष्ट्रीय अध्यक्ष के रोड शो की तैयारियों को अंतिम रूप दिया। बैठक में संगठन मंत्री फणीन्द्रनाथ शर्मा और तीनों प्रदेश महामंत्री मोहन लाल बड़ौली, डा. अर्चना गुप्ता व सुरेंद्र पुनिया भी मौजूद रहे। 22 जिलों के जिला अध्यक्षों और युवा इकाई के जिला अध्यक्षों के साथ घंटों विमर्श के बाद नायब सैनी पत्रकारों के सामने आए और दावा किया कि संगठनात्मक शक्ति और कल्याणकारी योजनाओं के दम पर डबल इंजन सरकार तीसरी बार भी बनना तय है।

पत्रकारों के सवालों के जवाब देते हुए उन्होंने कांग्रेस को परिवारवाद और आम आदमी पार्टी को झूठ की पार्टी बताया।

नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता में पार्टी कार्यालय ह्लह्लपंचकमलह्लह्ल में हुई बैठक में मोदी-मनोहर सरकार द्वारा किए गए कार्यों को जन-जन तक पहुंचाने और विकसित भारत संकल्प यात्रा के जरिए पात्र लोगों को सरकार की योजनाओं का ज्यादा से ज्यादा लाभ दिलाने पर भी गहनता से चर्चा हुई। प्रेसवार्ता में प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा की डबल इंजन सरकार जनहितकारी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री मनोहर लाल की सोच है कि सरकार की योजनाओं से कोई भी पात्र व्यक्ति छूटना नहीं चाहिए। सभी को समाज की मुख्यधारा से जोड़ना हमारी सरकार का ध्येय है। हमारी सरकार गरीब के हित में काम कर रही है। डबल इंजन की सरकार हरेक गरीब व्यक्ति की चिंता करने वाली सरकार है।

प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा का कार्यकर्ता सेवा भाव लेकर गरीब कल्याण के उद्देश्य से जनता के बीच जा रहा है और हर वर्ग को सरकार की योजनाओं से जोड़ रहा है। प्रदेश अध्यक्ष ने दावा किया कि इसी संगठनात्मक शक्ति के दम पर भाजपा तीसरी बार भी केंद्र और प्रदेश में सरकार बनाने जा रही है। उन्होंने कहा कि 10 की 10 लोकसभा सीटें ऐतिहासिक जीत के साथ जनता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की झोली में डालेगी।




## शगूफा छोड़कर गुमराह करने का काम कांग्रेस वर्षो से करती आ रही है: नायब सैनी

**प्रदेश अध्यक्ष** नायब सिंह सैनी ने कांग्रेस को घेरते हुए कहा कि कांग्रेस शगूफा छोड़कर लोगों को वर्षों से गुमराह करती आ रही है। कांग्रेस की गुटबाजी की तरफ इशारा करते हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि कांग्रेसी आपस में एक दूसरे पर छींटाकशी करते हैं और आपसी आरोप-प्रत्यारोप में ही व्यस्त रहते हैं। उन्होंने ना तो कांग्रेस के संगठन और ना ही जनता की सेवा करने की मंशा, इसलिए जनता ने कांग्रेसियों को घर बैठा दिया है।

# पुलिस आयुक्त राकेश कुमार आर्य ने 22 पुलिसकर्मियों को किया सम्मानित

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।**

पुलिस आयुक्त राकेश कुमार आर्य द्वारा सर्वश्रेष्ठ कार्य करने वाले पुलिसकर्मियों को हीरो ऑफ द वीक के रूप में इस बार 22 पुलिसकर्मियों को चुना गया है जिसमें क्राइम ब्रांच, मिसिंग सेल, फरीदाबाद सेंट्रल, एनआईटी तथा बल्लभगढ़ तीनों जॉन के थाना व चौकी तथा यातायात में तैनात पुलिस कर्मचारी शामिल है।

फरीदाबाद पुलिस आयुक्त द्वारा पुलिसकर्मियों द्वारा कार्य के दौरान बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले पुलिसकर्मियों को अवार्ड देने की मुहिम शुरू की गई है।

# क्राइम ब्रांच 48 ने 2 शातिर चोरों को किया गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।**

डीसीपी क्राइम हेमेंद्र कुमार मीणा के दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच 48 प्रभारी जगबीर सिंह की टीम ने चोरी के मामले में दो आरोपियों को अवैध हथियार सहित गिरफ्तार किया है सुरेश प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों में उत्तम तथा अमन उर्फ बबलू का नाम शामिल है दोनों आरोपी फरीदाबाद की पर्वतीय कॉलोनी के रहने वाले हैं। क्राइम ब्रांच की टीम को गुप्त सूत्रों से सूचना प्राप्त हुई कि आरोपी उत्तम फरीदाबाद की ओल्ड प्रेस कॉलोनी में देसी कट्टे सहित किसी वारदात को अंजाम देने की फिराक में घूम रहा




है जिसपर तुरंत कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच की टीम ने आरोपी को मौके से अवैध हथियार सहित काबू कर लिया और उसके कब्जे से एक देसी कट्टा व एक जिंदा कारतूस बरामद किया गया। आरोपी को सारण थाने लाकर उसके खिलाफ अवैध हथियार अधिनियम की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज करके मामले में पूछताछ शुरू की गई जिसमें पुलिस पूछताछ में सामने आया कि उसने यह कट्टा अपने साथी अमन से खरीदा था। सूचना के आधार पर आरोपी अमन को भी गिरफ्तार किया गया। मामले में गहनता से पूछताछ करने पर सामने आया कि आरोपियों के खिलाफ सेक्टर 8 तथा एसजीएम नगर थाने में चोरी के दो मुकदमे दर्ज हैं जहां आरोपियों ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। आरोपियों के कब्जे से चोरी के मामले में ?8000 बरामद किए गए। पुलिस पूछताछ में सामने आया कि आरोपी नशा करने के आदी हैं और नशे की आपूर्ति के लिए आपराधिक वारदातों को अंजाम देते हैं।

# वाहन चोर आरोपी को क्राइम ब्रांच ऊंचागांव ने गिरफ्तार कर मोटरसाइकिल की बरामद

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।**

डीसीपी क्राइम हेमेंद्र कुमार मीणा के दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच ऊंचागांव प्रभारी इंस्पेक्टर राकेश की टीम ने चोरी के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिह ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी का नाम आकाश उर्फ मोटे है जो मुझेड़ी गांव का रहने वाला है। क्राइम ब्रांच की टीम ने गुप्त सूत्रों की सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए 3 जनवरी को आरोपी को चोरी की मोटरसाइकिल सहित गिरफ्तार



किया था जिसमें आरोपी के कब्जे से एक मोटरसाइकिल बरामद की गई थी। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने उसके द्वारा बीपीटीपी एरिया से एक अन्य मोटरसाइकिल चोरी की वारदात का खुलासा किया जिसमें गहनता से जांच करने पर सामने आया कि आरोपी ने सेक्टर 76 वर्ल्ड स्ट्रीट के पास से 25 दिसंबर 2023 को 1 स्प्लेंडर मोटरसाइकिल चोरी की थी। आरोपी के कब्जे से चोरी की दूसरी मोटरसाइकिल को बरामद किया गया। पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी एक शातिर किस्म का चोर है जिसके खिलाफ इससे पहले भी चोरी के 5 मुकदमे दर्ज हैं और वह लगातार चोरी की वारदातों को अंजाम देता है।

# एसजेवीएन ने 200 मेगावाट सौर विदयुत के लिए यूपीसीएल के साथ विद्युत उपयोग करार पर हस्ताक्षर किए

**शिमलाः**

श्री नन्द लाल शर्मा, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, एसजेवीएन ने बताया कि एसजेवीएन ने अपनी पूर्ण स्वामित्व वाली अधीनस्थ कंपनी एसजेवीएन ग्रीन एनर्जी लिमिटेड (एसजीईएल) के माध्यम से उत्तराखंड पावर कारपोरेशन लिमिटेड (यूपीसीएल) के साथ एक पावर उपयोग करार पर हस्ताक्षर किए हैं।

श्री नन्द लाल शर्मा ने कहा कि निमार्णाधीन 1000 मेगावाट बीकानेर सौर ऊर्जा परियोजना (बीएसपीपी) से यूपीसीएल को आपूर्ति की जाने वाली 200 मेगावाट सौर विदयुत क्षमता के लिए इस करार पर हस्ताक्षर किए गए हैं। एसजेवीएन द्वारा एसजीईएल के माध्यम से इरेडा की सीपीएसयू योजना के अंतर्गत यह सौर परियोजना राजस्थान में विकसित की जा रही है।

परियोजना की विकास लागत 5491 करोड़ रुपए है। यह परियोजना डोमेस्टिक कंटेंट रिक?वायरमेंट मोड के तहत विकसित की जा रही है और अप्रैल 2024 तक कमीशनिंग के लिए निर्धारित है। परियोजना से उत्पादित विदयुत का उपयोग सरकारी निकायों द्वारा स्वयं या डिस्कॉम के माध्यम से किया जाएगा। इसी के साथ यह परियोजना सौर आरपीओ लक्ष्यों को पूरा करने और विदयुत आपूर्ति में योगदान देगा।

इस विदयुत उपयोग करार पर श्री



अजय कुमार सिंह, सीईओ, एसजीईएल और एसई, यूपीसीएल ने देहरादून में हस्ताक्षर किए।

इससे पूर्व, एक प्रमुख उपलब्धि के रूप में, भारत की माननीय राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू ने 3 जनवरी 2023 को 1000 मेगावाट बीकानेर एसपीपी की आधारशिला रखी थी। इस परियोजना से प्रथम वर्ष में 2455 मिलियन यूनिट और 25 वर्षों की अवधि में संचयी रूप से लगभग 56838 मिलियन यूनिट विदयुत उत्पन्न होने की संभावना है, जबकि कार्बन उत्सर्जन में 27,85,077 टन की कमी आएगी।एसजेवीएन, एक अग्रणी विदयुत सीपीएसयू, भारत सरकार के हरित ऊर्जा ट्रांजिशन के लक्ष्य के अनुरूप अपने नवीकरणीय ऊर्जा पोर्टफोलियो का विस्तार करने के लिए प्रतिबद्ध है। कंपनी का परियोजना पोर्टफोलियो 56 गीगावॉट से अधिक है और सौर एवं पवन ऊर्जा पोर्टफोलियो 5090.5 मेगावाट है। कंपनी वर्ष 2030 तक 25000 मेगावाट और वर्ष 2040 तक 50000 मेगावाट स्थापित क्षमता के अपने साझा लक्ष्य को हासिल करने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है।

# अपराधियों की धरपकड़ के लिए कंपनियों के बाहर सीसीटीवी कैमरा लगाने के दिए निर्देश

**टीम एक्शन इंडियां/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।**

डीसीपी एनआईटी अमित यशवर्धन द्वारा महिला सुरक्षा तथा अपराधियों की धरपकड़ के दिशा निर्देश के तहत मुजेसर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर सुरेंद्र ने सेक्टर 24 स्थित फरीदाबाद इंडस्ट्रीज एसोसिएशन कार्यालय पहुंचकर इंडस्ट्री एसोसिएशन के सदस्यों को कंपनियों के बाहर महिला सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा चोरी व अन्य अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए सीसीटीवी कैमरा को इंस्टॉल करने की हिदायत दी और उन्हें अहम दिशा निर्देश दिए।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि डीसीपी एनआईटी द्वारा दिए गए निर्देशों के तहत थाना प्रभारी इंडस्ट्री एसोसिएशन कार्यालय पहुंचे जहां पर उन्होंने महिला सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए सभी कंपनियों को रात के समय महिलाओं को उनके घर तक ड्रॉप फैसिलिटी प्रदान करने की हिदायत दी ताकि रात के समय किसी भी महिला के साथ कोई भी अप्रिय घटना घटित न हो और वह सुरक्षित अपने घर तक पहुंच सके क्योंकि कई बार देर रात फैक्ट्री से ड्यूटी करने के बाद जब महिला अपने वाहन या किसी और के साथ लिफ्ट लेकर अपने घर के लिए जाती है तो रास्ते में उसके साथ किसी भी प्रकार की वारदात होने का खतरा बना रहता है और वह महिला रात के समय सुनसान रास्तों से जाने में सुरक्षित महसूस नहीं करती इसलिए कंपनियों द्वारा देर रात तक काम करने वाली महिलाओं के लिए पिकअप व ड्रॉप फैसिलिटी उपलब्ध करवाई जाए।

# जिप चेयरमैन की अध्यक्षता में हुई मुख्यमंत्री रिलीफ फंड की बैठक

**टीम एक्शन इंडियां/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।**

जिला परिषद के प्रेसिडेंट/ जिप चेयरमैन विजय सिंह की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री रिलीफ फंड की समीक्षा बैठक हुई। जिप चेयरमैन ने कहा कि एम्स और पीजीआई की सिफारिश वाले केसों को ही स्वीकृति मुख्यमंत्री राहत कोष के लिए स्वीकृति दी जाए। वहीं विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान आए हुए आवेदनों को भी प्राथमिकता के आधार पर सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार स्वीकृति प्रदान की जाए। जिला परिषद के प्रेसिडेंट विजय सिंह शुक्रवार को सीटीएम कार्यालय में मुख्यमंत्री राहत कोष के स्वीकृत केसों की समीक्षा कर रहे थे। समीक्षा बैठक में सीटीम और सीएमओ ने स्वीकृत केसों की एक एक करके विस्तार पूर्वक जानकारी दी। बैठक में सीटीएम हरी राम ने मुख्यमंत्री रिलीफ फंड से संबंधित केसों बारे एक-एक करके और रिलीफ फंड के उपयोग बारे विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। वहीं जिला चिकित्सा अधिकारी डॉ विनय गुप्ता ने किडनी, हार्ट सहित 25 प्रकार की विभिन्न बीमारियों से आई रिपोर्ट के अनुसार केवल उन्हीं केसों को मुख्यमंत्री रिलीफ फंड में शामिल किया गया है। जो केस एम्स या पीजीआई से फॉरवर्ड किए गए हैं।

मुख्यमंत्री रिलीफ फंड की बैठक में सीएमओ द्वारा नौ केस पुराने और कुछ नए केस बैठक रखे गए।बता दें कि 15 मार्च 2022 द्वारा प्राप्त सरकार के दिशा निर्देशों के अनुसार, "मुख्यमंत्री राहत कोष" से चिकित्सा उपचार के लिए वित्तीय सहायता देने के मामलों की जांच और अनुमोदन के लिए "जिला स्तरीय समिति" का गठन किया गया है।

'हरियाणा मुख्यमंत्री राहत कोष नियम, 1975 के तहत समय-समय पर संशोधन किया गया। बैठक के दौरान समिति द्वारा 9 मामलों की जांच की जानी है, जिनमें से 1 मामला समय-समय पर संशोधित हरियाणा मुख्यमंत्री राहत कोष नियम 1975 के अंतर्गत आता है।

समिति द्वारा जांच किये जाने वाले आवेदनों का विवरणः-

समिति द्वारा जांच किये जाने वाले आवेदनों का विवरण इस प्रकार है। बल्लभगढ़ की संजय कॉलोनी निवासी फुला देवी के किडनी के इलाज के लिए एक लाख छ्यानवे हजार छह सौ बावन रुपए, फरीदाबाद सेक्टर-7 निवासी दिल प्रसाद राय के गौचर रोग बीस हजार रुपए, फरीदाबाद पटेल नगर निवासी रिंकू देवी के स्त्री रोग के इलाज के लिए चार लाख रुपए, फरीदाबाद सेक्टर-7 निवासी नरेन्द्र सिंह के किडनी के इलाज के लिए इकीस लाख छब्बीस हजार रुपए, बल्लभगढ़ जनता कॉलोनी निवासी नीनू के दिल के इलाज के लिए चार लाख अठानवे हजार दो सौ तीस रुपए, एनआईटी पर्वतीय कॉलोनी निवासी राजू यादव के किडनी के इलाज के लिए दो लाख रुपए, और बल्लभगढ़ सेक्टर-23 निवासी ठाकुर दास डेम्ब्ला के दिल के इलाज के लिए चार लाख तरेपन हजार की धनराशि की सहायता प्रदान की गई है।

# भारत को विकसित बनाने में कारगर साबित होगी विकसित भारत संकल्प यात्रा

**टीम एक्शन इंडियां/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।**

डीसी विक्रम सिंह के कुशल मार्गदर्शन में शुक्रवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा जनसंवाद कार्यक्रमों का आयोजन गांव अटेरना में आयोजित हुआ। धर्म चौधरी ने कहा कि भारत को पूर्ण रूप से विकसित बनाने में विकसित भारत संकल्प यात्राएं बड़ी कारगर साबित होंगी। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों से ही हमारा देश पूर्ण रूप से विकसित राष्ट्र बनेगा।प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की बात पर उन्होंने सभी स्टालों का बारीकी से अवलोकन कर मोदी जी के गारंटी वाले रथ यात्रा का गर्मजोशी से स्वागत कर अधिकारियों को दिए



जरूरी निर्देश भी दिए। जिप वाइस प्रेसिडेंट ने कहा कि भारत को पूर्ण रूप से विकसित बनाने में विकसित भारत संकल्प यात्रा बड़ी कारगर साबित होगी। लोगों को दिलवाई जा रही संकल्प शपथ लोगों देश के प्रति उनके कर्तव्य का एहसास करवा रही है। उन्होंने कहा कि ड्रोन आने वाले समय में हर व्यक्ति की जरूरत बनेगा। उन्होंने कहा कि कृषि क्षेत्र में नमो ड्रोन दीदी योजना शुरू की गई है। इसके तहत ड्रोन दीदी महिलाओं को 15000 ड्रोन 80 प्रतिशत सब्सिडी पर मुहैया कराए जाएंगे। उन्होंने कहा कि ड्रोन आने वाले समय में हर व्यक्ति की जरूरत बन जाएगा। ड्रोन दीदी बनाने के लिए महिलाओं को प्रशिक्षण दिया जाएगा और ड्रोन दीदी को ड्रोन पर 80 प्रतिशत अनुदान दिया जाएगा। वहीं महानगरों में पर्यावरण संरक्षण के लिए ड्रोन की अहम भूमिका रहेगी। आने वाले समय में हर व्यक्ति की जरूरत बन जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में ही हमारा देश पूर्ण रूप से विकसित बनेगा। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी का सपना है कि जब वर्ष 2047 में देश की आजादी के 100 वर्ष पूरे हों, तब तक हमारा देश पूर्णरूप से विकसित हो, इसके लिए हम सभी का योगदान जरूरी है। हमे नागरिक होने का कर्तव्य निभाना है। बीजेपी प्रवक्ता बिजेन्द्र नेहरा ने अपने संबोधन में कहा कि देश को विकसित बनाने में सबसे बड़ी भूमिका युवा पीढ़ी है, उनको किसी भी प्रकार के नशे से दूर रहना होगा। उनमें अच्छे संस्कार होने जरूरी है। प्रधानमंत्री श्री मोदी भी कह रहे हैं उनके लिए सबसे पहले युवा, महिलाएं, खिलाड़ी और किसान है, यह प्रधानमंत्री श्री मोदी की महत्वाकांक्षी सोच है। उन्होंने कहा कि ड्रोन हर व्यक्ति की जरूरत बनेगा। प्रधानमंत्री ने अन्य योजनाओं के साथ साथ रेल और सड़कों की कनेक्टिविटी को मजबूत करने का किया है।

# स्माइल फाउंडेशन सोसाइटी ने असहाय लोगो को कंबल, दवाईया, चाय व खाद्य सामग्री दी

**समालखा 5 जनवरी ( कुलदीप सिंह )**

स्माइल फाउंडेशन सोसाइटी ने फुटपाथ पर अपना जीवन यापन करने वाले असहाय लोगो को सर्दी से थोड़ी सी राहत देने के लिए उनको कंबल,दवाईया,चाय व खाद्य सामग्री दी।इस अवसर पर स्माइल फाउण्डेशन की अध्यक्ष सुनीता सिवाच ने कहा कि दुखियों के प्रति फिक्रमंद होना चाहिए।हमें उन लोगों की देखभाल करनी चाहिए जो बीमार हों, अशक्त हों या तकलीफ में हों। यदि हमें कोई ऐसा व्यक्ति दिखाई दे जो किसी भारी बोझ को उठाने या किसी कठिन काम से जूझ रहा हो तो हमें उसका



बोझ हल्का करने के लिए आगे आना चाहिए।जो लोग कम भाग्यशाली हैं उनके लिए प्यार और देखभाल करना करुणा और सहानुभूति का एक बुनियादी पहलू है। गरीबों से प्यार करने के कारण सामाजिक न्याय, मानवीय गरिमा और इस विश्वास के सिद्धांतों में निहित हैं कि सभी व्यक्ति दयालुता और सम्मान के साथ व्यवहार करने के पात्र हैं। आप जरूरतमंद लोगों की मदद करने के लिए काम कर रहे निकटतम संगठनों को पैसा, भोजन, कपड़े, खिलौने, पुराने फर्नीचर और किताबें दान कर सकते हैं। ये दान गरीबों के दिन रोशन कर सकते हैं। उनकी इच्छाओं या चाहतों को सम्मानजनक तरीके से हासिल करने में उनकी मदद करें।इस अवसर पर सरोज जगलान,विपुल धीमान,राहुल कुमार,मुकेश संधु,पंकज शर्मा,पुनीत बतरा,संजीव मलिक,रोहित मलिक,रवींद्र,राजेश कुमार,आदि का सहयोग रहा

फास्ट न्यूज

## तीन हेड मास्टर व बोईओ का रोका वेतन

**नवादा:** बिहार शिक्षा विभाग के प्रमुख सचिव के के पाठक ने सर्व शिक्षा अभियान की बर्बाद होती किताबें से नाराज होकर विफरते हुए कहा कि किसी भी कीमत पर बच्चों के भविष्य से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं होगी। उन्होंने ये बाते शुक्रवार को नवादा के वारिसलीगंज में स्कूल के निरीक्षण के दौरान कही। शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव केशव कुमार पाठक ने कहा कि बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने वाले शिक्षक व शिक्षाविद् किसी भी सूरत में बक्से नहीं जाएंगे ।वे प्रखंड क्षेत्र के उच्च माध्यमिक विद्यालय हाजीपुर नवसृजित प्राथमिक विद्यालय अबदालपुर तथा प्राथमिक विद्यालय मोतालीफचक का निरीक्षण बाद उपस्थित शिक्षकों से ये बातें कही ।उन्होंने कहा कि राज्य सरकार शिक्षा में बेहतर सुधार को लेकर कृत संकल्पित है लगातार इस क्षेत्र में बहाली प्रक्रिया आधारभूत संरचनाओं का निर्माण व आए दिन अन्य नए तरीकों का इस्तेमाल किया जा रहा है। परंतु शिक्षा कर्मियों की अनदेखी से तमाम की जा रही प्रयासे विफल हो सकती है। ऐसी स्थिति में आप सबों को अपने कंधों पर वजन बढ़ाना होगा। पाठक हाजीपुर पंचायत स्थित उच्च माध्यमिक विद्यालय हाजीपुर के प्रधानाचार्य अजीत कुमार का तत्काल प्रभाव से वेतन बंद करते हुए बच्चों की कम उपस्थिति पर नारजगी व्यक्त की। नवमी व दशमी के छात्रों को विद्यालय में भवन की कमी रहने के कारण बगल के पंचायत भवन में शिफ्ट करने का आदेश दिया ।साथही विद्यालय के सौंदर्यीकरण को लेकर इसके बाउंड्री वॉल, मिट्टी भराई, प्रार्थना स्थल आदि को चिन्हित कर जिलाधिकारी व डीडीसी को शीघ्र ही स्वीकृति देने की बात कही।

## नए रूप में तब्दील होंगी राज्य की मंडियां : अनिल कपूर डब्बू

**हल्द्वानी:** हल्द्वानी में उत्तराखंड मंडी परिषद के अध्यक्ष अनिल कपूर डब्बू ने कहा कि नए साल में उत्तराखंड की सब्जी मंडियों को नया रूप दिया जाएगा। इसको लेकर वह जल्दी बोर्ड बैठक करने जा रहे हैं। मंडी परिषद अध्यक्ष ने शुक्रवार को बताया कि 12 जनवरी को बोर्ड बैठक रुद्रपुर मंडी परिषद के मुख्यालय में होगी। उन्होंने निर्देश जारी किए हैं कि सभी मंडियों में 100 प्रतिशत राजस्व की वसूली की जाए, ताकि किसानों के हित में कार्य किया जा सके। उन्होंने कहा कि यदि मंडियों में राजस्व की वसूली ठीक तरह से नहीं होगी, तो आने वाले समय में मंडियों को निजीकरण करने पर भी विचार किया जाएगा। देहरादून और ऋषिकेश की मंडियां जो की मुख्य सड़कों पर हैं उनको भी नया रूप देने के लिए उनके द्वारा निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य है किसानों की आय को दोगुना करना, ऐसे में मंडियों को बेहतर करना बहुत जरूरी है।

## राजकोट में 40 तेंदुए की मौजूदगी का अनुमान

**राजकोट:** राजकोट शहर और जिले में पिछले कुछ दिनों से तेंदुआ दिखने से लोगों में भय है। राजकोट शहर समेत इसके अगल-बगल के क्षेत्र जसदण, धोराजी और जेतपुर में तेंदुआ दिखाई देने की खबर मिली है। वन विभाग के अधिकारी के अनुसार राजकोट जिले में 40 तेंदुए की मौजूदगी की संभावना है। इस वजह से विभाग ने 5 अलग-अलग जगहों पर पिंजरे रखे हैं।

# 'देशवासियों की शक्ति का प्रतीक है भारतीय सेना'

## मुख्यमंत्री ने तीन दिवसीय 'नो योर आर्मी' फेस्टिवल का किया उद्घाटन, सेना के मध्य कमान में 'नो योर आर्मी' फेस्टिवल का हुआ शुभारंभ

अवलोकन

- सशकत सेना ही साकार करती है सुरक्षित और संप्रभु राष्ट्र की परिकल्पना: सीएम योगी आदित्यनाथ



**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**
मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को सेना के मध्य कमान (सूर्या कमान) में आयोजित तीन दिवसीय 'नो योर आर्मी' फेस्टिवल का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने रंगबिरंगे गुब्बारे आसमान में उड़ाकर फेस्टिवल का औपचारिक उद्घाटन किया। इस दौरान सिख रेजिमेंट के जवानों ने साहसिक पंजाबी धुनों पर अपने पारंपरिक शौर्यकला का शानदार प्रदर्शन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने यहां आयोजित प्रदर्शनी का अवलोकन किया, जिसमें सेना के साजो-सामान के साथ ही अत्याधुनिक हथियारों का प्रदर्शन किया गया। सीएम योगी ने सेना के अधिकारियों से विभिन्न हथियारों और सैन्य सामानों के बारे में जानकारी भी ली। वहीं इससे पहले मुख्यमंत्री ने फेस्टिवल के उद्घाटन समारोह को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि भारतीय सेना देश के 140 करोड़ जनता की शक्ति और साहस का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि एक सशक्त सेना ही सुरक्षित और संप्रभु राष्ट्र की परिकल्पना को साकार कर सकती है।

**सिख रेजिमेंट की शौर्यकला का प्रदर्शन देख सीएम हुए रोमांचित:** पहली बार देश की राष्ट्रीय राजधानी के बाहर आयोजित हो रहे 'नो योर आर्मी' फेस्टिवल के लिए मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री और रक्षामंत्री का विशेष रूप से धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि समारोह के लिए लखनऊ स्थित सेंट्रल कमांड को चुना जाना गर्व की बात है। यह प्रदेश के युवाओं को नजदीक से भारतीय सेना को जानने और सेना के शौर्य और पराक्रम को नजदीक से पहचानने का अवसर है। मुख्यमंत्री ने सिख रेजिमेंट के शौर्यकला प्रदर्शन को शानदार बताते हुए कहा कि ये भारत की प्राचीन कला है, जिसके जरिए हमारे पारंगत युवा आक्रांताओं को मुंहतोड़ जवाब देते थे। मंख्यमंत्री ने प्रसन्नता व्यक्त की कि प्राचीन युद्धकला को भारतीय सेना ने अपना हिस्सा बनाकर ना सिर्फ इस शौर्यकला को सम्मान दिया है, बल्कि सिख गुरुओं के त्याग और बलिदान को भारत के युवाओं के सामने रखकर सम्मान देने का कार्य किया है।

**सेना की शक्ति और पराक्रम देखने का अवसर है ये फेस्टिवल:** मुख्यमंत्री ने कहा कि 'नो योर आर्मी' फेस्टिवल के जरिए ना सिर्फ सेना के साजो-सामान और हथियारों की प्रदर्शनी को देखने का अवसर हमें मिल रहा है, बल्कि इसके जरिए सेना की शक्ति, पराक्रम और राष्ट्रभक्ति की निष्ठा को भी नजदीक से जानने समझने का अवसर मिलेगा।

### बालिकाओं के लिए भी सैनिक स्कूल शुरू करने वाला पहला राज्य है यूपी

**यह** सेना के हथियारों, उनकी कार्यशैली, और कार्य कुशलता को भी जानने का अवसर है, जिससे सामान्यत: जनता अनभिज्ञ रहती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यूपी वीरों की भूमि है। देश की सुरक्षा के लिए लड़ी गई हर लड़ाई में हमारे जवानों ने महत्वपूर्ण योगदान दिया है। देश की सुरक्षा करते हुए हमारे जवानों ने प्रदेश का गौरव बढ़ाया है। प्रदेश सरकार भी सेवारत और सेवानिवृत्त सैनिकों के हितों के लिए पूरी तरह से संकल्पबद्ध है। सरकार वीरगति प्राप्त करने वाले वीरों के परिजनों को 50 लाख की धनराशि और परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने का कार्य करती है।

**बालक ही नहीं बालिकाओं के लिए भी सैनिक स्कूल शुरू करने वाला पहला राज्य है यूपी:** सीएम योगी ने कहा कि देश आज प्रत्येक क्षेत्र में आत्मनिर्भरता के लक्ष्य को प्राप्त कर रहा है। ऐसे में सेना के लिए हथियारों और साजो-सामान के मामले में भी हम तेजी के साथ आत्मनिर्भर हो रहे हैं। उन्होंने यूपी के डिफेंस नोड और 2020 में आयोजित डिफेंस एक्सपो की भी चर्चा की। उन्होंने बताया कि देश में 100 नये सैनिक स्कूल बनाए जा रहे हैं। इनमें से यूपी में 16 सैनिक स्कूल बनाए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि वृंदावन में बालिकाओं के लिए सैनिक स्कूल प्रारंभ किया गया है।

## मुख्यमंत्री धामी ने की परिवहन विभाग की समीक्षा



**टीम एक्शन इंडिया/देहरादून**
**बस स्टेशनों** को स्वच्छ और आधुनिक सुख-सुविधाओं से युक्त बनाया जाए। दुर्घटना संभावित क्षेत्रों में क्रैश बैरियर और सड़कों के किनारे वृक्षारोपण किये जाएं। दुर्घटनाओं को रोकने के लिए वाहनों की फिटनेस टेस्टिंग का विशेष ध्यान रखा जाए। वाहन चालकों के प्रशिक्षण और मेडिकल की भी समुचित व्यवस्था की जाए। यातायात नियमों के प्रति लोगों को निरन्तर जागरूक किया जाए। रोडवेज की बसों के माध्यम से सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओं का प्रचार भी किया जाए। जन सुरक्षा की दृष्टि से पर्वतीय क्षेत्रों में पुराने वाहनों की जगह पर नये वाहनों की व्यवस्था की जाए। यह निर्देश मुख्यमंत्री ने सचिवालय में परिवहन विभाग की समीक्षा के दौरान अधिकारियों को दिये। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि उत्तराखण्ड में श्रद्धालुओं और पर्यटकों की संख्या में हर साल तेजी से वृद्धि हो रही। राज्य में जो भी नये बस स्टेशन बनाये जा रहे हैं, उनमें यात्रियों की सुविधा के दृष्टिगत व्यवस्थाओं को और सुदृढ़ बनाया जाए। सभी बस स्टेशनों पर स्वच्छता, पेयजल और अन्य मूलभूत सुविधाओं पर विशेष ध्यान दिया जाए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि अयोध्या के लिए देहरूदन, हल्द्वानी और हरिद्वार से बस सेवा को संचालित किया जाए। यह सुनिश्चित किया जाए कि वाहनों पर नम्बर प्लेट स्पष्ट दिखे, नम्बर प्लेट से छेड़खानी करने वालों पर सख्त कारवाई भी की जाए।

दिशा-निर्देश

- यातायात नियमों के प्रति जन जागरूकता के दिये निर्देश, पर्वतीय क्षेत्रों में पुराने वाहनों के स्थान पर नये वाहनों की हो व्यवस्था

## 'राज्य विकास के क्षेत्र में तेजी से प्रगति कर रहा'

शिष्टाचार भेंट

- मुख्यमंत्री से मिले प्रदेश भाजपा मीडिया प्रभारी मनवीर चौहान, विभिन्न कार्यक्रमों की दी जानकारी



**टीम एक्शन इंडिया/देहरादून**
**भारतीय** जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर सिंह चौहान ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से शिष्टाचार भेंट कर नव वर्ष की शुभकामनाएं दी। साथ ही उन्हें विभिन्न कार्यक्रमों की जानकारी दी है। मीडिया प्रभारी मनवीर चौहान ने बताया कि मुख्यमंत्री को विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत आयोजित कार्यक्रमों की जानकारी दी है। इसके अलावा केन्द्र और राज्य सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं को किस तरह से अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाया जा रहा है इस बारे में भी अवगत कराया। लोकसभा चुनाव की रणनीति को लेकर मीडिया विभाग के द्वारा आयोजित कार्यक्रमों की भी जानकारी दी है।

मनवीर चौहान ने कहा कि मुख्यमंत्री धामी का वर्ष 2023 का कार्यकाल विकास और जन हित में ऐतिहासिक निर्णय के लिए जाना जायेगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन और युवा सीएम पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में राज्य विकास के क्षेत्र में तेजी से प्रगति कर रहा है

## मीरजापुर में 15 लाख की हेरोइन बरामद, तस्कर गिरफ्तार

**मीरजापुर:** चुनार पुलिस टीम ने शुक्रवार को नगर के गेस्ट हाउस तिराहा से हेरोइन तस्कर को गिरफ्तार किया। लगभग 15 लाख रुपये कीमत की 150 ग्राम हेरोइन बरामद की गई। चुनार पुलिस ने स्टेशन रोड सराय टेकोर निवासी आकाश सोनकर को गेस्टहाउस तिराहा से गिरफ्तार किया है। उसके पास से अनुमानित कीमत लगभग 15 लाख रुपये की 150 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। पूछताछ में गिरफ्तार तस्कर ने स्वीकारा कि वह चोरी-छिपे जनपद के बाहर से थोक मात्रा में मादक पदार्थ हेरोइन लाता था।

## 'अनुसूचित जाति के लिए 29.14 करोड़ रुपये की राशि जारी'

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली सरकार जहां सभी वर्गों के कल्याण के लिए लगातार यत्नशील है, वहीं अनुसूचित जाति के कल्याण के लिए भी लगातार कार्यशील है। पंजाब सरकार द्वारा अनुसूचित जाति के लिए आशीर्वाद योजना अधीन चालू वित्त वर्ष के बजट से 29.14 करोड़ रुपये की राशि जारी की गई है। इस संबंधी अधिक जानकारी देते हुए सामाजिक न्याय, अधिकारिता एवं अल्पसंख्यक मंत्री डा. बलजीत कौर ने कहा कि इस राशि के जारी होने से अनुसूचित जाति के मार्च 2023 के 5715 लाभपात्रियों को कवर किया गया है।

## पंजाब: लम्बित इंतकाल दर्ज करने के लिए राजस्व विभाग की नवीन पहल

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान द्वारा दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए राजस्व विभाग ने 6 जनवरी (शनिवार) को छुट्टी वाले दिन पंजाब भर में विशेष कैंप लगाकर लम्बित पड़े इंतकाल दर्ज करने की नवीन मुहिम शुरू की है। यह जानकारी देते हुए पंजाब के राजस्व मंत्री ब्रम शंकर जिम्पा ने बताया कि राजस्व विभाग की सेवाएं लोगों तक सुचारू तरीके से पहुँचाने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए 6 जनवरी को छुट्टी वाले दिन पंजाब भर के राजस्व दफ्तरों में अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहेंगे और लम्बित पड़े इंतकाल दर्ज करेंगे। जिम्पा ने लोगों को इस विशेष कैंप का अधिक से अधिक लाभ लेने की अपील की है।

विशेष कैंप के दौरान सभी लम्बित इंतकाल मौके पर ही दर्ज करने के लिए अधिकारियों को पहले ही आदेश दिए जा चुके हैं, जिससे लोगों को किसी भी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े।




## मयंक श्रीवास्तव ने जनसंपर्क आयुक्त का पदभार ग्रहण किया



**टीम एक्शन इंडिया/रायपुर**
जनसंपर्क संचालनालय के नए आयुक्त सह संचालक मयंक श्रीवास्तव ने पदभार ग्रहण कर लिया है।

नवा रायपुर अटल नगर में जनसंपर्क संचालनालय में उन्होंने जनसंपर्क आयुक्त के साथ ही छत्तीसगढ़ संवाद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी का पदभार ग्रहण किया।

निवर्तमान जनसंपर्क आयुक्त दीपांशु काबरा ने श्रीवास्तव को कार्यभार सौंपकर उन्हें नवीन दायित्व के लिए बधाई और शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर जनसंपर्क संचालनालय एवं छत्तीसगढ़ संवाद के अधिकारीगण उपस्थित थे।

भर्ती परीक्षा

### 6.5 हजार परीक्षा केंद्रों में 31 लाख से ज्यादा अभ्यर्थी दे सकेंगे परीक्षा

## आरक्षी नागरिक पुलिस भर्ती के लिए योगी सरकार कर रही पुख्ता तैयारी



**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**
**आगामी** फरवरी में प्रस्तावित आरक्षी नागरिक पुलिस भर्ती परीक्षा 2023 के लिए योगी सरकार पुख्ता तैयारियों में जुट गई है। सीएम योगी के निर्देश पर उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड ने परीक्षा केंद्रों के साथ उनकी क्षमता के निर्धारण की प्रक्रिया शुरू कर दी है। प्रस्ताव के तहत सरकार करीब 6.5 हजार परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा का आयोजन कर सकती है। इन परीक्षा केंद्रों की कुल क्षमता 31.75 लाख से भी ज्यादा होगी। परीक्षा केंद्रों का चयन आधारभूत मानकों पर किया जाएगा। साथ ही परीक्षा भवन संबंधी मानकों पर खरे उतरने वाले केंद्रों को ही अंतिम सूची में शामिल किया गया है। उल्लेखनीय है कि योगी सरकार ने हाल ही में 60 हजार से अधिक पदों के लिए आरक्षी नागरिक पुलिस भर्ती परीक्षा 2023 का नोटिफिकेशन जारी किया है। 18 फरवरी को परीक्षा प्रस्तावित है।

**जोन और कमिश्नरेट में परीक्षा केंद्रों का प्रस्ताव:** उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा परीक्षा केंद्रों के निर्धारण की प्रक्रिया में कुल 6484 परीक्षा केंद्र प्रस्तावित किए गए हैं, जिनकी कुल क्षमता 31.75 लाख से अधिक है।

जोन में 4844 तो कमिश्नरेट में 1640 परीक्षा केंद्र प्रस्तावित किए गए हैं। जोन की बात करें तो सर्वाधिक 832 परीक्षा केंद्र लखनऊ में होंगे, जिनकी कुल क्षमता 4 लाख से ज्यादा है। बरेली में 741 परीक्षा केंद्र (कुल क्षमता 3.43 लाख से अधिक), गोरखपुर में 699 (कुल क्षमता 3.49 लाख से अधिक), वाराणसी में 647 (कुल क्षमता 3.47 लाख से अधिक), आगरा में 540 (कुल क्षमता2.61 लाख से अधिक), कानपुर नगर में 527 (कुल क्षमता 2.31 लाख से अधिक),मेरठ में 464 (कुल क्षमता 2.39 लाख से अधिक) और प्रयागराज में 394 (कुल क्षमता 1.94 लाख से अधिक) परीक्षा केंद्र प्रस्तावित हैं।